


दैनिक

# प्रतिदिन राजधानी

आम आदमी का खास अखबार

संस्थापक-स्व. श्री रामचंद नचरानी | प्रधान संपादक - शांति देवी नचरानी | वर्ष : 25 | अंक : 74 | रायपुर, शनिवार, 22 मार्च 2025 | पृष्ठ : 12 | मूल्य ` 2.00

E-mail pratidincg@gmail.com E-paper https://epaper.pratidinrajdhani.in WhatsApp +91 62629 04444





3 महापौर मीनल चौबे और ...

शहनाज गिल के रवैये से ... 6



CHHATTISGARH PUBLIC SCHOOL RAIPUR (C.G.)

CPS KIDS ACADEMY

PLAY GROUP TO CLASS V (CPS GROUP OF SCHOOLS)

ADMISSION OPEN

A New world of Childhood care and Wisdom committed to Excellence in Education

50% off in Admission fee

LIMITED SEATS

+91 9981977444

Mahesh Colony, Infront of old Akash Gas Godown, Gudhiyari, Shrinagar, Raipur




# राज्यसभा में बोले अमित शाह - आतंकवाद नक्सलवाद और उग्रवाद नासूर

### पिछली सरकारों की विरासत थी, इन 10 साल में बहुत कुछ बदला

एजेंसी, नई दिल्ली

बजट सत्र के आठवें दिन शुक्रवार को गृहमंत्री अमित शाह ने गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा के दौरान विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद, नक्सलवाद और पूर्वोत्तर में उग्रवाद पिछली सरकारों की विरासत थी, लेकिन बीते 10 वर्षों में इसमें बड़ा बदलाव आया है।

गृहमंत्री शाह ने कहा कि 2014 से पहले देश में आतंकी घटनाएं चरम पर थीं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में इन घटनाओं में 70फीसदी तक की कमी आई। उन्होंने दावा किया कि सरकार की कड़ी नीतियों के चलते आतंकियों की कमर टूट चुकी है। गृह मंत्री शाह ने कहा कि 2019 में आर्टिकल 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में बड़ा बदलाव आया। वहां पहली बार जी-20 बैठक सफलतापूर्वक आयोजित हुई और बिना किसी हिंसा के चुनाव कराए गए। उन्होंने कहा कि 33 सालों तक वहां सिनेमाघर बंद रहे,



लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है।

#### नक्सलवाद और उग्रवाद पर सरकार की सख्ती

गृह मंत्री ने कहा कि पूर्वोत्तर में उग्रवाद की घटनाओं में भी भारी कमी आई है। वहीं, नक्सलवाद पर काबू पाने के लिए सुरक्षा बल लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बीते एक दशक में देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार ने कई अहम कदम उठाए हैं। अमित शाह ने आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद पर सरकार की सख्त नीतियों को रेखांकित किया और कहा कि बीते 10 वर्षों में देश की सुरक्षा व्यवस्था में बड़ा सुधार हुआ है।

#### चश्मा पहने लोगों को विकास नहीं दिखेगा

गृहमंत्री शाह ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग विकास को देखने के लिए तैयार ही नहीं हैं। उन्होंने कहा, हिसाब उन्हें दिया जाता है, जिनकी नजरें साफ होती हैं। जो काला चश्मा पहनकर आंखें मूंद लेते हैं, उन्हें विकास कभी नहीं दिखेगा। शाह ने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि हमारे कुछ नेता कश्मीर यात्रा पर गए और वहां आतंकवादियों को दूर से देखने का दावा किया। उन्होंने कहा, हम आतंकवादियों को दूर से देखते नहीं, बल्कि उनकी आंखों के बीच में गोली मारते हैं। हमारी सरकार न आतंकवाद को सह सकती है और न ही आतंकवादियों को।

## सार समाचार

### पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

**नगरी।** नगरी ब्लॉक के पंचायत सचिव शासकीयकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे हैं। हड़ताल के चौथे दिन भी सचिवों का प्रदर्शन जारी रहा, जहां रावण भाटा मैदान में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। सचिवों ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री, विधानसभा अध्यक्ष और उपमुख्यमंत्री ने उनके शासकीयकरण का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस संबंध में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

पंचायत सचिव संगठन का कहना है कि सरकार ने समिति गठित कर शासकीयकरण की रिपोर्ट प्रस्तुत करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक कोई प्रतिवेदन पेश नहीं किया गया और न ही बजट में इसका जिक्र किया गया। इसी वादाखिलाफी से नाराज सचिवों ने पहले 17 मार्च को रायपुर में विधानसभा घेराव किया और 18 मार्च से अपने-अपने ब्लॉक में धरना प्रदर्शन करते हुए अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। सचिवों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा और आने वाले दिनों में इसे और उग्र किया जाएगा।

### नागपुर हिंसा की एनआईए करेगी जांच

**नागपुर।** नागपुर हिंसा मामले में अब राष्ट्रीय जांच एजेंसी की एंट्री हुई है। नेशनल जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारी आज छत्रपति संभाजीनगर में औरंगजेब की कब्र का दौरा किया। NIA की टीम औरंगजेब की कब्र और उसके आसपास के इलाके का निरीक्षण किया। वहां अधिकारियों ने लोकल लोगों से बात कर जानकारी इकट्ठा की। बांग्लादेशी कनेक्शन सामने आने के बाद एनआईए इस मामले में जल्द ही केस दर्ज कर जांच शुरू कर सकती है।

बता दें कि औरंगजेब की कब्र हटाने और धार्मिक अयातें वाली चादर जलाने की अफवाह के बाद 17 मार्च को नागपुर में हिंसा भड़क गई थी। उपद्रवियों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ की और कुछ घरों पर हमला भी किया था। इसमें डीसीपी समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। जबकि उपद्रवियों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ की, पेट्रोल बम फेंके, पथराव किया और कुछ घरों पर हमला किया था।

इस मामले में 10 एफआईआर दर्ज की गई थीं। मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत 100 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। वहीं 34 से अधिक सोशल मीडिया एकाउंट को बैन किया है।

हिंसा के मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान को पुलिस ने बुधवार (19 मार्च) को गिरफ्तार किया था। इसे कोर्ट ने 21 मार्च तक की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। उस पर 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा करने और हिंसा को बढ़ावा देने का आरोप है।

## छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक सदन में पारित

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

**विधानसभा में चर्चा के बाद छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) संशोधन विधेयक 2025 सदन में पारित हुआ. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण अटल बिहाई बाजपेयी ने जिस उद्देश्य से किया था उसे भाजपा की सरकार ने साकार किया है. आज वर्तमान में कुल 17 निजी विश्वविद्यालय खुल गए है. बीते पांच साल में पिछली सरकार ने युवाओं के सपनों को अंधेरे में धकेलने का काम किया था.**

सीएम साय ने कहा, छत्तीसगढ़ को विकासशील राज्य से विकसित राज्य बनाने के लिए शिक्षा की गुणवत्ता सबसे जरूरी है. शिक्षा की पहुंच दुरस्त अंचलों तक ले जाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है. कोहका दुर्ग में रूंगटा स्किल निजी विश्वविद्यालय शुरू किया जाना प्रस्तावित है. राज्य में युवाओं को कौशल युक्त शिक्षा दिया जाएगा. छात्रों को बेहतर करियर विकल्प मिलेगा. राज्य के सकल प्रवेश अनुपात बढ़ाने यह विश्वविद्यालय महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा. यह 18 निजी



विश्वविद्यालय होगा. निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग ने भी इस नए विश्वविद्यालय खोलने की अनुशंसा की है.

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा, कांग्रेस सरकार के दौरान लाए गए निजी विश्वविद्यालय के कानून को सर्वोच्च न्यायालय ने अमान्य कर दिया था. उस वक्त ऐसे-ऐसे कुलपति थे जो लूना में चलते थे. पंचर की दुकान में पंचर बनाते खड़े रहते थे और उनकी गाड़ी में कुलपति लिखा होता था. छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय क़ानून इसी विधानसभा से निकला और देश के दूसरे राज्यों ने भी उसी क़ानून के आलोक में क़ानून बनाए थे. मैं उच्च शिक्षा मंत्री था तब मैंने जीआर पूछा तब विभाग को मालूम नहीं था. भाजपा के 15 सालों में कितने निजी विश्वविद्यालय बने इसे मैं आज ख़ुद नहीं गिन सकता।

## दिल्ली हाईकोर्ट के जज के बंगले पर मिले 15 करोड़ कैश

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट के एक जज के आवासीय बंगले में आग लगने की घटना ने न्यायिक क्षेत्र में हलचल मचा दी है. इस आगजनी के दौरान जज के घर से बड़ी मात्रा में नकद राशि बरामद की गई. सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस यशवंत वर्मा के तबादले की सिफारिश की है. चीफ जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता में तीन वरिष्ठ जजों के कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को उनके मूल इलाहाबाद हाईकोर्ट, वापस भेजने की सिफारिश की है. सूत्रों के अनुसार, जब आग बुझाने वाली टीम वहां पहुंची, तो उन्हें जज के सरकारी बंगले में भारी मात्रा में नकद राशि मिली. दिल्ली हाईकोर्ट ने अर्जी खारिज करते हुए, कहा-'सक्षम महिलाओं को पति से अंतरिम गुजारा भत्ता नहीं मांगना चाहिए'

मामले से संबंधित जानकारी के अनुसार, हाल ही में जस्टिस यशवंत वर्मा के निवास पर आग लग गई थी, जबकि उस समय जज घर पर उपस्थित नहीं थे. उनके परिवार ने फायर ब्रिगेड और




पुलिस को सूचित किया. आग बुझाने के बाद, जब नुकसान का आकलन किया गया, तो कर्मचारियों को एक कमरे में बड़ी मात्रा में नकद मिला. यह सूचना पुलिस के उच्च अधिकारियों तक पहुंची, जिन्होंने इसे केंद्रीय गृह मंत्रालय को भी बताया. इस मामले की जानकारी मिलने के बाद, CJI संजीव खन्ना की अध्यक्षता में सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने जस्टिस वर्मा को पुनः इलाहाबाद हाईकोर्ट में स्थानांतरित करने का निर्णय लिया है.

#### इलाहाबाद हाई कोर्ट वापस जाएंगे

सूत्रों के अनुसार, जब आग लगी, तब जस्टिस वर्मा शहर में उपस्थित नहीं थे. उनके परिवार के सदस्यों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस को सूचित किया. आग बुझाने के बाद, दमकल कर्मियों ने बंगले के कमरों में बड़ी मात्रा में नकदी पाई. इसके बाद, रिकॉर्ड बुक में बेहिसाब नकदी के मिलने का आधिकारिक विवरण दर्ज किया गया. CJI को इस घटना की जानकारी दी गई, जिसके बाद कॉलेजियम की बैठक में सबसे पहले उन्हें इलाहाबाद भेजने की सिफारिश की गई.

## राजस्व निरीक्षक पदोन्नति परीक्षा की जांच करेगी ईओडब्ल्यू



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

पटवारी राजस्व निरीक्षक पदोन्नति विभागीय परीक्षा 2024 में गड़बड़ी की शिकायत की जांच अब आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) करेगी. यह भी पढ़ें : ङ्ग पर कंटेट ब्लॉक कर रहे हैं सरकारी अधिकारी!, ङ्घञ्ज एक्ट के दुरुपयोग पर कोर्ट पहुंची श्वद्यशद्व स्न्ह्वद्यद्म की कंपनीज

शिकायत के मुताबिक, पदोन्नति परीक्षा में 22 सगे-संबंधियों को आसपास रोल नंबर आवंटित कर परीक्षा में बिठाया गया था. संबंधियों में पति-पत्नी और साली भी शामिल बताए गए थे. परीक्षार्थी सचिव राजस्व निरीक्षक के पद पर पदोन्नति होकर चयनित भी हुए.

इस मामले में राज्य शासन की ओर से जांच समिति का 23 अगस्त 2024 को गठन हुआ था. इसके बाद अब राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को पत्र लिखा गया है।

## आंधी-बारिश से ढही राइस मिल की दीवार 2 की मौत, कोरबा में 8 मजदूर चपेट में आए



कोरबा (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है. कोरबा जिले में तेज आंधी और बारिश से दीवार गिरने से दो मजदूरों की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं 6 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं. यह घटना कटघोरा के ग्राम लखनपुर बरभाटा स्थित न्यू वैष्णवी राईस मिल की है। मलबे में और मजदूरों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है।

घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा पुलिस पहुंची मौके पर पहुंची. घायलों को डायल 112 की मदद से कटघोरा अस्पताल पहुंचाया गया. घटना स्थल पर रेस्क्यू कार्य जारी है. पुलिस गिरे हुए दीवार के मलबे में दबे हुए एक मजदूर के शव को निकालने में जुटी है।

कटघोरा थाना प्रभारी धर्म नारायण तिवारी ने बताया कि घटना की सूचना पर मौके पर पुलिस की टीम पहुंची है. पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

इधर सरगुजा संभाग में तेज आंधी के साथ बारिश हो रही है. वहीं बलरामपुर जिले में बारिश के साथ ओलावृष्टि हो रही है. साथ ही संभाग के सूरजपुर, कोरिया समेत अन्य जिले में तेज आंधी के साथ करीब आधे घंटे तक बारिश हुई. बारिश के कारण लोगों को गर्मी से राहत मिली है।

### तीसरी आंख




## ओवर स्पीड में बाइक सवार दंपत्ती से भिड़े राइडर्स, 3 की मौत

बालोद (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ में आज तेज रफ्तार के चलते डेढ़ साल के मासूम समेत 3 लोगों की मौत हो गई. 4 बाइक पर सवार 8 लोग तेज रफ्तार में स्टंट करते हुए बालोद से धमतरी की तरफ जा रहे थे. इसी दौरान सामने से आरहे 2 बाइकों के साथ उनकी भिड़ंत हो गई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा. पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक, सभी बाइकर्स बालोद से धमतरी की ओर तेज रफ्तार में जा रहे थे, इसी दौरान एक दंपत्ति अपने डेढ़ साल के बच्चे के साथ सामने की तरफ से बाइक पर आ रहे थे, जिनसे तेज रफ्तार में जा रहे बाइकर्स जा टकराए. इसके बाद एक और बाइक से टकराए जिसमें 2 ग्रामीण सवार थे. इस हादसे में



मासूम बच्चे की मौत हो गई और दंपत्ति गंभीर रूप से घायल हो गए. इसके अलवा दूसरी बाइक पर सवार दोनों ग्रामीणों की भी मौत हो गई. वहीं स्टंट कर रहे 3 बाइकर्स को भी गंभीर चोट आई है. यानी कुल 3 लोगों की मौत और 5 लोग घायल हो गए।

यह पूरा हादसा केवल तेज रफ्तार और स्टंट करने के चलते हुआ, जिसकी कीमत बेगुनाह अलग-अलग परिवारों को अपनों को खो कर चुकाना पड़ा. फिलहाल मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है. पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### छत्तीसगढ़ विधानसभा बजट सत्र का अंतिम दिन

## धान खरीदी पर हंगामा



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

प्रदेश में हुई धान खरीदी में गड़बड़ी को लेकर विपक्ष ने विधानसभा में स्थगन प्रस्ताव लाया। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, भूपेश बघेल, उमेश पटेल, विक्रम मंडावी समेत अन्य सदस्यों ने कहा कि सरकार धान खरीदी पर गलत आंकड़े पेश कर रही है। प्रदेश में 110 लाख मीट्रिक टन धान का उत्पादन हुआ और 149 लाख मीट्रिक टन की खरीदी हो गई। विपक्ष ने इसमें 13हजार करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हुए इस पर चर्चा कराने की मांग की। विपक्ष के स्थगन को स्पीकर डॉ रमन सिंह ने यह कहते हुए खारिज कर दिया कि इस विषय पर पूर्व में सदन में चर्चा हो गई है। इससे नाराज़ होकर विपक्ष के सभी सदस्यों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

## डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दी अवैध प्रवासियों को धमकी

एजेंसी, नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर से अवैध प्रवासियों को धमकी दी है। ट्रंप ने कहा कि खुद से अमेरिका छोड़ दो वरना हम तुम्हें धक्के मारकर निकाल कर फेक देंगे। दरअसल CBP होम ऐप लॉन्च करने की घोषणा के दौरान ये धमकी दी।



बता दें कि राष्ट्रपति बनने के बाद से ही ट्रंप लगातार अवैध प्रवासियों पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। इसी बीच उन्होंने एक बड़ा ऐलान किया है। ट्रंप ने गुरुवार को CBP होम ऐप लॉन्च करने की घोषणा करते हुए कहा कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जो संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध रूप से रहने वाले व्यक्तियों को स्वेच्छा से देश छोड़ने की अनुमति देगा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा, 'हमारे देश में अवैध रूप से रहने वाले लोग या तो आसान तरीके से स्वेच्छा से निर्वासन चुन सकते हैं या फिर उन्हें कठिन तरीके से निर्वासित किया जाएगा, जो सुखद नहीं होगा. बाइडेन प्रशासन ने CBP वन ऐप का उपयोग करके 10 लाख से अधिक अवैध प्रवासियों को अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति दी। अब मेरा प्रशासन हमारे देश में अवैध रूप से रह रहे लोगों को स्वेच्छा से देश छोड़ने का एक आसान तरीका देने के लिए CBP होम ऐप लॉन्च कर रहा है।

उन्होंने आगे कहा, अगर वे स्वेच्छा से देश छोड़ते हैं तो भविष्य में किसी समय उन्हें कानूनी रूप से वापस लौटने का अवसर मिल सकता है। यदि वे इस अवसर का लाभ नहीं उठाते, तो उन्हें खोजकर निर्वासित कर दिया जाएगा और दोबारा कभी भी संयुक्त राज्य अमेरिका में प्रवेश करने की अनुमति नहीं मिलेगी। आप फिर कभी अंदर नहीं आ पाएंगे।

ट्रंप ने यह भी बताया कि CBP होम ऐप के माध्यम से स्वैच्छिक निर्वासन से सरकारी संसाधनों की बचत हो सकती है। उन्होंने कहा कि यह ऐप अब सभी मोबाइल ऐप स्टोर्स पर मुफ्त में उपलब्ध है।

प्रतिदिन राजधानी

शनिवार, 22 मार्च 2025

## न्यायालय तहसीलदार, आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)

–: ईश्तहार :–

रा.प्र.क्र. 202501112500079 अ/6 वर्ष 2024-25 आरंग, दिनांक ........ ग्राम आरंग प.ह.नं. 29

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक जनक लाल साहू पिता स्व. श्री अशोक साहू निवासी वार्ड नं. 06 नया वार्ड नं. 09 बरगुडी पारा आरंग, तहसील आरंग, जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम आरंग प.ह.नं. 29 रा.नि.मं. आरंग स्थित भूमि खसरा नं. 3589/57 का भाग रकबा 1300 वर्गफुट भूमि खातेदार आकाश गोन्दुडे पिता लोकनाथ गोन्दुडे वगैरह के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। हक त्यागकर्तागण द्वारा पंजीकृत बैनामा दिनांक 15/01/2025 Book No- 1 Volume No. 4527 Pages 426 To 442 With Document No.CG-2024-25-104-1-3004 को आवेदक के नाम पर पारिवारिक व्यवस्था के अनुसार हक त्याग किया गया है। हक त्याग के आधार पर आवेदक का नाम आवेदित भूमि पर दर्ज करने हेतु प्रकरण भूईया से दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 20.03.2025 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 07.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
आरंग

## शपथ पत्र

मैं शपथकर्ता श्री चन्द्रकांत यादव पिता श्री धनसाय यादव निवासी 07 सरकडा फिंगेश्वर सरकडा गरियाबंद छ.ग. का रहने वाला हूँ। जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूं कि:–

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य व सही है।

2. यह कि मेरे पुत्र धरांश यादव का जन्म दिनांक 15/12/2023 को हो चुका है व मेरे पुत्र का जन्म गौरी आई व्ही एफ सेन्टर रायपुर छ.ग. में हो चुका है जन्म उपरांत जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया है।

3. यह कि मेरे पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र में मेरे पुत्र का नाम धनराज यादव दर्ज अंकित है। जो कि गलत व भूलवश दर्ज अंकित है। पता फिंगेश्वर सरकडा छुरा गरियाबंद गलत दर्ज है।

4. यह कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र में धनराज यादव दर्ज अंकित है उसे सुधारकर धरांश यादव दर्ज अंकित किया जावे व नया जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जावे जिस पर महोदय का जो भी नियम व शर्तें होगा मान्य है शपथ पत्र प्रस्तुत है। सही पता फिंगेश्वर सरकड़ा राजिम गरियाबंद छ.ग. दर्ज किया जावे।

सत्यापन :–

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र कि कंडिका 01 से 04 तक कि सभी बातें सत्य व सही है अपना हस्ताक्षर कर दिया जा रहा हूँ।

शपथकर्ता
श्री चन्द्रकांत यादव

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)

ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./19271/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 21.03.2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 19271
वार्ड का नाम – 68-खूबचंद बघेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567B00248 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती K.G. Kosta पिता/पति श्री/श्रीमती H.D. Kosta के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती ANJANA NAYAK पिता/पति श्री/श्रीमती ASHOK KUMAR NAYAK ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)

ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./19269/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 21.03.2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 19269
वार्ड का नाम – 68-खूबचंद बघेल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 68 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR567I00441 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BHUPENDRA KUMAR DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती RAMESHWAR DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती JYOTI CHIMNANI पिता/पति श्री/श्रीमती PARAS CHIMNANI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)

ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./19277/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 21.03.2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 19277
वार्ड का नाम – 67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663F00223 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती CHHATTISGARH PROJECT PVT. LTD. पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती NAINEESH SHRISHRIMAL पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. PREMCHAND SHRISHRIMAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)

ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./19276/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 21.03.2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 19276
वार्ड का नाम – 67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663F00225 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती CHHATTISGARH PROJECT PVT. LTD. पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती NIKHIL SHRISHRIMAL पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. PREMCHAND SHRISHRIMAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)

ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./19274/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 21.03.2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 19274
वार्ड का नाम – 67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663FFBCT4 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती M/S A. N. DEVELOPERS ABHISHEK FATNANI पिता/पति श्री/श्रीमती RAVISHANKAR FATNANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती RAJ RANI BANSAL पिता/पति श्री/श्रीमती PANNA LAL BANSAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर, (जोन क्र. 5)

ईदगाह भाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID -rmczone5@gmail.com

पत्र क्र./19275/न.पा.नि./जोन क्र.- 5/2025
रायपुर, दिनांक 21.03.2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र. क्र. 19275
वार्ड का नाम – 67-भक्तमाता कर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 67 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR663FFBCT5 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती M/S A. N. DEVELOPERS ABHISHEK FATNANI पिता/पति श्री/श्रीमती RAVISHANKAR FATNANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/ श्रीमती RAJ RANI BANSAL पिता/पति श्री/श्रीमती PANNA LAL BANSAL ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह. पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रमांक 5
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)

मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./19247/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19247
वार्ड का नाम -2- पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802K01523 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SARITA YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती DAULAT YADAV के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती sadhana tiwari pastor पिता/पति श्री/श्रीमती vikash sharma ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 8)

मोहबा बाजार, रायपुर
Email ID-rmczone8@gmail.com

पत्र क्र./19266/न.पा.नि./ जोन क्र.-8/2025
रायपुर, दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19266
वार्ड का नाम -2- पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 2 स्थित भवन /भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802H00006 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Vinod Sharma पिता/पति श्री/श्रीमती Tarachand के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SHALU JAGDEV पिता/पति श्री/श्रीमती SANDEEP JAGDEV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा /आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आदित्य कुमार हालदार
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 8
नगर पालिक निगम, रायपुर(छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 02)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह, रायपुर
Email ID-rmczone2@gmail.com

पत्र क्रं. / 19235/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 2/2025
रायपुर दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19235
वार्ड का नाम–13 – राजीव गांधी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 13 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR222B00327 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MR. N. NARAYANA RAO पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 01. कोला वेंकट रमणा राव 02. कोला गोविन्दा राजू पिता/पति श्री/श्रीमती पिता कोला लोकनाथ राव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ अपंजीकृत वसीयत नामा / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री आर.के. डोंगरे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 2
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 04)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. / 19233/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2025
रायपुर दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19233
वार्ड का नाम–47– सिविल लाईन वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 47 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR342F00378 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KUNJI LAL ISAI पिता/पति श्री/श्रीमती .. के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती जॉन राबिंसन पिता / पति श्री/श्रीमती पिता स्व. कुंजी लाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ shapath patr, adhar card, mrityu praman patr, old ragistri / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 4
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 04)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. / 19236/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2025
रायपुर दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19236
वार्ड का नाम–57– पं. भगवतीचरण शुक्ल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 57 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR448F00276 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ANAND SABASTIAN पिता/पति श्री/श्रीमती RAJESH SABASTIAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती मोहम्मद इकबाल पिता / पति श्री/श्रीमती पिता एम.एम. खान ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ मलमा बिक्रीनामा / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 4
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.- 04)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID-rmczone4@gmail.com

पत्र क्रं. / 19229/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 4/2025
रायपुर दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19229
वार्ड का नाम–47– सिविल लाईन वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 47 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR342F00378 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KUNJI LAL ISAI पिता/पति श्री/श्रीमती ... के नाम से दर्ज है जिसको श्री /श्रीमती श्रीमती बीना जॉन पिता / पति श्री/श्रीमती पति स्व. जसवंत जॉन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ shapath patr, adhar card, mrityu praman patr, old ragistri/ वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्र. 4
नगर पालिक निगम, रायपुर छ.ग.

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 19256/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19256
वार्ड का नाम - 51 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328Y0026A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHIMON HURA पिता/पति श्री/श्रीमती AMARPAL HURA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती रिबिका कुम्भार पिता/पति श्री/श्रीमती भक्ता बन्धु कुम्भार ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 19251/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19251
वार्ड का नाम - 51 - पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 51 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328W00346 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AMAL SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती AISHWARYA KUMAR SHARMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती उर्वशी सिंह पिता/पति श्री/श्रीमती धरम वीर सिंह ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# राज्यपाल डेका ने विश्व योग प्रतियोगिता के लिए चयनित प्रतिभागियों को 50 हजार की सहायता राशि दी



**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने विश्व योग प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए छत्तीसगढ़ के प्रतिभागियों को 50 हजार रूपए की सहायता राशि प्रदान की है।

ये प्रतिभागी आगामी अप्रैल माह में मलेशिया में आयोजित होने वाली 16वीं विश्व योग प्रतियोगिता में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। छत्तीसगढ़ के प्रतिभागी खिलाड़ी सुश्री साक्षी वर्मा और श्री विभांशु बंजारे और उनके योग प्रशिक्षक श्री नमेश कुमार साहू ने आज राजभवन में राज्यपाल श्री डेका से मुलाकात की। श्री डेका ने प्रत्येक प्रतिभागी के लिए 25-25 हजार रूपये की अनुदान राशि स्वीकृत की और उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं दी।

## कार्यालय, कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग दुर्ग (छ.ग.)

संक्षिप्त मैन्युअल निविदा सूचना क्रमांक–26

ज्ञा.कं. 684 / व.ले.लि./ ग्रा.यां.से. /2024-25 दुर्ग, दिनांक 20/03/2025

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में परिवहन सुदृढ़ीकरण हेतु पार्किंग के लिए सीमा के बाहर फुटपाथ टाईल्स कार्य | 12.75 |
| 2 | केन्द्रीय विद्यालय दुर्ग में शैक्षणिक संस्था सुदृढ़ीकरण हेतु सायकल शेड निर्माण कार्य | 10.26 |
| 3 | अगनिशमन एवं आपातकालीन सेवा केन्द्र सड़क सुरक्षा हेतु जिला सेनानी नगर सेवा में सी.सी. रोड निर्माण दुर्ग | 19.70 |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://res.cg.gov.in में अथवा कार्यालयीन अवधि में दिनांक 20/03/2025 से देखी जा सकती है एवं ऑनलाईन निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि दिनांक 29/03/2025 है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दुर्ग

G-242506085/4

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 19244/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19244
वार्ड का नाम - 32 - महर्षि वाल्मिकी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 32 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328P00125 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JITENDRA GULANI (H.U.F.) पिता/पति श्री/श्रीमती GIRDHAR GULANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती शीतलानंद तिवारी पिता/पति श्री/श्रीमती रामकरण तिवारी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 19245/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19245
वार्ड का नाम - 32 - महर्षि वाल्मिकी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 32 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328M00125 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAJANI PANDEY W/O ASHOK KUMAR PANDEY, ASHOK KUMAR PANDEY S/O LATE GANESH KUMAR PANDEY पिता/पति श्री/श्रीमती RAJANI PANDEY W/O ASHOK KUMAR PANDEY, ASHOK KUMAR PANDEY S/O LATE GANESH KUMAR PANDEY के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती सोनम कुकरेजा पिता/पति श्री/श्रीमती नरेश कुकरेजा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्रं.9)

पुलिस थाना के पास, दुबे कॉलोनी, मोवा, रायपुर
ई-मेल:- rmczone9@gmail.com

पत्र क्रं. / 19249/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 9/2025
रायपुर दिनांक 21/03/2025

### इश्तिहार

नामांतरण प्र.क्र. 19249
वार्ड का नाम - 32 - महर्षि वाल्मिकी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 32 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR328I00140 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KRISHNA MURARI AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती SUBHASH AGRAWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती संतोष कुमार पिता/पति श्री/श्रीमती आनंदराम दलहानी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्र.9
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जोन को मिला ईट राईट स्टेशन का एक और सर्टिफिकेट

**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर/ बिलासपुर**

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग रेलवे स्टेशनों को 卐ईट राईट स्टेशन卐 से प्रमाणित किया गया है । इसी श्रेणी में अब गोंदिया रेलवे स्टेशन भी सम्मिलित हो चुका है । इसके पहले बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग को नवम्बर, 2024 में ये सर्टिफिकेट मिल चुका है । यह उपलब्धि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग और परिवार कल्याण मंत्रालय के भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के बीच सहयोगात्मक प्रयास का परिणाम है । ईट राईट स्टेशन प्रमाणन अपने संरक्षकों के लिए खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता के उच्चतम मानकों को सुनिश्चित करने के प्रति गोंदिया रेलवे स्टेशन के समर्पण का एक प्रमाण है । इस पहल के क्रियान्वयन की निगरानी दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा की गयी है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है ।



**यह खुबियां पायी गयी:–**

खाद्य लाईसेंस अनुपालन:– गोंदिया रेलवे स्टेशन के सभी खाद्य स्टॉलों ने अपेक्षित खाद्य लाईसेंस प्राप्त कर लिया है । यह गारंटी देते हुए कि विक्रेता खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के उच्चतम मानकों को पूरा करते है ।

**विक्रेता स्वास्थ्य आश्वासन:–** प्रत्येक विक्रेता को भोजन विक्रय करने के लिए अपनी चिकित्सीय स्वास्थ्य को सत्यापित करने के लिए एक व्यापक चिकित्सा परीक्षण से गुजरना पड़ा है ।

**प्रशिक्षण:–** सभी विक्रेताओं को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (स्न्नस्स्न्ढ्ठ) के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता में व्यापक प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है ।

**ऑडिट:–** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (स्न्नस्स्न्ढ्ठ) के द्वारा मान्यता प्राप्त ऑडिट संस्था द्वारा गोंदिया स्टेशन को ऑडिट के चरणों से गुजरकर ईट राईट स्टेशन से प्रमाणित हुआ है ।

**जल शुद्धता:** – भोजन तैयार करने में उपयोग किये जाने वाले पानी की शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए केन्द्रीय चिकित्सालय में स्थित लैब में जीवाणु एवं रसायनिक जल विश्लेषण किया जाता है ।

इस प्रयास में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के चिकित्सा विभाग के खाद्य सुरक्षा प्रशासन के द्वारा यह उपलब्धि प्राप्त करने के लिए उपरोक्त सभी मापदंडों की पूर्ति की गयी । इस सभी उपक्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक महोदय एवं प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक महोदय का सुयोग्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ ।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रेल यात्रियों को उच्च गुणवत्ता वाला खानपान उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास करता है । इसके तहत रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में स्वच्छ, पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन प्रदान करने के लिए कई कदम उठाए जाते हैं ।

# आईटीएफ जूनियर जे-30 इंटरनेशनल जूनियर रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन





**प्रतिदिन राजधानी, रायपुर**

इंटरनेशनल टेनिस फेडरेशन एवं ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन के तत्वाधान मे छ्ग प्रदेश टेनिस संघ द्वारा आईटीएफ जूनियर जे–30 इंटरनेशनल जूनियर रेंकिंग टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन न्यू इंटरनेशनल टेनिस स्टेडियम कृषक नगर जोरा में किया जाएगा। टूर्नामेंट को लेकर छत्तीसगढ़ टेनिस संघ के महासचिव एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर गुरुचरण सिंह होरा ने बताया कि टूर्नामेंट के क्वालीफायिंग राउंड के साइन इन आज सम्पन्न हुए, क्वालीफायिंग ड्रा के मेचेस शनिवार प्रातः 10 बजे से खेले जाएंगे। वही मेन ड्रा के साइन इन रविवार को एवं मेचेस सोमवार से प्रारम्भ होंगे। टूर्नामेंट को सुचारु रूप से संपन्न कराने आई टी एफ सुप्रवायजर के रूप मे ओड़िसा के प्रबिन नायक व्हाइट बेज रेफरी आये हुए हैं टूर्नामेंट कोरडीनेटर रूपेंद्र सिंग चौहान हैं।

# नए विधायकों के जमीन आवंटन का मुद्दा सदन में उठा

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के सत्रहवें और अंतिम दिन प्रश्नकाल में नए विधायकों को राजधानी में जमीन आवंटन का मामला विधायक धर्मजीत सिंह और राजेश मूणत ने उठाया. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि अभी जमीन चिन्हांकन की कार्रवाई हो रही है. नवा रायपुर में नकटी गांव में जमीन देने का विचार चल रहा है. आवंटन के लिए अभी अंतिम निर्णय बाकी है. विधायक धर्मजीत सिंह ने विषय उठाते हुए कहा कि नए विधायकों को राजधानी में रहने की व्यवस्था नहीं है. मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मामला संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप और अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की जानकारी में है. हम जल्द ही इस मामले में कार्रवाई करेंगे.



विधायक उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले के एनएच 200 में भू-अर्जन और मुआवजे की स्थिति का मामला उठाया? उन्होंने कहा कि पिछले बार जवाब में 820.783 हेक्टेयर आया था. एक जैसा प्रश्न, मंत्री भी एक. लेकिन उत्तर 3 बार गलत तो आखिरकार कौन से उत्तर को सही माने?

राजस्व मंत्री टकराम वर्मा ने बताया कि रायगढ़ जिले के निजी भूमि कुल रकबा कुल मिलाकर 141.23 हेक्टेयर निजी भूमि अर्जित की गई है. विधायक ने कहा कि इसके पहले 141.5, उसके ठीक बार फिर अलग जवाब, उत्तर सही कौन सा है? 820 और 143 जमीन=असमान का अंतर है? इस पर मंत्री ने कहा कि दोनों ही जानकारियों में अन्तर क्यों आया, इसको मैं चेक करता हूं. इस पर विधायक ने कहा कि यह लगातार हो रहा है. विधानसभा को लगातार अलग-अलग उत्तर देने पर अधिकारियों पर कार्यवाही करिए? इस पर अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अगर आप जवाब से असंतुष्ट है तो आप उसकी प्रक्रिया कर लें. हम आगे बढ़ जाएंगे. इस पर नेता-प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा कि जो अन्तर आ रहा है वह बड़ा अंतर है. सीधे 820 का अंतर है. अध्यक्ष ने कहा कि आप लिख कर दे दें, हम निराकरण करेंगे. विधायक ने कहा कि ह॥ 200 का सर्वे किसी और डायरेक्शन में था. नए सर्वे में डायरेक्शन बदल दिया गया, लेकिन पुराने सर्वे का अप्रतिबंध कब तक हटाएंगे? मंत्री ने बताया कि निर्माण शुरू होने से पहले प्रतिबंधित किया गया था. अभी नए निर्माण के भूमि अर्जित न करना पड़े, इसलिए उसे प्रतिबंधित किया गया है? विधायक ने इस पर सवाल किया कि इसे कब तक रिलीज कर दिया जाएगा?



## नेशनल गेम्स में बाहरी खिलाड़ियों की एंट्री पर विवाद, भाजपा विधायक ने चयन प्रक्रिया पर उठाए सवाल!

छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज राष्ट्रीय खेल में प्रदेश की ओर से बाहरी खिलाड़ी को शामिल करने का मामला गूंजा। सत्ता पक्ष के विधायक ने ही इस पर खेल मंत्री को जमकर घेरते हुए विभाग की चयन समिति पर सवाल उठाए। खेल मंत्री अपने जवाब से भाजपा विधायक को संतुष्ट नहीं कर पाए। प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने यह मामला उठाते हुए पूछा कि छत्तीसगढ़ के कितने खेल ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त है । देहरादून में हुए 38 वें राष्ट्रीय खेल में प्रदेश से कितने खेल दल शामिल हुए उनमें से कितने खेल ओलंपिक से मान्यता प्राप्त है। खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में 32 खेल संघ हैं जिसमें से 27 गेम्स के खिलाड़ियों ने इस राष्ट्रीय खेल में भाग लिया उसमें से 24 खेल ओलंपिक संघ से मान्यता प्राप्त है। इन खेलो में विजेता टीमों को 62 .60 लाख की प्रोत्साहन राशि सरकार की ओर से दी जाएगी। भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने निशानेबाजी में पदक विजेता करनपाल गुरुंग के नाम पर आपत्ति जताते हुए पूछा कि क्या ये खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का रहने वाला है, क्या कोई बाहरी खिलाड़ी प्रदेश की तरफ से खेल सकता है अगर नहीं तो सरकार इस खिलाड़ी को कैसे प्रोत्साहन राशि दे रही है। विभागीय मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि अन्य प्रदेश का कोई खिलाड़ी जो यहां सरकारी नौकरी पर है उसे नेशनल गेम्स में प्रदेश की ओर से शामिल किया जा सकता है इसलिए चयन में कोई लापरवाही नहीं हुई है।



## लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक विधानसभा में पारित, विपक्ष ने बताया असंवैधानिक और लोकतंत्र के खिलाफ

विधानसभा में आज छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक मुख्यमंत्री ने सदन के पटल पर रखा। इसे विपक्ष ने असंवैधानिक बताते हुए विरोध किया और सदन से वॉकआउट कर दिया। विपक्ष की अनुपस्थिति में विधेयक पर लंबी चर्चा के बाद इसे सदन में पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने विधानसभा में आज लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक सदन में रखा। नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इसे लोकतंत्र की हत्या करार देते हुए इसे नियम विरुद्ध बताया। विपक्षी विधायकों ने कहा कि राष्ट्रपति के आदेश से लाए गए आपातकाल के इस मामले में चर्चा करना असंवैधानिक है इसलिए इस पर सदन में चर्चा नहीं हो सकती। मीसाबंदियों को अगर सरकार सम्मान राशि देना चाहती हैं तो दे परन्तु आपातकाल की परिस्थितियों पर चर्चा नहीं हो सकती। नेता प्रतिपक्ष ने सत्ता पक्ष को फिल्म इमरजेंसी देखने की सलाह भी दी। विपक्ष ने आसंदी से इस विषय पर सदन में चर्चा नहीं कराने का आग्रह किया, जिसे सभापति धर्मजीत सिंह ने अस्वीकार करते हुए चर्चा की अनुमति दे दी। इससे नाराज़ विपक्ष के सभी सदस्य बहिष्कार करते हुए सदन से बाहर निकल गए। इसके बाद विपक्ष की अनुपस्थिति में लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक पर सदन में चर्चा शुरू हुई। सत्ता पक्ष के सदस्य अमर अग्रवाल, राजेश मूणत, धरमलाल कौशिक समेत अन्य सदस्यों ने आपातकाल के दौरान जनसंघ के लोगों पर किए गए अत्याचार का जिक्र करते हुए इसे लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया। लंबी चर्चा के बाद सभापति धर्मजीत सिंह ने बहुमत के आधार पर इस विधेयक को सदन में पारित कर दिया।




## जीवत बजाज ने समर्थन चैंबर अध्यक्ष पद के प्रत्याशी सतीश को दिया



रायपुर,प्रतिदिन राजधानी

जीवत बजाज ने अपना समर्थन चैंबर अध्यक्ष पद प्रत्याशी सतीश थोरानी जी को दिया और कहा सतीश थोरानी के साथ मिलकर करेंगे काम शदाणी दरबार तीर्थ में जीवत बजाज ने समर्थन दिया मुख्य रूप से पूज्य संत युधिष्ठिर लाल जी उपस्थित थे इस अवसर पर भरत बजाज अमर गिदवानी राजेश थोरानी थे ये जानकारी ललित जैसिंघ ने दी।

## रायपुर के हरदेव होटल में रायगढ़ निवासी युवक का फंदे पर लटका मिला शव





रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

राजधानी के आजाद चौक थाना इलाके में स्थित हरदेव होटल में कमरा नंबर 203 में रायगढ़ निवासी युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में जानकारी देते हुए आजाद चौक थाना प्रभारी जितेंद्र ताम्रकार ने बताया कि पुलिस को सुबह सूचना मिली युवक द्वारा रूम ना खोले जाने पर डायल 112 के जवानों को बुलाया गया। जिनके द्वारा दरवाजा खोलकर देखा गया जिसमें युवक का शव फंदे से लटक रहा था। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है और पंचनामा करने के बाद शव को चीरघर भिजवा दिया गया है। पुलिस ने आशंका जाहिर की है कि युवक ने कर्ज के चलते आत्मघाती कदम उठाया है, कमरे में मिले बैग से लोन के दस्तावेज सहित कई अन्य फाइलें बरामद की गई है।

## निजी यात्री वाहनों में दिव्यांगों को किराये में छूट की सुविधा को लेकर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने किए सवाल -जवाब

विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत संचालित निजी यात्री वाहनों में दिव्यांगों को किराये में छूट की सुविधा को लेकर सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो ने आज विधानसभा में लगाया प्रश्न,,,

सीतापुर विधानसभा क्षेत्र में परिवहन विभाग द्वारा मान्यताप्राप्त निजी बसों का संचालन किया जा रहा ह। इस बसों का संचालन यात्रियों को परिवहन की सुगम व्यवस्था प्रदान करने हेतु किया जा रहा है।

क्या इन यात्री निजी बसों में यात्रियों को समुचित सुविधा मिल रही है,क्या दिव्याग जनों को यात्री किराया में छूट के लाभ मिल रहा है जिसको लेकर आज सीतापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामकुमार टोप्पो जी ने विधानसभा सत्र में अपना प्रश्न रखा। जिसमें उन्होंने छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी से पूछा कि विधानसभा क्षेत्र सीतापुर अंतर्गत संचालित कितने निजी यात्री वाहनों में दृष्टिहीन दिव्यांग,मानसिक नि:शक्तजन,एच.आई.व्ही. से पीड़ित व्यक्तियों एवं वरिष्ठ नागरिकों एवं उनके एक सहयोगी को यात्री किराये में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गयी है?

अगर नहीं दी गयी है तो योजना का लाभ कब तक दिया जायेगा ?



जिसपर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी का जवाब आया कि विभागीय अधिसूचना क्रमांक एफ5-7/आठ-परि./2021, दिनांक 30 सितम्बर 2021 के तहत छूट प्रदाय की गई है।

जिसमें आप के प्रश्न में वर्णित लोगों को लाभ दिया गया है और इसके अलावा इस विषय पर कोई भी प्रश्न नहीं उठता है। आप को बता दें कि सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो अपने विधानसभा क्षेत्र की हर महत्वपूर्ण जनता से जुड़ी हुई समस्याओं को सत्र के दौरान विधानसभा में रख रहे हैं, और शासन का ध्यानाकर्षण इन समस्याओं पर कर रहे है। ताकि शासन इन विषयों पर गंभीरता से विचार कर,उसका समाधान करे,, अपनी जन हितैषी सोच एवं जनता को सुविधा दिलाने के लिए विधायक महोदय हमेशा प्रयासरत रहते हैं।

## निगम जोन 8 द्वारा रायपुरा में निर्मित 6 अवैध व्यवसायिक दुकानों को तोड़ने की कार्यवाही



रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वजीत के आदेशानुसार नगर निगम जोन 8 जोन कमिश्नर के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता अभिषेक गुप्ता, नगर निवेश उप अभियंता लोचन चौहान एवं नगर निवेश विभाग के अन्य सम्बंधित कर्मचारियों की उपस्थिति में रायपुरा स्थित शास्त्री बाजार सब्ज़ी एवं फल मंडी थोक व्यापारी कल्याण सोसायटी द्वारा किये गए 6 व्यवसायिक दुकानों के अवैध निर्माण का निर्माण को लेकर सम्बंधित अवैध निर्माणकर्ता द्वारा नियमितीकरण हेतु प्रकरण जोन कार्यालय में प्रस्तुत किया गया था, जिसे छ. ग. नियमितीकरण प्राधिकरण समिति के समक्ष बैठक में रखा गया. अग्रिम कार्यवाही करते हुए संयुक्त संचालक नगर तथा ग्राम निवेश द्वारा नियमितीकरण अधिसूचित तिथि 19 जुलाई 2022 के पश्चात निर्माण कार्य होने के कारण प्रकरण निरस्त किया गया था. जिसके पश्चात नगर निगम जोन क्रमांक 8 द्वारा 1,2,3 नोटिस तामिल कराया गया. नोटिस की प्रकिया पूर्ण होने के पश्चात अंतिम सूचना दी गई, जिसके पश्चात आज अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की गयी.

आज इसके अतिरिक्त नगर निगम जोन 8 नगर निवेश विभाग द्वारा जोन क्षेत्र के तहत कोटा रोड मे सी एंड डी वेस्ट फैलाये जाने पर 1000 रु का जुर्माना किया गया एवं रायपुरा में 2000 रु का जुर्माना किया गया.

## वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी सहित अपर आयुक्त और जोन 5 जोन कमिश्नर ने किया वार्ड 40,41 के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण, दिए अनेक निर्देश

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 5 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 40, 41 के अंतर्गत स्थित अनुपम गार्डन, सेक्टर 4 गार्डन , विद्यापति गार्डन ,ऑक्सीजन गार्डन निरीक्षण के साथ साथ डंगनिया स्कूल में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य का निरीक्षण नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय और जोन 5 जोन कमिश्नर श्रीमती राजेश्वरी पटेल द्वारा वार्ड पार्षद आशु चंद्रवंशी सहित जोन कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश्वर राव रामटेके, उप अभियंता संस्कार शर्मा, टिकेंद्र चंद्राकर एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, स्वच्छता निरीक्षक दिलीप भारती , प्रेम मानिकपुरी की उपस्थिति में किया गया.वार्ड क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त एवं जोन कमिश्नर द्वारा गार्डन में आवश्यक साफ-सफाई करने, बंद वॉटर कुलर को चालू करने, डस्टबिन की व्यवस्था करने, टॉयलेट में आवश्यक रिपेयरिंग करने एवं उद्यानों के पेड़ पौधों के निरन्तर पानी डालने के निर्देश सम्बंधित निगम अधिकारियों को वार्ड पार्षद सहित दिए गए.



## निगम जोन 9 जोन कमिश्नर ने वार्ड 7 के प्रभारी सुपरवाइजर को जारी किया कारण बताओ नोटिस

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी




नगर पालिक निगम रायपुर के जोन 9 जोन कमिश्नर संतोष पाण्डेय ने जोन के तहत कुशाभाउ ठाकरे वार्ड नम्बर 7 के प्रभारी सफाई सुपर वाइजर नरेश कुमार को दिनांक 17 से 19 मार्च 2025 तक लगातार तीन दिन बिना सूचना के ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने और इससे वार्ड में सफाई कार्य प्रभावित होने, स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान की तैयारी हेतु उच्चाधिकारियों के वार्ड की सफाई व्यवस्था देखने लगातार आगमन को देखते हुए वार्ड क्षेत्र की ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने के कारण नगर निगम जोन 9 स्वास्थ्य विभाग की ओर से कारण बताओ नोटिस जारी कर अगले 3 दिन में अनुपस्थिति पर लिखित स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं. नगर निगम जोन 9 जोन कमिश्नर ने जोन 9 के सफाई गैंग के ठेकेदार कमलेश राजपूत पर नगर निगम आयुक्त और अपर आयुक्त के निरीक्षण के दौरान निर्धारित संख्या से कम संख्या में ठेका सफाई कामगार की उपस्थितिपाए जाने और जोन में इससे सफाई व्यवस्था प्रभावित होने पर नोटिस देकर 10 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है और 3 दिन में जोन गैंग के निर्धारित 15 सफाई ठेका कामगारों की ड्यूटी पर उपस्थिति सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए हैं. अन्यथा की स्थिति में ठेका निरस्त कर सफाई ठेकेदार का नाम काली सूची में डालने की कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी है।

## महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने महिला स्वसहायता समूहों का किया सम्मान



रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

केन्द्र सरकार के संस्कृति मंत्रालय के आयोजन के अंतर्गत अटलजी की जन्म शताब्दी और वर्षगांठ समारोह में भारत गणराज्य के पूर्व प्रधानमंत्री यशस्वी जननायक अटल बिहारी वाजपेयी को सांस्कृतिक श्रद्धांजलि देने स्थानीय छत्तीसगढ़ कलेवा भवन रायपुर में संक्षिप्त कार्यक्रम में अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे और सभापति सूर्यकान्त राठौड़ ने महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं का मंच पर नवीन अंकुर महिला मण्डल रायपुर के तत्वावधान में मण्डल की पदाधिकारियों की उपस्थिति में श्रीफल, शाल और स्मृतिचिन्ह देकर सम्मान किया.

## निगम जोन 5 द्वारा कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास अवैध रूप से निर्मित भवन को तोड़ने की कार्यवाही

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी



नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त विश्वदीप के आदेशानुसार नगर निगम. जोन क्रमांक 5 के क्षेत्र के तहत कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास अवैध रूप से निर्मित भवन को तोड़ने की कार्यवाही करते हुए कुशालपुर चौक रिंग रोड से भाठागांव जाने वाले मार्ग में अवैध रूप से बनाए गए 16 शेड निर्माण को हटाने एवं तोड़ने की कारवाही, 12 अवैध पाटा एवं चबूतरा तोड़ने की कार्यवाही एवं 4 ठेले गुमटी हटाने की कार्यवाही की गई है. उक्त कार्यवाही के दौरान जोन आयुक्त राजेश्वरी पटेल के निर्देशानुसार कार्यपालन अभियंता लाल महेंद्र प्रताप सिंह देव, सहायक अभियंता कमलेश मिथलेश नागेश्वर राव रामटेके, उप अभियंता संस्कार शर्मा, टिकेंद्र चंद्राकर , नगर निवेश मुख्यालय उड़न दस्ता, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, जोन स्वच्छता निरीक्षक दिलीप साहू, प्रेम मानिकपूरी, गिरजा वर्मा सहित पुलिस बल की कार्यवाही में उपस्थिति रही. उक्त कार्यवाही में लगभग 14 व्यापारियों पर सड़क बाधा एवं गंदगी फैलाने पर जुर्माना करने की कार्यवाही करते हुवे लगभग 28500/- जुर्माना राशि वसूल किया गया.

## जल कार्य विभाग अध्यक्ष संतोष सीमा साहू ने विभाग की योजनाओ की ली जानकारी




रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी

नगर पालिक निगम रायपुर के जल कार्य विभाग के अध्यक्ष संतोष सीमा साहू ने निगम मुख्यालय भवन के तृतीय तल सभाकक्ष में जल कार्य विभाग के अधिकारियों की परिचयात्मक बैठक ली. एमआईसी सदस्य ने अधिकारियों से अमृत मिशन योजना, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की 24म 7 पेयजल आपूर्ति योजना, रावणभाठा फिल्टरप्लांट की योजनाओं, जोनों की जलप्रदाय योजनाओं, जलागारों सहित विभाग के कार्यों और योजनाओं सहित विभागीय प्रक्रियाओं की जानकारी ली.बैठक में निगम की प्रभारी अपर आयुक्त श्रीमती कृष्णा खटीक, उपायुक्त जल डॉक्टर दिव्या चंद्रवंशी, मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, अधीक्षण अभियंता बद्री चंद्राकर, संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता जल नर सिंह फरेन्द्र, कार्यपालन अभियंता अमृत मिशन अंशुल शर्मा सीनियर सहित जल विभाग के अन्य सम्बंधित अभियंतागणों की उपस्थिति रही.

## निगम एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा ने श्रीगणेश पूजन कर पदभार सम्हाला

रायपुर ,प्रतिदिन राजधानी



नगर पालिक निगम रायपुर के नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग के अध्यक्ष मनोज वर्मा ने नगर निगम मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के भूतल में प्रथम पूज्य देव श्रीगणेश की पूजा अर्चना और मुख्यालय के प्रथम तल पर कक्ष में श्रीगणेश पूजन -अर्चन करने के तत्काल पश्चात आचार्य द्वारा वैदिक मन्त्रोंच्यार और शंख ध्वनि के मध्य अपना पदभार सम्हाल लिया. एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा को कार्यभार सम्हालने पर महापौर श्रीमती मीनल चौबे, सभापति सूर्यकान्त राठौड़, रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर, लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष दीपक जायसवाल सहित गणमान्यजनों, आमजनों, निगम अधिकारियों, कर्मचारियों ने कक्ष में पहुंचकर पदभार ग्रहण करने पर बुके प्रदत्त कर और फूलमालाओं से लादकर हार्दिक बधाइयाँ और शुभकामनायें दीं.

# रचनात्मकता की नई परिकल्पना: भारत का वेव्स शिखर सम्मेलन

चैतन्य प्रसाद
( भारतीय सूचना सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी )

प्रामाणिक कहानियों और रचनात्मक मनोरंजन की भूखी दुनिया में, भारत वैश्विक मीडिया परिदृश्य में क्रांति लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) महज मीडिया और मनोरंजन से जुड़ा एक हितधारक भर नहीं है - यह एक ऐसे परिवर्तनकारी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करता है जो दुनिया भर में रचनाकारों, नीति-निर्माताओं और दर्शकों के कंटेंट के साथ जुड़ने के तौर-तरीके को नए सिरे से परिभाषित करेगा। आगामी 1-4 मई, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाला वेव्स, संभवतः सूचना और प्रसारण मंत्रालय द्वारा रचनाकारों के इकोसिस्टम के लिए शुरू की गई एक ऐसी बेहद दूरदर्शी पहल के रूप में उभर कर सामने आया है, जो मनोरंजन के वैश्विक मंचों के लिए एक नया स्वर्णिम मानक स्थापित करेगा।

दशकों से भारत कहानी कहने की कला के क्षेत्र में एक महाशक्ति रहा है और अपनी फिल्मों, संगीत एवं डिजिटल कंटेंट के जरिए दुनिया को मंत्रमुग्ध करता रहा है। फिर भी, अपने विशुद्ध रचनात्मक सृजन के बावजूद, इस देश ने शायद ही कभी वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भागीदारी की शर्तों को निर्धारित किया है। वेव्स उस कहानी को बदलना चाहता है। इसका नाता सिर्फ भारतीय रचनात्मकता को प्रदर्शित करने भर से नहीं है ङ्क इसका सरोकार मीडिया, मनोरंजन और प्रौद्योगिकी के इर्द-गिर्द होने वाली वैश्विक बातचीत को आकार देने से है। यदि दावोस आर्थिक नीति का केंद्र है और कान्स सिनेमा का मंदिर है, तो वेव्स का उद्देश्य नवाचार के सृजन और प्रमुख हितधारकों के सहयोग - 'कलात्मक प्रतिभा के संगम' - के जरिए मनोरंजन के भविष्य को परिभाषित करना है।

वेव्स का वास्ता सिर्फ बड़े फलक वाली रणनीति से नहीं है ङ्क इसका संबंध रचनाकारों, व्यवसायों और निवेशकों के लिए वास्तविक अवसर उपलब्ध कराने से है। 'भारत पैवेलियन' भारत की कहानी कहने की विरासत का उत्सव मनाएगा। इसमें प्राचीन महाकाव्यों एवं लोककथाओं से लेकर एआई-संचालित कंटेंट और मोहित कर देने वाली डिजिटल कहानी कहने की कला तक के इसके विकास को दर्शाया जाएगा। इसके जरिए भारत द्वारा विश्व को बताया जा रहा है कि: हमारी कहानियां भले ही कालातीत हैं, लेकिन कहानी कहने की हमारी शैली अत्याधुनिक है। वहीं 'वेव्स बाज़ार', जो अपनी तरह का पहला सालोंभर खुला रहने वाला वैश्विक कंटेंट बाजार है, कंटेंट की खरीद, बिक्री और वितरण के तरीके को बदलने के लिए तैयार है। पारंपरिक समारोह-संचालित अधिग्रहण मॉडल से आगे बढ़ते हुए, यह डिजिटल-प्रथम प्लेटफॉर्म निरंतर वैश्विक लेनदेन को संभव बनाएगा। इससे भारत और अन्य देशों के रचनाकारों को हमेशा सक्रिय रहने वाले मुद्रीकरण इकोसिस्टम तक पहुंच हासिल होना यह सुनिश्चित होगा।

हाल ही में ड्यून: पार्ट टू द्वारा भारत के महत्वपूर्ण वीएफएक्स योगदान के साथ सर्वश्रेष्ठ दृश्य प्रभाव के लिए 2025 का ऑस्कर जीतने जैसी सफलताओं, जो हमारी रचनात्मक क्षमता का उदाहरण है, को वेव्स वैश्विक मंच पर प्रदर्शित और पोषित करना चाहता है। लेकिन उद्योग जगत की सभी चर्चाओं से परे, जो चीज वेव्स को वास्तव में अलग बनाती है वह है इसका व्यापक दृष्टिकोण। यह एक बार का आयोजन नहीं है - यह भारत को मनोरंजन से जुड़े नवाचार के वैश्विक मुख्यालय के रूप में स्थापित करने की एक दीर्घकालिक रणनीति है। जैसे-जैसे वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग का आकार 2030 तक तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का होने की ओर बढ़ रहा है, भारत एक आउटसोर्सिंग केन्द्र के रूप में नहीं बल्कि मनोरंजन के सृजन और उससे जुड़ी नीतिगत व निवेश के मामले में वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी देश के रूप में उभरने की ओर अग्रसर है। इस शिखर सम्मेलन में कंटेंट के सृजन, वित्तपोषण, नीतिगत चर्चा और उभरती प्रौद्योगिकियों के मामले किया जाने वाला समन्वय इसे मनोरंजन के भविष्य का एक लॉन्चपैड बनाता है।

शिखर सम्मेलन की महत्वाकांक्षा प्रतिभा को प्रदर्शित करने से आगे बढ़कर वैश्विक मीडिया संवाद के जरिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देने तक फैली हुई है। इस कूटनीतिक पहल का उद्देश्य वास्तव में ऐसा वैश्विक इकोसिस्टम बनाना है जो भारत के नेतृत्व में विभिन्न देशों के रचनाकारों और उद्योग के हितधारकों को जोड़े। वैश्विक मीडिया संवाद ऐतिहासिक 'वेव्स घोषणा 2025' में परिणत होगा ङ्क जो वैश्विक मीडिया एवं मनोरंजन जगत के लिए एक ऐसा दूरदर्शी रोडमैप पेश करेगा जिससे मनोरंजन के एक स्थायी वैश्विक मंच की नींव रखा जाना संभव होगा। यह घोषणा मनोरंजन उद्योग की महत्वपूर्ण प्रवृत्तियों एवं चुनौतियों पर ध्यान देगी और एक ऐसे समावेशी ढांचे का प्रस्ताव करेगी, जो दुनिया भर के रचनाकारों को लाभान्वित करेगी। वेव्स की सबसे महत्वपूर्ण पहलों में से एक है 'वेवएक्सेलरेटर'। यह एक स्टार्टअप इनक्यूबेटर है, जिसे खास तौर पर रचनात्मक उद्यमियों के लिए डिज़ाइन किया गया है। एआई द्वारा सृजित कंटेंट, संवादात्मक मीडिया और वर्चुअल प्रोडक्शन के उदय के साथ, व्यवस्थित मार्गदर्शन (मेंटरशिप), वित्तपोषण (फंडिंग) और बाजार की सुलभता (मार्केट एक्सेस) की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। 'वेवएक्सेलरेटर' यह सुनिश्चित करता है कि भारत न केवल कहानी कहने की अत्याधुनिक कला को बढ़ावा दे बल्कि ऐसे व्यवसाय भी खड़े करे जो अगले दशक के मनोरंजन को परिभाषित करेंगे। बौद्धिक संपदा संरक्षण के साथ निवेश की सुविधा को एकीकृत करके, भारत दुनिया को यह संकेत दे रहा है कि वह एक स्थायी रचनात्मक अर्थव्यवस्था बनाने के प्रति गंभीर है।

वेव्स का एक प्रमुख आकर्षण प्रतिभा खोज और मार्गदर्शन पर इसका ध्यान केन्द्रित करना है। अपने 'क्रिएट इन इंडिया चैलेंज' के जरिए, इस शिखर सम्मेलन ने गेमिंग, कॉमिक्स, एनीमेशन, संगीत, ईस्पोर्ट्स और प्रसारण में 725 शीर्ष-स्तरीय रचनाकारों की पहचान की है। ये चयनित प्रतिभाएं 'क्रिएटोस्फेयर' में भाग लेंगी, जोकि लाइव प्रतियोगिताओं, मास्टरक्लास और सहयोगी परियोजनाओं से लैस एक संवादात्मक केन्द्र (इंटरैक्टिव हब) है और यह सुनिश्चित करता है कि मनोरंजन में सर्वश्रेष्ठ नई प्रतिभाएं भारत से उभरकर वैश्विक मंच पर अपनी चमक बिखेरें। प्रतिभा से जुड़ी यह व्यवस्थित पाइपलाइन न केवल एक कंटेंट हब, बल्कि प्रतिभा के क्षेत्र में एक महाशक्ति बनने की भारत की महत्वाकांक्षा को रेखांकित करती है।

इस शिखर सम्मेलन के 'थॉट लीडर ट्रैक' में मनोरंजन से संबंधित आज के कुछ सबसे बड़े सवालों पर विचार करने के लिए सीईओ, मीडिया अधिकारी, नीति निर्माता और अग्रणी रचनाकारों अग्रदूतों को एक साथ लाया जाएगा। इन सवालों में शामिल हैं: कहानी कहने की कला का भविष्य कैसा होगा? एआई कैसे कंटेंट सृजन को नया आकार देगा? कौन से नए मुद्रीकरण मॉडल स्ट्रीमिंग युग को परिभाषित करेंगे? हम रचनात्मकता को विनियमन के साथ कैसे संतुलित कर सकते हैं? ये सब केवल इस सम्मेलन में चर्चा की जाने वाली चिंताएं नहीं हैं - ये मनोरंजन के भविष्य को आकार देने वाली वास्तविक बहसें हैं और वेव्स इनके केंद्र में होगी।

वेव्स के रणनीतिक उद्देश्य वैश्विक उद्योग की जरूरतों के साथ पूरी तरह से मेल खाते हैं: ,मनोरंजन के क्षेत्र की प्रगति को बढ़ावा देना, एआई जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों एवं मोहित कर देने वाले अनुभवों के जरिए नवाचार को बढ़ावा देना, युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाना और भारतीय एवं अंतरराष्ट्रीय मीडिया पेशेवरों के बीच सार्थक सांस्कृतिक आदान-प्रदान को सुविधाजनक बनाना। इससे जुड़े लाभ इस शिखर सम्मेलन से कहीं आगे तक जाते हैं। वेव्स भारत को अपने रचनात्मक उद्योगों में पर्याप्त निवेश आकर्षित करने, वैश्विक मनोरंजन के शेत्र में अपने नेतृत्व को मजबूत करने, विश्वव्यापी रचनात्मक अर्थव्यवस्था में अपने योगदान को मजबूत करने और उद्योग की भविष्य की मांगों के लिए तैयार कुशल श्रमशक्ति विकसित करने की स्थिति में रखता है। कंटेंट सृजन एवं वित्तपोषण से लेकर गेमिंग, एनिमेशन, संगीत और आईपी विकास तक के विविध क्षेत्रों पर ध्यान केन्द्रित करके वेव्स तेजी से आपस में जुड़ती दुनिया में मीडिया एवं मनोरंजन से जुड़ी चुनौतियों और अवसरों के पूरे फलक पर ध्यान देता है।

## क्या 'प्रधान पति', 'मुखिया पति', 'सरपंच पति' की होगी छुट्टी?

आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकसित भारत का स्वप्न संभव नहीं है। महिलाएं देश की राजनीतिक व्यवस्था में भाग लें, इसके लिये त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में उनकी भागीदारी आरक्षण के द्वारा सुनिश्चित की गई। आज 33 से 50 फीसदी तक महिला आरक्षण राज्यवार दिया गया है। इसका उद्देश्य साफ था कि अंतिमजनों की आवाजों को प्रमुखता से सुनना। पर व्यवस्था की खामियों का क्या किया जाए, ये अपना रास्ता निकाल ही लेते हैं। आज इस त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था की एक बड़ी समस्या 'प्रधान पति', 'मुखिया पति', 'सरपंच पति' बने हुए हैं। हालिया रिपोर्ट में भी यह समस्या उजागर की गई है कि कैसे महिला सरपंच के पुरुष प्रतिनिधि उनकी जगह पर काम कर रहे हैं। रिपोर्ट कहती है कि उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा और राजस्थान में प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में कहीं ज्यादा है।

पिछले दिनों पंचायती राज मंत्रालय द्वारा पूर्व खान सचिव सुशील कुमार के नेतृत्व में गठित समिति ने एक रिपोर्ट मंत्रालय को पेश की है। इस समिति का गठन सितंबर, 2023 में किया गया था। 'पंचायती राज प्रणालियों और संस्थाओं में महिलाओं के प्रतिनिधित्व और भूमिकाओं को बदलना: प्रॉक्सी भागीदारी के प्रयासों को खत्म करना' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट प्रॉक्सी प्रतिनिधित्व की बात जोर-शोर से उठाती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि गांवों में महिलाओं की पारंपरिक और सदियों पुरानी पितृसत्तात्मक मानसिकता और कठोर सामाजिक-सांस्कृतिक मानदंडों को मनवाने से भी महिला प्रतिनिधित्व पीछे चला जाता है। इसमें एक है कई तरह की पर्दा प्रथाओं का पालन करना। रिपोर्ट में एक कारण राजनीतिक दबाव को भी बताया गया है, जिसमें राजनीतिक विरोधियों द्वारा मिलने वाली धमकी और दबाव भी है जिसे न मानने पर उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त महिलाओं की घरेलू जिम्मेदारियों के कारण उन्हें सार्वजनिक कामों से खुद को अलग करने का दबाव भी रहता है। घर और बाहर दोनों जिम्मेदारियों के दबाव में वे अक्सर घर की जिम्मेदारियों को चुन लेती हैं। इसके अतिरिक्त बहुत बड़ा कारण उनका अशिक्षित रह जाना भी है। बहुत-सी सामाजिक-सांस्कृतिक कारणों से महिलाओं को शिक्षा और सार्वजनिक कामों के अनुभव न हो पाने के कारण वे निर्वाचित होने के बावजूद अपनी भूमिका सीमित कर लेती हैं। सबसे ज्यादा उन्हें वित्तीय निर्णय संबंधी कामों में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसकी वजह से वे संबंधित पुरुष साथियों की मदद लेने को मजबूर हो जाती हैं। स्थानीय शासन में वास्तविक महिला नेतृत्व को मजबूत करने के मंत्रालय के लगातार प्रयासों के पक्ष में यह रिपोर्ट महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है। इसकी वजह है कि इसमें न केवल वास्तविक समस्या की पहचान की गई है बल्कि समस्या का समाधान भी प्रस्तावित किया गया है। इस कड़ी में मंत्रालय द्वारा साल भर चलने वाला 'सशक्त पंचायत नेत्री अभियान' है, जिसे देश भर में पंचायती राज संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों की क्षमता और प्रभावशीलता को बढ़ाने के लिए बनाया गया है। यह पंचायती राज पदों पर निर्वाचित महिलाओं के कौशल और आत्मविश्वास के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगा। साथ ही यह सुनिश्चित करेगा कि वे अपने संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों का प्रभावी ढंग से उपयोग कर रही हैं कि नहीं। इस रिपोर्ट में इस समस्या से निपटने के लिये कुछ सुधारात्मक दंड की सिफारिशें की गई हैं। ताकि प्रधान पति, सरपंच पति या मुखिया पति की प्रथा पर रोक लगाई जा सके। देश की पहली एमबीए सरपंच राजस्थान के टोंक जिले से सोदा गांव की छवि राजावत थीं, जो 2010 में सरपंच बनीं और महिला सशक्तिकरण के लिये काम किया था। अपने एक लेख में कहती हैं कि मेरा केस अपवाद हो सकता है आज भी देश में बहुत-सी निर्वाचित महिला सरपंच शिक्षा और प्रशासनिक ढांचे के सामान्य ज्ञान की कमी से जूझ रही हैं।

# सेहत नामा ...

## शरीर को खोखला बना देती है विटामिन बी12 की कमी

शरीर को स्वस्थ बने रहने के लिए अलग-अलग विटामिन की जरूरत होती है. ऐसा ही एक फायदेमंद विटामिन है विटामिन बी12 जिसे कोबलामिन भी कहते हैं. इस विटामिन की शरीर को अलग-अलग तरह से जरूरत होती है. विटामिन बी12 रेड ब्लड सेल्स की फॉर्मेशन में मदद करता है, इससे डीएनए सिंथेसिस में मदद करती है और नर्वस सिस्टम को भी इसके फायदे मिलते हैं सो अलग. शरीर में विटामिन बी12 की कमी हो जाए तो बाहरी और अंदरूनी रूप से की तरह के प्रभाव दिखने लगते हैं. ऐसे में वक्त रहते विटामिन बी12 की कमी को पहचानकर इसे पूरा करने की कोशिश की जाती है. यहां जानिए शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने के क्या लक्षण हैं और इस कमी को दूर करने के लिए खानपान में किन-किन चीजों को शामिल किया जा सकता है.

कमजोरी और थकान - विटामिन बी12 की कमी होने पर शरीर में कमजोरी होने लगती है और हर समय थकान महसूस होती है. व्यक्ति हल्का-फुल्का काम करने पर भी बहुत थक जाता है.

त्वचा पीली पड़ जाती है- रेड ब्लड सेल्स के प्रोडक्शन के लिए शरीर को विटामिन बी12 की जरूरत होती है. ऐसे में अगर शरीर में विटामिन बी12 की कमी होने लगती है तो त्वचा पर पीलापन नजर आने लगता है.

आंखों में पीलापन - विटामिन बी12 की कमी का एक लक्षण आंखों में पीलापन नजर आना भी है. इस विटामिन की कमी से आंखों का सफेद हिस्सा पीला पड़ने लगता है.

मुंह में छाले होना - अगर मुंह में आएदिन और जरूरत से ज्यादा छाले निकलने लगे हैं तो यह भी विटामिन बी12 की कमी का ही लक्षण होता है. मुंह में छाले निकलने पर कुछ खाना पीना भी मुश्किल होने लगता है और दर्द रहता है सो अलग.

होती है हाथ-पैरों में झनझनाहट - यह विटामिन बी12 का सबसे बड़ा लक्षण है. विटामिन बी12 की कमी से नर्व्स पर असर पड़ता है. इसके कारण हाथ-पैरों में झनझनाहट (स्द्गठ्ठह्यड्डह्लद्बश्ठ) महसूस होने लगती है और लगता है जैसे शरीर पर चीटियां चढ़ रही हों.

फूलने लगती है सांस - कुछ देर चलने पर ही या फिर हल्का-फुल्का काम करने पर भी विटामिन बी12 की कमी के कारण सांस फूलने की दिक्कत हो जाती है.

कब्ज या दस्त - पेट से जुड़ी दिक्कतें होना बी विटामिन बी12 की कमी का लक्षण है. इस विटामिन की कमी से गट हेल्थ प्रभावित होती है जिससे कब्ज या फिर दस्त की दिक्कत हो सकती है.

नहीं लगती है भूख - शरीर में विटामिन बी12 की कमी होती है तो भूख में कमी होना भी शुरू हो जाती है. बैलेंस्ड डाइट लेना या समय पर खाना खाना चैलेंजिंग लगने लगता है. मूड पर पड़ता है असर - विटामिन बी12 की कमी शारीरिक ही नहीं बल्कि मानसिक दिक्कतों की भी वजह बनती है.

## सेहत के लिए बहुत फायदेमंद हैं अलसी के बीज



अलसी के बीजों में पाया जाने वाला डायटरी फाइबर शरीर में ब्लड शुगर को कंट्रोल करता है. अलसी के बीजों में मौजूद ओमेगा-3 फैटी एसिड शरीर में ब्लड सर्कुलेशन को दुरुस्त करता है. अलसी के बीज में पाया जाने वाला फाइबर डाइजेशन को बूस्ट करता है.इससे पेट संबंधी दिक्कतें दूर होती हैं और मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है. अलसी के बीजों में पाया जाने वाला लिग्निन नामक एंटीऑक्सीडेंट वेट लूज करने में मदद करता है. अलसी के बीज में मौजूद लिग्निन की वजह से ब्लड शुगर भी कंट्रोल में रहता है. अलसी के बीज खाने से डायबिटीज में राहत मिलती है. अलसी के नियमित सेवन से कब्ज दूर होती है और कोलेस्ट्रॉल कम होने लगता है. अलसी के सेवन से हार्ट अटैक का खतरा कम होता है. अलसी के बीजों को रोजाना खाने से हाई बीपी को कंट्रोल किया जा सकता है. अलसी के बीज खांसी और अस्थमा में राहत देते हैं. अलसी के बीजों के सेवन से त्वचा चमकदार बनती है और स्किन संबंधी कई दिक्कतें दूर होती हैं. अलसी के सेवन से बालों का गिरना कम हो जाता है और बाल मजबूत और चमकदार बनते हैं.

इस तरह करें अलसी के बीजों का सेवन- अलसी के बीजों का सेवन कई तरह से किया जा सकता है. अलसी के बीजों को मिक्सी में बारीक पीसकर पाउडर बना लें. अलसी के बीजों को कुछ देर गर्म पानी में भिगोकर भी खाया जा सकता है. अलसी के बीजों को दही में डालकर भी खाया जा सकता है. अलसी के बीजों के लड्डू भी खाए जाते हैं. अलसी के बीजों को स्मूदी में डालकर भी खा सकते हैं. दलिया, खिचड़ी या ओट्स में मिलाकर भी आप अलसी खा सकते हैं.

=

सुषमा के स्नेहिल सृजन

### जल अनमोल

--------

जल जीवन अनमोल है,
सुधा तुल्य वरदान।
व्यर्थ बहे मत जल धरा,
रखना है यह ध्यान।।
रुकती सांसें जल बिना,
बहे पसीना धार।
कैसे 'सुषमा' जग बचे,
पानी है आधार।।
आदत सभी सुधार कर,
बन जाएँ खुशहाल।
संचय जल का सब करें,
जल संकट विकराल।।
रहें सजगता से सभी,
जल से है संसार।
जल से ही जीवन बने,
मन में करो विचार।।
कहती 'सुषमा' जल सदा,
जीवन का पर्याय।
रखो बचाकर जल सदा,
करना सभी उपाय।।

---------------

...??कवयित्री सुषमा प्रेम पटेल
रायगढ़/रायपुर छ ग



## सुडोकू


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 9 | | | 5 | | | 2 | |
| | | 2 | 7 | | | | | 4 |
| | 8 | | | | | | | |
| | | | | 7 | 8 | 4 | | 9 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 4 | 3 | 2 | | | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 7 | 3 | | |
| | 3 | | | 4 | | | 9 | 2 |

**नियम :** 1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं। **हल अगले पन्नों पर**

## आज का राशिफल

- मेष- आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। काफी संघर्षों के बाद आपको राहत मिलेगी। पारिवारिक जीवन में आपको तालमेल बनाकर चलने की आवश्यकता है।
- वृष - संतान को तरक्की करते देखा आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।
- मिथुन - आपकी आर्थिक स्थिति को लेकर आपको कोई महत्वपूर्ण कदम उठाना पड़ सकता है। आप अपनी इनकम को बढ़ाने के सोर्स पर ध्यान देंगे। आपको किसी पैतृक संपत्ति की भी प्राप्ति हो सकती है।
- कर्क - आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है। आप किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए कोई लोन अप्लाई कर सकते हैं।
- सिंह- कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा होने से खुशी होगी। आपको पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है। आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं, जिन्हें आपको पहचाना होगा। आप किसी से धन उधार सोच समझकर लें।
- कन्या- आपको कुछ पुराने लेने-देनो से छुटकारा मिलेगा। आपका कोई सहयोगी आपके ऊपर कोई झूठा आरोप लगा सकता है। जीवनसाथी आपके लिए कोई उपहार लेकर आ सकते हैं।
- तुला- आपकी दीर्घकालिक योजनाओं को गति मिलेगी। आपको अपने किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लगने से आपका मन परेशान रहेगा। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।
- वृश्चिक- आपको यदि किसी बात को लेकर कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी। आपको कुछ नए विरोधी परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं।
- धनु -आपको किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने स्वास्थ्य पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है।
- मकर - प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं। आप किसी से कोई भी लेनदेन बहुत ही सोच समझकर करें। आपको किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती है।
- कुंभ-आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहेगी, लेकिन आप किसी दूसरे के मामले में बोलने से बचें। आप किसी कानूनी मामले को लेकर परेशान रहेंगे, इसके लिए आपको किसी वकील से सलाह लेनी पड़ सकती है।
- मीन- आप बेवजह किसी बात को लेकर क्रोध न करें। आपके मन में कुछ उथल-पुथल रहने से आपको कोई टेंशन तो रहेगी, लेकिन आप अपने कामों को आसानी से पूरा करने की कोशिश में लगे रहेंगे।

## वर्ग पहेली



**बायें से दाये**
1.घटना , वकाया
2.एक कडुआ वृक्ष व फल
5.पुस्तकालय,किताब रखने का भवन
7.पंक्तिबद्ध भोजन करना भंडारा
8.रण, युद्ध, जंग
9.पंक्ति, लाईन
10.भोजन थैली
12.चारपाई, खटिया
13.हाथी, हस्थी
14.घनापन
16.तट, किनारा
17.कक्ष, भवन का एक भाग
18.पथकर वसूली स्थल, चौकी
20.फूली हुई जड़
21.यमराज, मृत्यु का देवता
22.प्रभाकारी, असर करने वाला
25.शामियाना, चांदनी , मंडप
26.इच्छा, चाहत

**ऊपर से नीचे**
1.वममार्गी, विरोधी पाटी
2.बुलावा पत्र, आमंत्रण पत्र
3.आकाश, गगन
4.शान्ति, चैन
5.कोमल नये पत्ते
6.तांबा, एक धातु
9.पिंजरा, कैद स्थल
10.अजन्मा, शिव
12.भोजन पकाने वाला सेबक
13.गणपति , गणेश
15.तार द्वारा सूचना देने की जगह
19.इच्छा, चाहत
22.निवेदन, विनती
23.लीन, एकाग्र
24.अधिकार के लिए मांग

**( हल पेज 5 पर )**

## सार-समाचार

### दीपकमल के विजय विशेषांक का हुआ लोकार्पण विशेषांक, हर अंक संग्रहणीय है - देव



**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी।** नगरीय निकाय व पंचायत चुनाव में जीत हासिल करने वाले प्रतिनिधियों के सम्मेलन में 卐दीपकमल卐 के विजय अंक का विमोचन किया गया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने दीपकमल के अंक की प्रशंसा की और कहा कि इसका हर अंक संग्रहणीय होता है। दीपकमल का हर अंक विशेषांक जैसा होता है इस कार्य के लिए दीपकमल की पूरी टीम बधाई के पात्र है। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, भरत वर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, दीपकमल के संपादक पंकज झा, बिहार प्रदेश के क्षेत्रीय पदाधिकारी आशुतोष, प्रदेश मंत्री किशोर महानंद, प्रबंध संपादक हेमंत पाणिग्रही, सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।


### मौदहापारा में नलों से गन्दा पानी आने की जनशिकायत पर निगम जोन 2 जल विभाग की टीम ने जाकर जानकारी ली

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी।** रायपुर नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 2 के तहत हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड क्रमांक 36 के तहत मौदहापारा क्षेत्र में नलों से गन्दा पानी आने की प्राप्त जनशिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर नगर निगम आयुक्त श्री विश्वदीप के आदेशानुसार और जोन 2 जोन कमिश्नर डॉक्टर आर. के. डोंगरे के निर्देशानुसार नगर निगम जोन 2 जल विभाग की टीम तत्काल सम्बंधित क्षेत्र मौदहापारा पहुंची और जनशिकायत की जानकारी ली. इस दौरान घरों में नलों से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति होना सम्बंधित स्थल पर पाया गया.कुछ स्थानों पर कम पानी आपूर्ति होने की शिकायत निगम जोन 2 जल विभाग के अभियंता को प्राप्त हुई है, जिसका शीघ्र निदान करने आवश्यक कार्यवाही की जा रही है. सम्बंधित क्षेत्र में कहीं भी स्थल पर गन्दा पानी निगम के नलों से आने की जनशिकायत नहीं मिली है और नलों से स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति की जा रही है.

### बिहार दिवस पर आज भाजपा का भिलाई और रायपुर में स्नेह मिलन कार्यक्रम

**रायपुर,**प्रतिदिन राजधानी। भारतीय जनता पार्टी आगामी 22 मार्च को पूरे देश में 'बिहार दिवस' के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के विचार के अनुरूप स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस निमित्त भिलाई में सबह 11 बजे कार्यक्रम रखा गया है जिसमें मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि बिहार दिवस पर रायपुर में कल शाम 05 बजे मेडिकल कॉलेज सभागार रायपुर में कार्यक्रम रखा गया है। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मंत्री केदार कश्यप बतौर विशिष्ट अतिथि और सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरू खुशवंत साहेब, इंद्रकुमार साहू, अनुज शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव व महापौर मीनल चौबे बतौर विशेष अतिथि कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। जिलाध्यक्ष रमेश ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी भारी संख्या में उपस्थित रहेंगे।

## आज का हल



| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 1 | 7 | 9 | 4 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 6 | 9 | 2 | 5 | 8 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 8 | 4 | 6 | 1 | 3 | 9 | 2 | 5 |
| 4 | 7 | 5 | 3 | 8 | 1 | 2 | 6 | 9 |
| 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 7 | 8 | 5 | 1 |
| 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 5 | 4 | 3 | 7 |
| 9 | 5 | 7 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 4 | 8 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 | 5 | 4 | 8 |

# अब केवल सरकार और सुरक्षाबल ही नहीं, बल्कि जनता भी नक्सलवाद के समापन के लिए पूरी तरह तैयार है-डिप्टी सीएम विजय शर्मा

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज विधानसभा परिसर में मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि बीजापुर, कांकेर और नारायणपुर जिलों में सुरक्षा बलों द्वारा चलाए गए सघन सर्च ऑपरेशन में 30 नक्सली मारे गए हैं। बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में डीआरजी, एसटीएफ, बस्तर फाइटर्स, कोबरा और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम द्वारा संचालित ऑपरेशन में 26 नक्सली मारे गए, वहीं कांकेर और नारायणपुर के बॉर्डर इलाके में डीआरजी, बस्तर फाइटर्स और बीएसएफकी संयुक्त कार्रवाई में 4 अन्य नक्सली मारे गए। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने एके-47, एसएलआर, इंसास, 303 राइफल, रॉकेट लॉन्चर और बीजीएल लॉन्चर सहित भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद की है। मारे गए नक्सलियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है, जिसमें यह सुनिश्चित



किया जाएगा कि कितने इनामी नक्सली थे।

### बस्तर में विकास की नई राह

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। हाल ही में 577 मोबाइल टावरों की स्थापना की गई है, जिससे दूरसंचार सुविधाओं में व्यापक सुधार हुआ है। बीजापुर से पामेड़, नारायणपुर से मस्कुल, दंतेवाड़ा से अरनपुर, और जगारगुंडा तक बस सेवाएं बहाल कर दी गई हैं, जो एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

### शहीदों की स्मृति को सम्मान

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रदेश में वीर बलिदानी योजना के तहत प्रारंभिक रूप से 10 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं, जिससे शहीद जवानों की प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी। इस योजना के तहत पंचायत विभाग के माध्यम से लगभग 500-600 प्रतिमाओं की स्थापना की जाएगी।

### बस्तर पंडुम का भव्य आयोजन

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए 1-3 तारीख को बस्तर पंडुम महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में बस्तर के 85 मांझी, पद्मसम्मानित विभूतियां, स्थानीय कलाकार और विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे।

### लाल आतंक के खात्मे का संकल्प

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने मार्च 2026 तक बस्तर से नक्सलवाद समाप्त करने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में यह अभियान और तेज़ किया जाएगा। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि अब केवल सरकार और सुरक्षाबल ही नहीं, बल्कि जनता भी नक्सलवाद के समापन के लिए पूरी तरह तैयार है। छत्तीसगढ़ में तेज़ी से हो रहे विकास कार्य यह दर्शाते हैं कि नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अब शांति और समृद्धि का नया युग आने वाला है।

## आपातकाल देश के इतिहास का काला अध्याय: जिन्होंने संविधान कुचला था, वो अब उसकी दुहाई देते हैं :सीएम साय

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 21 मार्च को भारत के लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक दिन बताय। उन्होंने कहा कि आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है, और 21 मार्च 1977 वह दिन है जब देश ने तानाशाही के विरुद्ध जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा कि यह केवल एक राजनीतिक बदलाव नहीं था, बल्कि भारत के नागरिकों की आस्था, साहस और संघर्ष की विजय थी।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 1975 में लगाए गए आपातकाल ने संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकारों को कुचल दिया था। न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका ङ्क जिनके संतुलन पर हमारा लोकतंत्र टिका है ङ्क उसे तोड़कर समस्त शक्ति एक परिवार के हाथों में केंद्रित कर दी गई थी। नागरिक अधिकारों का दमन, मीडिया पर सेंसरशिप, विरोध की आवाज़ों का दमन और रातों में की जाने वाली गिरफ्तारियां संविधान के चिथड़े उधेड़ते हुए उस भयावह



कालखंड को उजागर करता है।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि मेरे बड़े पिताजी नरहरि साय को भी 19 महीने जेल में रखा गया था। वे लाखों लोकतंत्र सेनानियों में से एक थे जिन्होंने तानाशाही के विरुद्ध खड़े होकर भारत की आत्मा की रक्षा की। कई सेनानियों को तो बेड़ियों में जकड़ा गया, और उनके परिवारों को भी अमानवीय यातनाएँ झेलनी पड़ीं।

मुख्यमंत्री साय ने उस समय की राजसत्ता की क्रूरता को याद करते हुए कहा कि अखबारों पर ताले लगे थे, कलाकारों की आवाज़ बंद कर दी गई थी। किशोर कुमार जैसे गायक तक को रेडियो पर बैन कर दिया गया क्योंकि उन्होंने इमरजेंसी का विरोध किया था। यह सब कुछ उस संविधान के नाम पर हो रहा था, जिसे बनाने में बाबा साहेब अंबेडकर का जीवन लगा था। मुख्यमंत्री ने तीखा प्रहार करते हुए कहा कि आज वही लोग संविधान की किताब हाथ में लेकर संविधान की दुहाई देते हैं, जिन्होंने कभी उसे रौंदने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। जिन्होंने संविधान कुचला था, आजकल वही उसकी दुहाई देते हैं। 1975 में आपातकाल लगाकर पाप किया गया और उसकी पुनरावृत्ति तब हुई जब पिछली कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि रोक दी ङ्क यह उन सेनानियों के त्याग और संघर्ष का अपमान है।

मुख्यमंत्री श्री साय ने लोकतंत्र सेनानियों को नमन करते हुए कहा कि यह दिन हमें याद दिलाता है कि भारत का लोकतंत्र किसी एक पार्टी या सत्ता की बपौती नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों के साहस, बलिदान और संकल्प की देन है। हमें हमेशा सतर्क रहना होगा ताकि फिर कभी लोकतंत्र पर अंधकार का साया न पड़े।

## थैलेसीमिया-सिकलसेल मरीजों को रक्तदान कर 'रक्तदान वीरा' से सम्मानित हुई महिलाएं

**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रत्युषा फाउंडेशन द्वारा सर्व ट्रॉम हॉस्पिटल, तात्यापारा में प्रदेश की उन महिला शक्तियों को 'रक्तदान वीरा' सम्मान से नवाजा गया, जिन्होंने थैलेसीमिया और सिकलसेल से पीड़ित मरीजों के लिए रक्तदान किया। संस्था अध्यक्ष प्रीति दास मिश्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों से अलग-अलग ब्लड ग्रुप की महिलाओं ने रक्तदान कर इस महायज्ञ में भागीदारी निभाई।



पतंजलि योग महिला ग्रुप रायपुर, श्री बालाजी योगा ग्रुप श्रीनगर और वयं फाउंडेशन सहित अन्य संस्थाओं की महिलाओं को पौधा बैग और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मुख्य अतिथि डॉ. सुरेंद्र शुक्ला (अस्थि रोग विशेषज्ञ, सक्षम प्रांत प्रमुख) और विशेष अतिथि श्रीमती इंदिरा जैन (प्रांत महिला प्रमुख, सक्षम), रामजी रजवाड़े (प्रांत प्रचारक, सक्षम), डॉ. प्रीति उपाध्याय (गाइडेंस एंड काउंसलर), पुष्पा समाजसेविका, श्रीमती अनीता वर्मा (समाजसेविका) और डॉ. प्रीति रानी तिवारी (शिक्षिका) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन, मंत्रोच्चार और शंखनाद के साथ हुई। महिला रक्तदाताओं का योगदान

इस कार्यक्रम में लक्ष्मी जिलहारे, सुगंधा जैन, अनीता गजबिहे, चित्रा सोनी, पूजा कुमारी, अदिति रत्नानी, वैशाली पुरोहित, प्रतिभा त्रिपाठी, राधे जिलहारे, शोभा शर्मा (30 बार रक्तदान), अनीता गजबिहे (20 बार), नीलिमा यादव (10 बार) सहित अन्य महिलाओं ने रक्तदान किया। छत्तीसगढ़ के चारों संभागों से आई महिलाओं द्वारा 27 यूनिट रक्तदान किया गया, जिसे थैलेसीमिया और सिकलसेल मरीजों को उपहार स्वरूप प्रदान किया गया।

रक्तदान केंद्र एवं आयोजन समिति कार्यक्रम में आशीर्वाद ब्लड सेंटर, वासु सर जयदीप ब्लड बैंक, विवेक शानू संरक्षक, गुणानिधि मिश्रा, कार्यक्रम संयोजिका डॉ. भवानी प्रधान, सुमन पांडे, मंच संचालिका शशि यादव, पिंकी गुरु, मंजू वर्मा, कमला गुरु, गुड़िया साहू, टीना सोनी, किरण वर्मा, आशीर्वाद ब्लड सेंटर एवं सर्व ट्रॉम हॉस्पिटल के पूरे स्टाफ ने विशेष सहयोग दिया। इस आयोजन ने महिला रक्तदाताओं की प्रेरणादायी भूमिका को उजागर करते हुए रक्तदान महादान के संदेश को और मजबूती प्रदान की। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की तत् पश्चात लक्ष्मी जिलहारे सुगंधा जैन,के जय ,अनीता गजबिहे ,जे नारायण जी अम्मा ,अनीता संधी, मुनी व्यास ,डॉ कविता साहू ,मंजूषा संत ,प्रभा येड़े, पी उषारानी,चिन्मय कुमारी पंडा,चित्र सोनी ,पूजा कुमारी अदिति रत्नानी ,वैशाली पुरोहित ,सुमन यादव ,अदिति पटेल प्रतिभा त्रिपाठी ,राधे जिलहारे आयुष मिश्रा , आई एस श्री आयुषा ,श्री लक्ष्मी ,के शांत अर्चना बोरा कविता साहू , वैशाली पुरोहित 30 शोभा शर्मा 28 बार अनीता गजबिहे 20 बार नीलिमा यादव 10 बार छत्तीसगढ़ के चारों संभाग के अलग अलग शहर और समाज की महिलाओं द्वारा से आज 27 यूनिट रक्तदान किया गया थालेसिमिया सिक्लसेल के मरीजों को उपहार स्वरूप भेट किया गया आशीर्वाद ब्लड सेंटर अंतरा गोवर्धन 82 बार 36 महिलाओं का सम्मान किया गया

## श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी में कानूनी पेशे में चुनौतियां और निराकरण पर अतिथि व्याख्यान आयोजित

### एडवोकेट बी. गोपा कुमार ने कानूनी करियर और व्यावहारिक ज्ञान पर अंतर्दृष्टि साझा की




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी के विधि संकाय ने कानूनी पेशे में चुनौतियां और उनसे कैसे पार पाया जाए विषय पर अतिथि व्याख्यान आयोजित किया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के विशेष लोक अभियोजक (सीबीआई/एनआईए) एडवोकेट बी. गोपा कुमार शामिल हुए।

यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. एस.के. सिंह की उपस्थिति में आयोजित व्याख्यान में कहा गया कि इस प्रकार के विशेष अतिथि व्याख्यान के आयोजन का मुख्य उद्देश्य यूनिवर्सिटी के छात्र अपने अर्जित ज्ञान को व्यावहारिक पहलू में लागू करके अपने विशेष क्षेत्र में कौशल उन्मुख बनना है। प्रो. सिंह ने यूनिवर्सिटी के संक्षिप्त विवरण और स्थापना वर्ष 2018 से उनकी उपलब्धियों के साथ स्वागत भाषण भी दिया। एडवोकेट गोपा कुमार ने अपने अनुभव साझा करते हुए विभिन्न प्रकार के कानूनी पेशेवरों पर प्रकाश डाला, जिनमें सिविल, आपराधिक, आयकर और कॉर्पोरेट वकील शामिल हैं। उन्होंने किताबी ज्ञान की अपेक्षा व्यावहारिक अनुभव के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि एक सफल वकील को कानूनी सिद्धांतों और नियमित अदालती अभ्यास की अच्छी समझ होनी चाहिए।

उन्होंने विधि छात्रों को सलाह दी कि वे अपने करियर के शुरुआती वर्षों में वित्तीय लाभ को प्राथमिकता देने के बजाय व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित करें। उन्होंने जिला न्यायाधीशों से लेकर सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों तक न्यायिक पदानुक्रम और अदालत में मामले दायर करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया। संवादात्मक सत्र में छात्रों ने कानूनी प्रणाली में भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद जैसे मुद्दों पर चर्चा की और संवैधानिक रिटों के बारे में जानकारी प्राप्त की। व्याख्यान ने सफल कानूनी करियर के लिए मजबूत आधार बनाने के लिए महत्वाकांक्षी विद्यार्थियों को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया। सत्र का संचालन डॉ. सीमा मैथ्यू और विधि विभागाध्यक्ष डॉ. श्रद्धा पांडे ने किया। उन्होंने अधिवक्ता गोपाकुमार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापन किया। सहायक प्रोफेसर श्री अभिषेक कुमार मिश्रा के साथ विधि विभाग के सभी स्टाफ मेम्बेर्स और छात्र उपस्थित थे।

## लक्ष्मी नारायण बने देवांगन समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष:लक्ष्मी नारायण देवांगन




**रायपुर,प्रतिदिन राजधानी**

देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश देवांगन और समाज के सहसचिव भीखम लाल देवांगन की मौजूदगी मे समाज के पदाधिकारीयो ने सर्वसम्मति से समाज के युवा सदस्य लक्ष्मी नारायण देवांगन को देवांगन समाज का प्रदेश युवा अध्यक्ष बनाया है। समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष बनने पर पदाधिकारी और सदस्यों ने लक्ष्मी नारायण देवांगन को बधाई देते हुए उनका सम्मान किया। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण देवांगन ने कहा कि समाज को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए पूरे प्रदेश का दौरा कर समाज के युवाओं की फौज तैयार की जाएगी जिससे आने वाले समय में देवांगन समाज मजबूत हो सके। इसके साथ ही समाज को मजबूत बनाने में भागीदारी देना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। इस अवसर पर लक्ष्मी नारायण देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष के साथ वरिष्ठ पदाधिकारीयो को धन्यवाद दिया जिन्होंने उन पर भरोसा कर उन्हें युवाओं को जोड़ने का मौका दिया है। आने वाले समय में पूरे प्रदेश भर में जिलेवार बैठक लेकर कार्यकारिणी में युवाओं की टीम तैयार की जाएगी साथ ही समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाले युवाओं को आगे लाया जाएगा। इस अवसर पर राजनांदगांव के अंकित देवांगन को प्रदेश युवा सचिव और बीरगांव के डोमेश देवांगन को युवा कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

### सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार रायपुर नगर निगम की नवनिर्वाचित परिषद की सामान्य सम्मिलन ( बजट) बैठक 28 मार्च को

रायपुर,प्रतिदिन राजधानी । सभापति सूर्यकान्त राठौड़ के आदेशानुसार नगर पालिक निगम रायपुर के सचिवालय द्वारा नगर निगम रायपुर की नवनिर्वाचित परिषद की सामान्य सम्मिलन ( बजट ) की बैठक दिनांक 28 मार्च 2025 शुक्रवार को प्रात: 11 बजे नगर पालिक निगम रायपुर के मुख्यालय भवन महात्मा गाँधी सदन के चतुर्थ तल पर सामान्य सभा सभागार में आहुत की है. इसमें बैठक में एजेंडा अनुसार एक घण्टे की अवधि नियमानुसार प्रश्नकाल हेतु नियमानुसार निर्धारित है.

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, राजनांदगांव (छ.ग)**

**संक्षिप्त जोनल निविदा सूचना क्रमांक-21**

क्रमांक / 539 / वलेलि / ग्रायांसेवा/2024-25 राजनांदगांव, दिनांक 17.03.2025

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से पंजीकृत एकीकृत पंजीयन प्रणाली से प्रपत्र 'ए' में दर्शित निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु दर प्राप्त करने आनलाईन मैनुवल निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा आमंत्रण |
|---|---|---|
| विकास खण्ड क्षेत्रीय जोनल निविदा 2025-26 ग्रामीण यांत्रिकी सेवा उपसंभाग छुरिया अंतर्गत विभिन्न मदो में स्वीकृत 25.00 लाख से कम लागत के भवन एवं अन्य प्रकार के निर्माण कार्य भाग 1 उपसंभाग छुरिया, अ.चौकी, मोहला, मानपुर कुल 4 स्थानों पर | प्रत्येक कार्य का लागत 40.00 | प्रथम बार |

उपरोक्त कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेबपोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 18.03.2025 से देखी जा सकती है। निविदा कार्यालय में पहुंचने की अंतिम तिथि 01.04.2025 सायं 5.30 तक है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा
संभाग-राजनांदगांव

G-242506072/5



# जय वर्मा से ब्रेकअप की अफवाहों के बाद तमन्ना भाटिया को मिला शादी का प्रस्ताव



## खुलेआम कर दिया शादी के लिए प्रपोज!

साउथ सिनेमा से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग का जलवा बिखेरने वाली अभिनेत्री तमन्ना भाटिया हमेशा अपने काम के लिए चर्चा में रहती हैं। इस समय वह अपनी पर्सनल लाइफको लेकर सुर्खियों में हैं। तमन्ना पिछले दो सालों से अभिनेता विजय वर्मा को डेट कर रही थीं, लेकिन हाल ही में खबरें आई हैं कि दोनों के बीच ब्रेकअप हो गया है। विजय वर्मा से रिश्ते का अंत होने के बाद, एक युवक ने अभिनेत्री को शादी का प्रस्ताव दे दिया, जिससे यह मामला और भी दिलचस्प हो गया है। तमन्ना भाटिया हाल ही में एक पुरस्कार समारोह में शामिल हुई थीं, जहां उनके प्रशंसकों ने उन्हें घेर लिया। इसी दौरान, भीड़ में से एक युवक ने उन्हें शादी के लिए प्रस्ताव दे दिया। सोशल मीडिया पर इसका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें तमन्ना अपने फैन्स से मिल रही हैं और उनके साथ सेल्फी ले रही हैं। तभी उनकी नजर एक व्यक्ति पर पड़ी, जिसने एक पोस्टर पकड़ा हुआ था, जिसमें तमन्ना की तस्वीर के साथ लिखा था, 卐मुझसे शादी करो तमन्ना।卐 यह पोस्टर देखकर तमन्ना मुस्कुरा उठी और उन्होंने उस प्रशंसक से बातचीत की। इस मौके पर तमन्ना सफेद गाउन में बेहद खूबसूरत लग रही थीं। तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने कभी भी अपने रिश्ते को छुपाने की कोशिश नहीं की और हमेशा एक-दूसरे के प्रति अपने प्यार को खुले तौर पर जाहिर किया है। दोनों 2022 से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। इस जोड़ी ने नेटफ्लिक्स की 'लस्ट स्टोरीज 2' में सुजॉय घोष के सेगमेंट में साथ काम किया था। तमन्ना ने जून, 2023 में एक साथ एक साक्षात्कार में विजय के साथ अपने रिश्ते की पुष्टि की और इसके बाद विजय वर्मा ने भी अपने रिश्ते की घोषणा की थी। अब दोनों के ब्रेकअप की खबरें सामने आ रही हैं, लेकिन अभी तक किसी ने भी इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।



# आरसी 16' में जान्हवी कपूर का फर्स्ट लुक जारी

साउथ सुपरस्टार राम चरण पिछली बार फिल्म 'गेम चेंजर' में नजर आए थे। हालांकि, उनके प्रदर्शन को सराहा गया, लेकिन फिल्म बॉक्स ऑफिस पर खास कमाल नहीं दिखा पाई। यह फिल्म अब अमेजन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीमिंग के लिए उपलब्ध है। आने वाले समय में राम चरण कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाले हैं, जिनमें से एक है 'आरसी16'। इस फिल्म में उनकी जोड़ीदार जाह्नवी कपूर होंगी। अब आखिरकार मेकर्स ने 'आरसी16' से जाह्नवी कपूर का फर्स्ट लुक जारी कर दिया है, जिसे देखकर फैंस बेहद उत्साहित हैं।

जाह्नवी कपूर 6 मार्च को अपना 28वां जन्मदिन मना रही हैं। इस खास मौके पर 'आरसी16' की टीम ने फैंस को एक खास तोहफा दिया है। मेकर्स ने एक फोटो शेयर की जिसमे जाह्नवी अपने हाथों में एक भेड़ का बच्चा पकड़े नजर आ रही हैं। यह तस्वीर फिल्म के सेट से ली गई है और उनके किरदार की झलक देती है। फिल्म एक स्पोर्ट्स ड्रामा होगी, जिसे बुची बाबू सना डायरेक्ट कर रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जाह्नवी फिल्म में उत्तराखंड के एक गांव की लड़की की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म में राम चरण और जाह्नवी कपूर के बीच रोमांस भी देखने को मिलेगा, जो इस कहानी को और दिलचस्प बनाएगा। फिल्म के निर्देशक बुची बाबू सना ने जाह्नवी को बधाई देते हुए लिखा, आपको जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं, जाह्नवी कपूर! आपके साथ काम करके बहुत अच्छा लगा और मैं आपके शानदार किरदार को स्क्रीन पर देखने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

जाह्नवी कपूर वर्कफ्रंट की बात करें तो उनके पास इस समय कई बड़े प्रोजेक्ट्स लाइन में हैं। वह जल्द ही सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ अपकमिंग फिल्म 'परम सुंदरी' में नजर आने वाली हैं।

# 'तुमको मेरी कसम' पर अनुपम खेर का रिएक्शन, फैंस से देखने की अपील

अनुपम खेर की फिल्म 'तुमको मेरी कसम' काफी समय से चर्चा में रही है और अब यह फिल्म आखिरकार दर्शकों के बीच आ चुकी है। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। अब अनुपम खेर ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह अपने प्रशंसकों से 'तुमको मेरी कसम' देखने की अपील कर रहे हैं। वीडियो में अनुपम खेर अपनी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' के बारे में बात करते हुए अपने प्रशंसकों से अपील करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा, एक एक्टर की आपसे डायरेक्ट बातचीत और रिक्वेस्ट- आज मेरी फिल्म 'तुमको मेरी कसम' थिएटर्स में रिलीज हो रही है। आपको जरूर पसंद आएगी। बाकी सब मैंने इस वीडियो में बोल दिया है! अंत तक जरूर देखिए और शेयर करिए! आपको मम्मी की कसम!





# तलाक की अर्जी से खुलासा, शादी के दो साल बाद अलग हो

क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा इन दिनों चर्चा में हैं, क्योंकि दोनों के बीच अलग होने की अटकलें काफी समय से मीडिया में थीं। अब बॉम्बे हाई कोर्ट ने युजवेंद्र और धनश्री के तलाक पर फैसला सुनाया और दोनों कानूनी रूप से अलग हो गए हैं। युजवेंद्र और धनश्री ने 2020 में शादी की थी, लेकिन अब करीब चार साल बाद उनका रिश्ता समाप्त हो गया है। अब दोनों के अलग होने को लेकर एक चौंकाने वाला खुलासा सामने आया है। युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा की तलाक की अर्जी के अनुसार यह जोड़ी शादी के दो साल बाद ही अलग हो गई थी। दरअसल, युजवेंद्र और धनश्री की पहली मुलाकात साल 2020 में लॉकडाउन के दौरान हुई थी। लॉकडाउन में एक-दूसरे से मिलने के बाद दोनों की दोस्ती हुई, जो जल्द ही प्यार में बदल गई। इसके बाद दिसंबर, 2020 में धनश्री और चहल ने शादी के बंधन में बंधने का निर्णय लिया था। युजवेंद्र चहल और धनश्री वर्मा ने 5 फरवरी, 2025 को फैमिली कोर्ट में आपसी सहमति से तलाक की अर्जी दी थी।


# शहनाज गिल के रवैये से नाराज हुए लोग, ट्रोलिंग का करना पड़ा सामना



शहनाज गिल अपने चुलबुले अंदाज से सबका दिल जीत चुकी हैं और उनका एक बड़ा फैनबेस है। 'बिग बॉस 13' के जरिए उनकी लोकप्रियता में जबरदस्त इजाफा हुआ था। 2023 में शहनाज ने सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' से बॉलीवुड में डेब्यू किया और इसके बाद वह फिल्म 'थैंक्यू फॉर कमिंग' में भी नजर आईं। हालांकि, इस बार शहनाज किसी फिल्म या प्रोजेक्ट को लेकर नहीं, बल्कि अपने बदले हुए अंदाज की वजह से सुर्खियों में हैं। पहली बार उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है। शहनाज गिल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह एक ब्रांड प्रमोशन को लेकर बातचीत कर रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि एक लड़की शहनाज को अपने ब्रांड का चेहरा बनाने का प्रस्ताव देती है। इस पर शहनाज का जवाब सुनकर हर कोई हैरान रह जाता है। शहनाज हंसते हुए कहती हैं, क्या आपके पास पैसे हैं मुझे देने के लिए? आप मुझे आसानी से अफोर्ड नहीं कर सकते। उनके इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर यूजर्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। कई लोग उनके तेवर पर सवाल उठा रहे हैं, तो कुछ इसे एटीट्यूड प्रॉब्लम बता रहे हैं।

# फिल्म केसरी को 6 साल हुए पूरे, अक्षय कुमार ने शेयर की सीक्वल

अक्षय कुमार की हिट फिल्मों में से एक 'केसरी' को आज पूरे 6 साल हो गए हैं। इस खास मौके पर अभिनेता ने सोशल मीडिया पर फिल्म की एक क्लिप शेयर की है और इसके साथ ही उन्होंने यह भी ऐलान किया कि 'केसरी: चैप्टर 2' जल्द ही आने वाला है। इस खबर से उनके फैंस में खुशी की लहर दौड़ गई है, क्योंकि वे लंबे समय से इस फिल्म के सीक्वल का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। फिल्म के आगामी चैप्टर में क्या नई कहानी होगी, यह देखना बेहद दिलचस्प होगा। अक्षय कुमार ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, 卐नया युद्ध, लेकिन जोश और आग वही। 'केसरी' के छह साल पूरे होने का जश्न। 'केसरी' के जज्बे का जश्न और साथ ही नए चैप्टर का जश्न, जो जल्द शुरू हो रहा है।卐 यह घोषणा फैंस के लिए खुशखबरी लेकर आई है, क्योंकि अक्षय कुमार ने संकेत दिया कि 'केसरी: चैप्टर 2' जल्द ही दर्शकों के सामने होगा। इस फिल्म का नया चैप्टर शंकरन नायर की बायोपिक पर आधारित होगा, जलियांवाला बाग नरसंहार में जनरल डायर की भूमिका को उजागर करने के लिए ब्रिटिश राज के खिलाफ लड़ाई को दिखाएगा। यह फिल्म भारतीय इतिहास के महत्वपूर्ण और दुखद क्षणों को एक नए दृष्टिकोण से पेश करेगी। 'केसरी: चैप्टर 2' के बारे में बात की जाए तो फिल्म अगले महीने रिलीज होने वाली है। पहले इस फिल्म को होली 2025 पर रिलीज करने का प्लान था, लेकिन बाद में इसकी रिलीज डेट बदलकर 18 अप्रैल 2025 कर दी गई। 'केसरी: चैप्टर 2' में इस बार फिल्म की टीम में कुछ बदलाव किए गए हैं। अक्षय कुमार के साथ फिल्म में आर माधवन और अनन्या पांडे भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन करण सिंह त्यागी कर रहे हैं, जो पहले से ही कई बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहे हैं।



प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 22, मार्च 2025

# आईपीएल 2025 की शुरुआत आज से




**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुनो, सुनो, सुनो! साल का वह समय फिर आ गया है जब क्रिकेट की दुनिया दो महीने से अधिक समय तक चलने वाले टी20 क्रिकेट का भरपूर आनंद उठाती है। असंभव से दिखने वाले रिकॉर्ड बनते हैं और पुरानी राइवलरी नए रूप में सामने आती हैं। हम बात कर रहे हैं आईपीएल की। क्रिकेट की दुनिया की सबसे बड़ी लीग आईपीएल अब 18वें सीजन में प्रवेश कर चुका है। 2008 में शुरू हुई लीग अब 18 साल की हो गई है। इतना लंबा, है ना? ऐसा लगता है जैसे कल की ही बात हो जब कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्रेंडन मैकुलम ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (अब बेंगलुरु) के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए आईपीएल के इतिहास की किताब में अपना नाम दर्ज कराया था।

**8 से 10 टीमों तक का सफर**

अप्रैल 2008 में मैकुलम की ऐतिहासिक शतकीय (नाबाद 158 रन) पारी के बाद से आईपीएल ने लंबा सफर तय किया है। अब यह वयस्क हो गया है या यूं कहे बालिग हो गया है और ज्यादा समृद्ध हो गया है। 8 टीमों के साथ शुरु हुआ आईपीएल का सफर अब 10 टीमों तक पहुंच गया है। आईपीएल 2025 की शुरुआत 22 मार्च से हो रही है। इससे पहले हमारे और आपके लिए जानने को बहुत कुछ है। इस सीजन फ्रेंचाइजियों ने कप्तान बदले तो बीसीसीआई ने कई नियम भी बदल दिए। तो आइए जानते हैं आईपीएल 2025 के बारे वो सब कुछ जो आपके मन में लगातार सवालों की बारिश कर रहे हैं।

**आईपीएल 2025 कब शुरू होगा और कब होगा खत्म?**

आईपीएल के 18वें सीजन की शुरुआत 22 मार्च से होगी, जब कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कोलकाता के ईडन गार्डन्स में आमने-सामने होंगे। दिलचस्प बात यह है कि 2008 के बाद से यह पहली बार है जब ये दोनों प्रतिद्वंद्वी किसी सीजन के उद्घाटन मैच में भिड़ेंगे। वहीं, आईपीएल 2025 का फाइनल 25 मई को कोलकाता में ही खेला जाएगा।

**इस आईपीएल में होंगे इतने मैच**

पिछले सीजन की तरह ही- तीन प्लेऑफ (दो क्वालीफायर और एक एलिमिनेटर) और एक फाइनल सहित कुल 74 मैच खेलेंगे जाएंगे।

**10 टीमें और 13 शहर करेंगे मेजबानी**

आईपीएल की दस फ्रेंचाइजियां- CSK, MI, RR, RCB, KKR, PBKS,SRH, LSG, DC और DC अपने-अपने होम ग्राउंड यानी 10 शहरों में अपने मैच खेलेंगी। इन शहरों में कोलकाता, हैदराबाद, चेन्नई, अहमदाबाद, मुंबई, लखनऊ, बेंगलुरु, चंडीगढ़, जयपुर, दिल्ली शामिल हैं। इनके अलावा तीन अन्य स्थानों पर भी आईपीएल के मैच खेले जाएंगे।

दिल्ली कैपिटल्स अपने दो मैच विशाखापत्तनम में खेलेगी, जबकि राजस्थान रॉयल्स भी दो मैचों के लिए गुवाहाटी को अपना घरेलू मैदान बनाएगी। दूसरी ओर, पंजाब किंग्स को धर्मशाला में तीन मैच खेलने हैं।

**आईपीएल की ओपनिंग सेरेमनी**

हर साल की तरह इस साल भी ओपनिंग सेरेमनी की योजना बीसीसीआई ने बनाई है। इसके अलावा रिपोर्ट्स के अनुसार, आईपीएल के 18वें सीजन के उपलक्ष्य में बीसीसीआई सभी 13 स्थानों पर उद्घाटन समारोह आयोजित करने की योजना बना रहा है। हालांकि, ईडन गार्डन्स में भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें श्रेया घोषाल, करण औजला और दिशा पटानी जैसे कलाकार फैंस का मनोरंजन करेंगे।

**बदले नियमों के बारे में भी होनी चाहिए जानकारी**

बीसीसीआई ने मुंबई में स्थित अपने हेडक्वार्टर में आईपीएल कप्तानों के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी कप्तानों की सहमति से कुछ नए नियम बनाए गए, जो इस प्रकार हैं:- गेंद पर लार लगाने पर लगे प्रतिबंध को हटा लिया गया है। ओस से निपटने के लिए दूसरी पारी के 11वें ओवर के बाद दूसरी नई गेंद का इस्तेमाल किया जाएगा।

ऑफ स्टंप के बाहर वाइड और ओवर-द-हेड वाइड डिलीवरी का आंकलन हॉक-आई तकनीक के आधार पर किया जाएगा।

ओवर-रेट अपराध के लिए कप्तान पर प्रतिबंध नहीं लगाया जाएगा। इसके बजाय, अब जुर्माना या डिमेरिट अंक मिलेंगे।

डिमेरिट अंक के आधार पर खिलाड़ी/मैच अधिकारी को निलंबित किया जा सकता है।

## हॉकी की उभरती हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दीपिका अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छाप छोड़ने को तैयार



**एजेंसी, नई दिल्ली**

हाल ही में हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला-अंडर 21) से सम्मानित भारतीय महिला हॉकी की उभरती हुई प्रतिभाशाली खिलाड़ी दीपिका अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने के लिए तैयार हैं। हॉकी इंडिया के मुताबिक हरियाणा के हिसार से ताल्लुक रखने वाली 21 वर्षीय दीपिका को इस पुरस्कार के तहत 10 लाख रुपये की नकद राशि भी प्रदान की गई। गोल करने की बेहतरीन क्षमता रखने वाली इस युवा फॉरवर्ड खिलाड़ी ने इस उपलब्धि पर अपनी खुशी जाहिर की। दीपिका ने कहा, हॉकी इंडिया असुंता लकड़ा अवॉर्ड फॉर अपकमिंग प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला-अंडर 21) जीतना मेरे करियर का एक बड़ा मील का पत्थर है। इस तरह की मान्यता युवा खिलाड़ियों के लिए बहुत प्रेरणादायक होती है और यह हमें मैदान पर कड़ी मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित करती है। यह पुरस्कार सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि मेरी यात्रा में शामिल हर व्यक्ति का है, जिन्होंने मुझे यहां तक पहुंचने में मदद की, और मैं इस समर्थन प्रणाली के लिए तहे दिल से आभारी हूं। यह पुरस्कार दीपिका के लिए और भी खास इसलिए था, क्योंकि उसी साल उनके आदर्श, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सविता पुनिया को हॉकी इंडिया बलबीर सिंह सीनियर अवॉर्ड फॉर प्लेयर ऑफ द ईयर (महिला) से सम्मानित किया गया। अपने आदर्श सविता पुनिया के प्रति अपनी प्रशंसा व्यक्त करते हुए दीपिका ने कहा, बहुत कम उम्र में, जब मुझे यह भी नहीं पता था कि खेल एक पेशा हो सकता है।

मैं हिसार ट्रेनिंग सेंटर में भारतीय महिला टीम के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट से लौटने पर उनका स्वागत करने जाती थी। खिलाड़ियों के लिए तालियां बजाना और सविता जैसी सितारों को फूलों की माला पहनाना मेरे जीवन के सबसे अनमोल क्षण थे।

**Sports News**

## 10 खिलाड़ी वाली चीन की टीम विश्व कप क्वालीफायर में सऊदी अरब से हारी

**एजेंसी, रियाद।** फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफाइंग मुकाबले में चीन को गुरुवार को सऊदी अरब के खिलाफ 1-0 की संकीर्ण हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह एशियाई ज़ोन के ग्रुप ष्ट में तालिका के निचले पायदान पर बनी हुई है। मुकाबले का निर्णायक क्षण दूसरे हाफ के पांचवें मिनट में आया, जब सऊदी अरब के मिडफील्डर सलेम अल दौसारी ने पास से गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। यह गोल तब हुआ जब चीनी गोलकीपर वांग दालेई ने पहले एक तेज़ शॉट को रोकने की कोशिश की, लेकिन रीबाउंड पर अल दौसारी ने मौका भुनाया।

चीन की मुश्किलें पहले हाफ के अंत में तब बढ़ गईं, जब लिन लिआंगमिंग को सऊदी डिफेंडर हसन कदीश के चेहरे पर खतरनाक किक मारने के कारण रेड कार्ड दिखाया गया। इस घटना के बाद खेल को लंबी देर तक रोका गया, क्योंकि कदीश को इलाज के लिए मैदान से स्ट्रेचर पर बाहर ले जाना पड़ा। भले ही सऊदी अरब ने मुकाबले में ज्यादा समय तक गेंद अपने पास रखी, लेकिन वह अपने मौकों को भुना नहीं सकी। पहले हाफ में फैसल अल घामदी के एक गोल को वीएआर हैंडबॉल के चलते अमान्य कर दिया, जिससे मेजबानों की निराशा और बढ़ गई। सात मैचों के बाद चीन सिर्फ छह अंकों के साथ ग्रुप सी में सबसे नीचे बनी हुई है। अब उसका अगला मुकाबला मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया से होगा, जहां वह अपने प्रदर्शन में सुधार की कोशिश करेगी।

## खेलो इंडिया पैरा गेम्सः व्हीलचेयर क्रिकेट, आर्म रेसलिंग के बाद ज्ञान प्रकाश शर्मा को बैडमिंटन से हुआ प्यार



**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की राजधानी में शुरू हुए खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हिस्सा लेने आये ज्ञान प्रकाश शर्मा ने जन्म से ही दोनों पैर लकवाग्रस्त होने के बावजूद बैडमिंटन को दिल से अपनाया। प्रतिभाशाली खिलाड़ी के रूप में उन्होंने उत्तर प्रदेश के लिए व्हीलचेयर क्रिकेट खेलना शुरू किया था और किसी के प्रेरित करने पर आर्म रेसलिंग में भी हाथ आजमाया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। बिहार के पटना निवासी ज्ञान ने बैडमिंटन में अपनी पहचान बनाने की इच्छा जताई है।

व्हीलचेयर (स्स्4) श्रेणी में खेलने वाले ज्ञान प्रकाश शर्मा ने इस साल डॉक्टर शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय (लखनऊ) से एचआर में एमबीए की डिग्री प्राप्त की है। वह इसी विश्वविद्यालय के परिसर में बैडमिंटन का अभ्यास भी करते हैं। वे बिहार से खेलो इंडिया पैरा गेम्स के दूसरे संस्करण में भाग लेने वाले एकमात्र व्हीलचेयर बैडमिंटन खिलाड़ी हैं। जब उनसे इस खेल से जुड़े सफर के बारे में पूछा गया तो ज्ञान ने बताया, लखनऊ में 2023 में पैरा नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप हुई थी। उस समय मैं एक कंपनी में काम कर रहा था, जो टूर्नामेंट स्थल पर हॉस्पिटैलिटी प्रबंधन कर रही थी। मैं खिलाड़ियों, मैच अधिकारियों और रेफरी से मिलता था। यह सब देखकर मैं इस खेल से बहुत प्रभावित हुआ और इसे खेलना शुरू किया।किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले ज्ञान ने 2024 में अपनी श्रेणी में बिहार चैंपियन का खिताब जीता और फिर झारखंड के जमशेदपुर में आयोजित सीनियर नेशनल पैरा चैंपियनशिप में भाग लिया। यह मेरा पहला टूर्नामेंट था। मेरी श्रेणी में 64 खिलाड़ियों के बीच मैंने प्री-क्वार्टर फाइनल तक का सफर तय किया। इसी के आधार पर मेरा चयन खेलो इंडिया पैरा गेम्स के दूसरे संस्करण के लिए हुआ। यही कारण है कि मैं आज यहाँ आया हूँ यह देखने के लिए कि विकलांग खिलाड़ियों की कितनी देखभाल की जाती है। उत्तर प्रदेश के एक मित्र से उधार लिए व्हीलचेयर के सहारे दिल्ली आए ज्ञान प्रकाश शर्मा अच्छे आर्म रेसलर भी हैं और उत्तर प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के नियमित सदस्य भी हैं। उन्होंने पिछले साल इंदौर में आयोजित ऑल इंडिया ओपन आर्म रेसलिंग चैंपियनशिप में 57 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता था। साई मीडिया से बातचीत में ज्ञान ने कहा, मेरा आर्म रेसलिंग करियर बस एक संयोग था। मेरे मध्य प्रदेश के एक मित्र रिंकू ने एक बार मजाक में मुझसे आर्म रेसलिंग करने के लिए कहा। मैंने कोशिश की और वह मुझे हरा नहीं सका। इसके बाद उसने मुझे इस खेल में भाग लेने की सलाह दी और बताया कि इंदौर में ओपन चैंपियनशिप हो रही है। मैं बिना तैयारी के वहां गया और कांस्य पदक जीत लिया!

## घुटने की चोट के कारण गिरोना के स्पेनिश विंगर ब्रायन गिल का सीजन खत्म

**एजेंसी, मैड्रिड।** स्पेन के अंतरराष्ट्रीय विंगर ब्रायन गिल इस सीजन में अब और नहीं खेल पाएंगे। गिरोना क्लब ने गुरुवार को पुष्टि की कि उन्होंने अपने दाएं घुटने के बाहरी लिगामेंट की सर्जरी कराई है। यह चोट उन्हें पिछले सप्ताहांत वेलेंसिया के खिलाफ घरेलू मुकाबले में 1-1 से ड्रॉ के दौरान लगी थी। गिल को पूरी तरह ठीक होने में लगभग चार से पांच महीने का समय लगेगा, तब तक उनका गिरोना के साथ लोन करार समाप्त हो जाएगा। 24 वर्षीय गिल इस सीजन में गिरोना के लिए अहम खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने ला लिगा, कोपा डेल रे और चैंपियंस लीग में कुल 32 मुकाबलों में हिस्सा लिया (28 बार शुरुआती एकादश में), जिसमें उन्होंने चार गोल किए और तीन असिस्ट दिए। गिल 2021 में सेविया से टोटेनहम क्लब में शामिल हुए थे और उनका अनुबंध जून 2026 तक है।

## हसन नवाज ने जड़ा पाकिस्तान के लिए सबसे तेज टी20 शतक




**एजेंसी, ऑकलैंड**

पाकिस्तान के युवा बल्लेबाज हसन नवाज ने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में सबसे तेज़ टी20 शतक लगाकर नया इतिहास रच दिया। हसन नवाज की इस धमाकेदार पारी ने पाकिस्तान क्रिकेट में नया जोश भर दिया है और वह आने वाले मैचों में भी अपनी बेहतरीन फॉर्म जारी रखने के लिए तैयार हैं। ईडन पार्क, ऑकलैंड में खेले गए इस मुकाबले में पाकिस्तान को 205 रनों का लक्ष्य मिला था। ओपनर हसन नवाज ने सिर्फ 44 गेंदों में अपना पहला टी20 शतक पूरा किया, जिसमें 10 चौके और 7 छक्के शामिल थे। उनकी इस धमाकेदार पारी की बदौलत पाकिस्तान ने नौ विकेट से शानदार जीत दर्ज की और पांच मैचों की सीरीज में पहली जीत हासिल की। 23 वर्षीय हसन नवाज ने बाबर आजम का रिकॉर्ड तोड़ दिया, जिन्होंने 2021 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 49 गेंदों में शतक लगाया था।

**तेज़ शुरुआत और ऐतिहासिक साझेदारी**

पाकिस्तान की ओर से हसन नवाज और मोहम्मद हारिस ने तूफानी शुरुआत की और पावरप्ले में 75/1 का पाकिस्तान का सर्वोच्च स्कोर बनाया। हारिस के आउट होने के बाद हसन नवाज और सलमान आगा के बीच 133 रनों की साझेदारी हुई, जिससे पाकिस्तान ने आसानी से जीत दर्ज की।

पाकिस्तान के लिए सबसे तेज़ टी20 शतक

44 गेंदें – हसन नवाज बनाम न्यूजीलैंड, 2024।

49 गेंदें – बाबर आजम बनाम दक्षिण अफ्रीका, 2021।

58 गेंदें – अहमद शहजाद बनाम बांग्लादेश, 2014।

58 गेंदें – बाबर आजम बनाम न्यूजीलैंड, 2023।

## आरसीबी के खिलाफ मुकाबले से पहले वरुण चक्रवर्ती बोले-इस सीजन हमारे पास अच्छे अवसर



**एजेंसी, कोलकाता**

डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) प्रतिष्ठित ईडन गार्डन्स में धमाकेदार वापसी के लिए तैयार है, जहां वे रोमांचक ओपनिंग मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) का सामना करेंगे। पिछले सीजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए केकेआर ने निर्विवाद रूप से चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया था। अब टीम अपने विजयी अभियान को इस सीजन में भी जारी रखना चाहेगी। इस अहम मुकाबले से पहले केकेआर के स्टार स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने टीम की तैयारियों और अपनी रणनीतियों पर प्रकाश डाला। वरुण चक्रवर्ती ने फ्रैंचाइजी की ओर से जारी एक बयान में कहा कि आरसीबी के खिलाफ उनका प्रदर्शन हमेशा अच्छा रहा है, लेकिन इसके पीछे कोई विशेष कारण नहीं है। उन्होंने कहा, ऐसा कुछ विशेष नहीं है, बल्कि उन मैचों की परिस्थितियों और हालात ने मेरी मदद की। उन सभी मैचों में हालात हमारे पक्ष में थे, जिससे मुझे सर्वश्रेष्ठ परिणाम निकालने का मौका मिला। केकेआर की खिताबी रक्षा को लेकर उन्होंने कहा, टीम शानदार दिख रही है। सबसे अहम बात यह होगी कि हम सही संयोजन के साथ मैदान में उतरें और लगातार अच्छा प्रदर्शन करें। अगर हम शुरुआती तीन मैचों में एक मजबूत कोर ग्रुप बना लेते हैं, तो इस सीजन में हमारे पास बहुत अच्छे अवसर हैं। अपने हालिया प्रदर्शन और आईपीएल में अपनी तैयारी पर बात करते हुए उन्होंने कहा, मुख्य चीज है निरंतरता पर काम करना, जो कि सबसे कठिन चीजों में से एक है। मैं लगातार मेहनत कर रहा हूं, ताकि इसे और बेहतर बना सकूं।

## जर्मनी ने नेशंस लीग क्वार्टर फाइनल में इटली को दी मात

रोम। जर्मनी ने यूईएफए नेशंस लीग क्वार्टरफाइनल के पहले चरण में इटली को 2-1 से हराकर शानदार वापसी की।

दोनों टीमें कई अहम खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी से जूझ रही थीं। इटली को सीरी ए के शीर्ष स्कोरर माटेओ रेतेगुई, फेडेरिको दिमार्को और एंड्रिया कंबियासो की सेवाएं नहीं मिल पाईं, जबकि जर्मनी को मार्क-आंद्रे टेर स्टेगेन, काई हैवर्ट्ज और फ्लोरियन वीर्ट्ज के बिना खेलना पड़ा। मैच के नौवें मिनट में इटली ने बढ़त बना ली जब निकोलो बरेला के शानदार पास पर माटेओ पोलिटानो ने गेंद को खींचा और सैंड्रो टोनाली ने उसे गोल में बदल दिया। हालांकि, जर्मनी ने अधिक समय तक बॉल पजेशन रखा, लेकिन इटली ने गोल के कई मौके बनाए। 30वें मिनट में टोनाली के जबरदस्त शॉट को गोलकीपर ओलिवर बॉमन ने बचाया। कुछ देर बाद मोइसे कीन ने ऑफसाइड ट्रैप तोड़ा, लेकिन बॉमन ने फिर से उनका शॉट रोक लिया। दूसरे हाफ की शुरुआत में ही जर्मनी ने बराबरी कर ली जब जोशुआ किमिच ने एक बेहतरीन क्रॉस देकर सब्स्टीट्यूट खिलाड़ी टिम क्लाइंडिएंस्ट को हेडर के जरिए गोल करने का मौका दिया। इसके बाद इटली को लगातार दो मौके मिले, लेकिन टोनाली की बैकहील पास पर कीन गेंद को गोल के ऊपर मार बैठे, जबकि रास्पाडोरी के शॉट को बॉमन ने अपने पैर से रोक लिया। 76वें मिनट में जर्मनी ने मैच पलट दिया जब किमिच के कॉर्नर पर लियोन गोरेट्ज़्का ने एक और हेडर से गोल दाग दिया। इटली ने हार टालने के लिए भरपूर कोशिश की,

## महिला एनएसडब्ल्यू ओपनः दीक्षा डागर शानदार 4-अंडर 67 का स्कोर करके संयुक्त चौथे स्थान पर



**एजेंसी, वोलोंगोंग**

पिछले हफ्ते कट मिस करने के बावजूद दो बार की लेडीज यूरोपियन टूर (एलइटी) विजेता दीक्षा डागर ने महिला एनएसडब्ल्यू ओपन के पहले दौर में शानदार वापसी की। उन्होंने 4-अंडर 67 का स्कोर किया और संयुक्त चौथे स्थान पर रहीं। यह टूर्नामेंट 72-होल स्ट्रोक प्ले प्रारूप में खेला जा रहा है और इसमें 132 खिलाड़ी हिस्सा ले रही हैं। वोलोंगोंग गोल्फ क्लब में नौवें होल (जो बैक नाइन का पहला होल है) से शुरुआत करने वाली दीक्षा का पहला शॉट अच्छा नहीं रहा। हालांकि, इसके बाद उन्होंने जबरदस्त खेल दिखाते हुए अगले 10 होल में सात बर्डी लगाईं। इसके बाद उनकी लय टूटी और तीसरे, पांचवें और छठे होल में तीन बोगी करने के बाद स्कोर में गिरावट आई। हालांकि, सातवें होल पर बर्डी करने के बाद उन्होंने 67 का स्कोर किया और संयुक्त चौथे स्थान पर बनी रहीं। स्पेन की नूरिया इतुर्रिओज और घरेलू खिलाड़ी कर्स्टन रुजले ने 65 (-6) के स्कोर के साथ पहले दौर की समाप्ति पर संयुक्त बढ़त बना ली।

अन्य भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन

प्रणवी उर्स ने ईवन पार 71 का स्कोर किया और संयुक्त 37वें स्थान पर रहीं। पिछले हफ्ते टॉप-15 में जगह बनाने वाली रूकी अवनी प्रशांत ने 1-ओवर 72 का स्कोर किया और संयुक्त 54वें स्थान पर हैं। प्रणवी ने दो बर्डी और दो बोगी की, जबकि अवनी ने दो बर्डी और तीन बोगी के साथ राउंड पूरा किया।

अन्य शीर्ष खिलाड़ी

चार बार की एलइटी विजेता नूरिया इतुर्रिओज ने सुबह सात बर्डी करते हुए बढ़त बनाई, हालांकि तीसरे होल पर एक शुरुआती बोगी भी की। दूसरी ओर, कर्स्टन रुजले ने हवा को अपने पक्ष में किया और पार-5 पहले होल पर बर्डी से शुरुआत की। इसके बाद चौथे, पांचवें और आठवें होल पर बर्डी की, हालांकि छठे होल पर उन्होंने एक शॉट गंवाया। दोपहर में हवाओं का सामना करते हुए रुजले ने 11वें, 13वें और 14वें होल पर बर्डी की और 65 (-6) का स्कोर बनाकर इतुर्रिओज की बराबरी की। स्वीडन की अन्ना मैग्नुसन ने बेहतरीन पुटिंग की बदौलत आठ बर्डी की और पहले दिन तीसरे स्थान पर रहीं।

चार-अंडर पार (-4) स्कोर करने वाली दीक्षा डागर के साथ फिनलैंड की उर्सुला विकस्ट्रॉम, चेक गणराज्य की सारा कौस्कोवा, न्यूजीलैंड की अमेलिया गारवे, डेनमार्क की सेसिलि फिन-इपसेन, थाईलैंड की आंचिसा उतामा और स्विट्जरलैंड की किम मेट्रॉक्स भी संयुक्त चौथे स्थान पर हैं।

## अभिषेक ने हॉकी इंडिया फॉरवर्ड ऑफद ईयर चुने जाने पर कहा- लगातार दूसरी बार सम्मान पाना गर्व की बात



**एजेंसी, नई दिल्ली**

अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित अभिषेक ने एक बार फिर खुद को भारत के शीर्ष हॉकी खिलाड़ियों में साबित किया है। उन्होंने 7वें वार्षिक हॉकी इंडिया अवॉर्ड्स में लगातार दूसरी बार प्रतिष्ठित हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै अवॉर्ड फॉर फॉरवर्ड ऑफ द ईयर जीता। 25 वर्षीय यह प्रतिभाशाली फॉरवर्ड अपनी तेजतर्रार गोल-स्कोरिंग क्षमताओं के लिए जाने जाते हैं और 2024 में भारत की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर टीम के अहम सदस्य बने रहे। इस अवॉर्ड के साथ हॉकी इंडिया ने अभिषेक को 5 लाख रुपये की नकद राशि से भी सम्मानित किया। अभिषेक ने 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम योगदान दिया था, जहां उन्होंने दो महत्वपूर्ण गोल किए। इसके अलावा, उन्होंने 2024 पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी (चीन) में भी भारत की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस टूर्नामेंट के फाइनल में उन्होंने दो गोल दागे और भारत को पांचवीं बार खिताब दिलाने में मदद की।

अवॉर्ड मिलने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए अभिषेक ने कहा, यह अवॉर्ड सिर्फ मेरा नहीं है, बल्कि पूरी टीम और सपोर्ट स्टाफ का है। हॉकी एक टीम गेम है, और हर खिलाड़ी की मेहनत इस तरह की उपलब्धियों में योगदान देती है। लगातार दूसरी बार यह सम्मान प्राप्त करना मेरे लिए गर्व की बात है और मैं अपने साथियों व कोचों का शुक्रगुजार हूं जिन्होंने मुझ पर भरोसा किया। उन्होंने कहा, हम पूरे साल कठिन ट्रेनिंग करते हैं और जब हमारी मेहनत को इस तरह की पहचान मिलती है, तो यह बहुत खास होता है। मेरा फोकस हमेशा भारत के लिए अधिक से अधिक गोल करने और टीम को जीत दिलाने पर रहेगा। अभिषेक को भारत सरकार द्वारा अर्जुन पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था, जो 2024 में भारतीय हॉकी में उनके योगदान का एक और बड़ा प्रमाण है। इस उपलब्धि को लेकर उन्होंने कहा,अर्जुन पुरस्कार जीतना मेरे परिवार के लिए बहुत खास पल था लेकिन मेरे लिए सबसे बड़ी खुशी का पल वह था जब मैंने भारत के लिए ओलंपिक पोडियम पर खड़े होकर मेडल जीता। भविष्य को लेकर अपने लक्ष्य साझा करते हुए अभिषेक ने कहा, मेरा सबसे बड़ा सपना भारत को ओलंपिक स्वर्ण पदक और अगले साल हॉकी वर्ल्ड कप जिताना है। अगर हम ये मुकाम हासिल कर लेते हैं, तो अवॉर्ड्स खुद-ब-खुद मिलते रहेंगे। मैं भारतीय हॉकी के स्वर्णिम युग को वापस लाने के लिए अपना सबकुछ झोंक दूंगा।

## भारतीय मानक ब्यूरो ने मानकीकरण के लिए वार्षिक कार्यक्रम 2025-26 शुरू किया

**नई दिल्ली।** देश के सर्वोच्च मानक निकाय भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने वित्त वर्ष 2025–26 के लिए मानकीकरण का वार्षिक कार्यक्रम (एपीएस) शुरू किया है। यह पहल विभिन्न क्षेत्रों में गुणवत्ता मानकों को बढ़ाने के लिए नए मानक तैयार करने और मौजूदा मानकों को संशोधित करने पर ध्यान केंद्रित करेगी।

उपभोक्ता कार्य, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा? कि एपीएस की शुरुआत 5 से 11 मार्च, 2025 तक आयोजित व्यापक हितधारक परामर्श के बाद हुई है, जिसमें 40 मंत्रालयों और 84 उद्योग संघों के प्रतिनिधि शामिल थे। बीआईएस ने एक डिजिटल प्लेटफॉर्म भी पेश किया है, जो हितधारकों को मानकों का प्रस्ताव करने और उनकी प्रगति पर नज़र रखने की अनुमति देता है। इसका उद्देश्य 23,000 से अधिक बीआईएस मानकों को अधिक से अधिक अपनाने में मदद करना है। मंत्रालय के मुताबिक इस अवसर पर बीआईएस के महानिदेशक प्रमोद कुमार तिवारी ने अपने संबोधन में सहयोग के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने हितधारकों से मानकीकरण प्रक्रिया में सक्रिय रूप से योगदान देने और जहां जरूरी हो वहां विशेषज्ञों को नामित करने का भी आग्रह किया। उन्होंने कहा, यह पहल मानकीकरण के लिए एक रणनीतिक, आवश्यकता–आधारित दृष्टिकोण सुनिश्चित करेगी।

## वर्ष 2032 तक 1.91 लाख सर्किट किलोमीटर पारेषण लाइन जोड़ने की योजना : मनोहर लाल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने शुक्रवार को कहा कि भारत ने वर्ष 2032 तक करीब 1.91 लाख सीकेएम (सर्किट किलोमीटर) विद्युत पारेषण लाइन और 1,274 जीवीए परिवर्तन क्षमता जोड़ने की योजना बनाई है।

विद्युत मंत्रालय ने जारी बयान में बताया कि केंद्रीय विद्युत मंत्री मनोहर लाल ने बिजली मंत्री ने बिजली मंत्रालय से संबंधित संसदीय सलाहकार समिति की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में बिजली एक महत्वपूर्ण घटक है। इस बैठक का विषय राष्ट्रीय विद्युत योजना – ट्रांसमिशन था।

उन्होंने बैठक की अध्यक्षता करते कहा कि राष्ट्रीय विद्युत योजना वर्ष 2023 से वर्ष 2032 की अवधि के दौरान देश में जोड़े जाने वाले आवश्यक पारेषण व्यवस्था का विवरण प्रदान करती है, जो देश में बिजली की मांग में वृद्धि और उत्पादन क्षमता के अनुरूप है। इस बैठक में लोकसभा और राज्यसभा के विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसदों ने भाग लिया।




इस बैठक में आरओडब्ल्यू (मार्ग का अधिकार), विद्युत पारेषण में नई प्रौद्योगिकियों, साइबर सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई। बैठक के दौरान सांसदों ने विभिन्न पहलों और योजनाओं के बारे में कई सुझाव दिए। उन्होंने देश में विद्युत पारेषण नेटवर्क के विस्तार में बिजली मंत्रालय की पहलों और प्रयासों की भी सराहना की।

मंत्रालय ने कहा कि मनोहर लाल ने बैठक के समापन पर प्रतिभागियों के बहुमूल्य योगदान के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने अधिकारियों को सांसदों द्वारा दिए गए सुझावों को शामिल करने तथा लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### ट्रंप के टैरिफप्लान पर सरकार ने कहा

## - अभी तक कोई पारस्परिक शुल्क नहीं लगाया गया है, किया जा रहा मूल्यांकन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने शुक्रवार को स्पष्ट किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने बिना किसी छूट के सभी देशों से इस्पात और एल्यूमीनियम के आयात पर अतिरिक्त शुल्क लगाया है, लेकिन भारत पर अभी तक कोई देश विशेष टैरिफ या पारस्परिक शुल्क नहीं लगाया गया है।



केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने राज्यसभा में एक सवाल के लिखित जवाब में कहा कि सरकार इन शुल्कों के प्रभाव का बारीकी से मूल्यांकन कर रही है, जो पिछले शुल्कों की तुलना में वृद्धि दर्शाते हैं। जितिन प्रसाद ने सीपीआई (एम) के सदस्य जॉन ब्रिटास के एक सवाल के जवाब में कहा कि आज की तारीख तक अमेरिका ने भारत पर विशेष रूप से कोई पारस्परिक शुल्क नहीं लगाया है।

केंद्रीय वाणिज्य राज्यमंत्री ने कहा कि अमेरिका ने सभी देशों से स्टील और एल्यूमीनियम के आयात पर समान रूप से अतिरिक्त शुल्क लगाए हैं, जिनका प्रभाव व्यापक स्तर पर देखा जा रहा है। भारत सरकार इन शुल्कों के प्रभाव का बारीकी से मूल्यांकन कर रही है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पहले भी भारत द्वारा लगाए गए उच्च टैरिफ की आलोचना कर चुके हैं, लेकिन अभी तक दोनों देशों के बीच कोई विशेष व्यापारिक विवाद नहीं उभरा है।

उन्होंने कहा कि अमेरिका ने 13 फरवरी, 2025 को पारस्परिक व्यापार और शुल्कों पर एक ज्ञापन जारी किया है, जिसमें वाणिज्य सचिव और संयुक्त राज्य व्यापार प्रतिनिधि को व्यापारिक साझेदारों की ओर से अपनाई गई किसी भी गैर–पारस्परिक व्यापार व्यवस्था से अमेरिका को होने वाले नुकसान की जांच करने के लिए जरूरी कार्रवाई करनी है। इसके साथ ही प्रत्येक व्यापारिक साझेदार के लिए विस्तृत प्रस्तावित उपायों के साथ एक रिपोर्ट प्रदान करनी है, जिसके आधार पर संबंधित

## बचत और कमाई, दोनों का भरोसा है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट

**एजेंसी, मुंबई**

आज की अनिश्चित आर्थिक स्थिति में अतिरिक्त आमदनी का ज़रिया होना बहुत जरूरी हो गया है। बढ़ती महँगाई, बाजार में उतार–चढ़ाव और वित्तीय लक्ष्यों को पाने के लिए लोग ऐसे निवेश विकल्प तलाश रहे हैं, जो सुरक्षा और बढ़त दोनों प्रदान करें। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक खास लॉन्ग–टर्म सेविंग्स प्रोडक्ट– आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट लॉन्च किया है, जो गारंटीड इनकम के साथ संपत्ति सुरक्षित रखने का मौका देता है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट और डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पालटा कहते हैं, ऻहम चाहते हैं कि हमारे ग्राहक अपने भविष्य को लेकर निश्चिंत रहें और वित्त से संबंधित उनके सभी लक्ष्य पूरे हों।ऻ इस प्लान में आपको अपनी गारंटीड इनकम की अवधि चुनने की आज़ादी मिलती है, साथ ही मेच्योरिटी पर टैक्स–एफिशिएंट तरीके से एकमुश्त रकम भी मिलती है। इसमें एक और खासियत है– हर साल 5ऽ बढ़ने वाली इनकम, जो महंगाई का असर कम करने में मदद करती है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस अब बीमा वितरण को डिजिटल तकनीकों से और मजबूत बना रहा है। कंपनी ने अपने एजेंट्स को सशक्त बनाने के लिए आईप्रू एज मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। अमित पालटा बताते हैं, ऻएजेंट्स ग्राहकों को सही वित्तीय फैसले लेने में मदद करते हैं। आईप्रू एज उनके लिए एक डिजिटल ऑफिस जैसा है, जिससे उनका काम और भी आसान हो जाता है।ऻ यह ऐप एजेंट्स को बिज़नेस लीड्स, सोशल मीडिया मार्केटिंग कॉन्टेंट और पेपरलेस पॉलिसी खरीदने की सुविधा देता है, जिससे वे अपनी ग्रोथ पर फोकस कर सकें।

अप्रैल से दिसंबर 2024 के बीच, आईप्रू एज इस्तेमाल करने वाले एजेंट्स की उत्पादकता 25ऽ बढ़ी, और 98ऽ योग्य एजेंट्स को उसी दिन कमीशन का भुगतान किया गया। कंपनी के एआई–पावर्ड सॉल्यूशंस ने लगभग 50ऽ सेविंग्स पॉलिसी उसी दिन जारी करने में मदद की।

साथ ही, अप्रैल से दिसंबर 2024 के दौरान, कंपनी का क्लेम सेटलमेंट रेश्यो 99.3ऽ रहा, और गैर–जाँच वाले दावों को औसतन 1.2 दिनों में ही निपटा दिया गया। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस अपनी डिजिटल–फर्स्ट एप्रोच और ग्राहक केंद्रित सेवाओं के जरिए न सिर्फ पॉलिसीधारकों को वित्तीय सुरक्षा दे रहा है, बल्कि अपने एजेंट्स के करियर ग्रोथ को भी नई ऊँचाइयों तक पहुँचा रहा है।

## देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.271 पर

**नई दिल्ली/मुंबई**

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 मार्च को समाप्त हफ्ते में 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 15.267 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 653.966 अरब डॉलर हो गया था।

रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि 14 मार्च को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 30.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 654.271 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार 15.267 अरब डॉलर बढ़कर 653.966 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। विदेशी मुद्रा भंडार में यह बढ़ोतरी पिछले दो वर्षों में किसी एक सप्ताह में आया सबसे तेज उछाल था।



आंकड़ों के मुताबिक 14 मार्च को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का एक प्रमुख घटक विदेशी मुद्रा आस्तियां 9.6 करोड़ डॉलर घटकर 557.186 अरब डॉलर रह गईं। इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 6.6 अरब डॉलर बढ़कर 74.391 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) भी 5.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.262 अरब डॉलर हो गया। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 28.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.431 अरब डॉलर रहा। इससे पहले सितंबर, 2024 के अंत में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 704.88 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

## एअर इंडिया की हीथ्रो से संचालित कई उड़ानें प्रभावित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टाटा की अगुवाई वाली एअर इंडिया ने 21 मार्च के लिए लंदन हीथ्रो एयरपोर्ट से आने–जाने वाली अपनी सभी फ्लाइटें रद्द कर दी हैं। एयरलाइन ने यह कदम हीथ्रो एयरपोर्ट पर परिचालन के अस्थायी रूप से बंद होने के कारण उठाया है।

एअर इंडिया ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि लंदन स्थित हीथ्रो एयरपोर्ट पर परिचालन अस्थायी रूप से बंद होने के कारण उसकी कई उड़ानें बाधित हुई है, जबकि कुछ उड़ानों को निरस्त करना पड़ा है। एयरलाइन ने बताया बिजली की भारी कमी की वजह से लंदन हीथ्रो एयरपोर्ट को 21 मार्च को 23:59 बजे तक बंद कर दिया गया है।

एयरलाइन ने कहा कि अधिक जानकारी या सहायता के लिए संपर्क केंद्र पर +91 1169329333/+91 1169329999 पर कॉल की जा सकती है। एअर इंडिया ने कहा कि यूके जाने वाले ग्राहक कृपया +44 203 757 2760 पर कॉल कर सकते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक एयरपोर्ट के बंद होने से कम से कम 1,351 उड़ानें प्रभावित हुई हैं, जिससे 2 दो लाख से ज?यादा यात्री प्रभावित हुए हैं। एयरपोर्ट के बंद होने से ब्रिटिश एयरवेज, क्वांटास, यूनाइटेड एयरलाइंस और एअर इंडिया जैसी एयरलाइनों ने उड़ानें रद्द कर दी हैं या उनका मार्ग बदल दिया है, जबकि फ्रैंकफर्ट, पेरिस और मैड्रिड जैसे प्रमुख केंद्रों ने उड़ानों को डायवर्ट किया है।




## इस वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर, लिस्टेरिन ने Complete TheRoutine के लिए माउथवॉश के महत्व पर जोर दिया

एजेंसी, नई दिल्ली

दुनिया में माउथवॉश ब्रांड और माउथवॉश उद्योग में अग्रणी, लिस्टेरिन ने वर्ल्ड ओरल हेल्थ डे के अवसर पर आज 'लिस्टेरिन लैब्स' का आयोजन किया। इस इवेंट में प्रतिदिन माउथवॉश की मदद से मुँह को साफ़ रखने के महत्व पर जोर दिया गया। यहाँ पिछले 145 वर्षों से माउथवॉश के अनुसंधान और विकास में लिस्टेरिन कीमहत्वपूर्ण विरासत के बारे में भी बताया गया।

लिस्टेरिन लैब्स में अनेक इंटरैक्टिव डेमो और वैज्ञानिक प्रयोगों द्वारा ओरल केयर के बारे में बताया गया। यहाँ दिखाया गया कि ब्रश करने के बाद भी आपके मुँह में क्या रह जाता है। एक 'माउथवॉश कस्टमाइज़ेशन' स्टेशन द्वारा ब्रांड के आधुनिक उत्पादों और इनोवेशंस का प्रदर्शन भी किया गया, जो कीटाणुओं का 99.9ऽ सफ़ाया कर इनेमल को मजबूतबनाते हैं और दांतों को कैविटी एवं प्लाक से बचाते हैं। ये उत्पाद विज्ञान पर आधारित हैं। इस इवेंट में प्रमुख हेल्थ इन्फ्लुएंसर्स भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में एक दिलचस्प पैनल वार्ता का आयोजन भी किया गया, जिसमें इंडियन डेंटल एसोसिएशन (आईडीए) केसदस्यों में ऑनरेरी सेक्रेटरी जनरल, आईडीए एचओ, डॉ. अशोक ढोबले; ऑनरेरी ट्रेज़रर, आईडीए एचओ, डॉ. दीपकमुछाला; जॉइंट सेक्रेटरी, आईडीए एचओ, डॉ. संजय जोशी तथा केनव्यू आरएंडडी टीम ने हिस्सा लिया। इस वार्ता में मुँह की देखभाल के महत्व और उसमें माउथवॉश की भूमिका के बारे में चर्चा की गई।



### भारत में ओरल केयर स्वास्थ्य की एक गंभीर समस्या क्यों है

भारत और विश्व में भी खराब ओरल हेल्थ जनस्वास्थ्य की एक बड़ी समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक भारत में 95ऽ से अधिक वयस्कों के दांतों में कैविटी है। पिछले साल हर 10 में से 6 वयस्क डेंटिस्ट के पास नहीं गए। वहीं, हर 10 में से 8 बच्चों को ओरल हेल्थ की समस्या है। अधिकांश बच्चे दिन में दो बार ब्रश नहीं करते हैं, तथा पिछलेसाल हर 10 में से 7 बच्चे डेंटिस्ट के पास नहीं गए। 60ऽ अभिभावकों को अपने बच्चों की ओरल हेल्थ समस्याओं के बारे में मालूम ही नहीं है।

ओरल केयर के बारे में ऑनरेरी सेक्रेटरी जनरल, इंडियन डेंटल एसोसिएशन एचओ, डॉ. अशोक ढोबले ने कहा, इंडियनडेंटल एसोसिएशन मुँह की पूरी देखभाल में माउथवॉश की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। भारत में ओरल केयर के लिए लापरवाही बरती जाती है। कई वयस्कों और बच्चों को ओरल समस्याएं हैं, लेकिन फिर भी वो डेंटिस्ट के पास समय पर नहीं जाते हैं। इसलिए डेंटल केयर के बारे में जागरूकता बढ़ाया जाना आवश्यक है।

ओरल केयर में माउथवॉश की महत्वपूर्ण भूमिका को प्रमाणित करने वाले वैज्ञानिक अध्ययनों के बारे में केनव्यू इंडियाके सीनियर आर एंड डी डायरेक्टर, नागराजन रामसुब्रमण्यम ने कहा, ऻओरल केयर से जुड़ी कई भ्रांतियां हैं। कई लोगों का मानना है कि मुँह को साफ़ और स्वच्छ रखने के लिए ब्रश करना काफ़ी है। लेकिन ब्रश से केवल मुँह का कुछ हिस्सा ही साफ होता है, इसलिए मुँह की समस्याएं हो सकती हैं। वहीं माउथवॉश से केवल साँस ही ताजा होती है। पर यदि प्रतिदिन ब्रश करने के साथ माउथवॉश का उपयोग भी किया जाए, तो मुँह का स्वास्थ्य बेहतर बन सकता है। लिस्टेरिन0में युकलिप्टोल, मेंथॉल, मिथाइल सैलिसिलेट और थाइमोल जैसे चार आवश्यक तेल होते हैं, जो छह महीने में प्लाक को22.2 प्रतिशत और मसूड़ों की अन्य समस्याओं को 28.2 प्रतिशत तक कम कर सकते हैं। लिस्टेरिन के नई अभियान के बारे में केनव्यू के बिजनेस यूनिट लीडर–एसेंशियल हील, स्किन हेल्थ एंड ओरल केयर औरमार्केटिंग डायरेक्टर, मनोज गाडगिल ने कहा, ऻकैविटी, मसूड़ों की समस्या और बदबूदार साँस ग्राहकों की प्रमुख ओरल प्रॉब्लम्स हैं। भारत में मुँह की देखभाल के प्रति अक्सर लापरवाही बरती जाती है।


## कार्यालय जोन क्रमांक-3, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्रमांक 86/न.पा.नि./जोन-03/2024-25 रायपुर, दिनांक 20.03.2025

मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रित की जाती है :-

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन तिथि - 04.04.2025 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
02. निविदा प्राप्त करने की तिथि - 07.04.2025 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक
03. निविदा जमा करने की तिथि - 11.04.2025 कार्यालयीन समय 4.00 बजे तक
04. निविदा खोलने की तिथि - 11.04.2025 कार्यालयीन समय 5.00 बजे तक

कार्य का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्य का नाम | आगणित राशि (लाख में) | अमानती राशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | ठेकेदार की श्रेणी | प्रपत्र एवं एस.ओ.आर. का विवरण | समयावधि | मद |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत पॉवर पम्प मरम्मत कार्य। | 3.97 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'स' (नॉन एस.ओ.आर.) | 02 माह | संधारण मद |
| 02 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत फंसे पॉवर पम्प निकालने का कार्य। | 3.76 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'स' (नॉन एस.ओ.आर.) | 02 माह | संधारण मद |
| 03 | जोन क्रमांक-03 अंतर्गत नलकूपों में पॉवर पम्प निकालकर सुधार कर पुनः डालने का कार्य। | 3.97 | 4000/- | 750/- | 'डी' एवं इससे ऊपर | प्रपत्र 'स' (नॉन एस.ओ.आर.) | 02 माह | संधारण मद |

1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट / स्पीड के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में जोन क्रमांक-03 नगर पालिक निगम, रायपुर कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

3. संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ई-मेल आईडी datacenter.uad.cg@nic.in आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

4. कार्य क्र. 03 हेतु प्रतिमा की स्थापना राज्य शासन के निर्देशानुसार गठित समिति के अनुमोदन उपरांत कार्य किया जायेगा।

5. उक्त निविदा नगर पालिक निगम, रायपुर के वेबसाईट nagarnigamraipur.nic.in में देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-03
नगर पालिक निगम, रायपुर

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

Pratidinrajdhani.in

Daily Morning Newspaper & Webportal

E Paper Also Available

Web Portal : www.pratidinrajdhani.in
Youtube : Pratidin Rajdhani

दैनिक
प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार

आम ईश्तहार, खरीदी बिक्री,
नाम परिवर्तन, आवश्यकता, कोर्ट नोटिस

संपर्क करें:
शारदा चौक, रायपुर ( छ.ग. )
62629 04444
ई-मेल : pratidincg@gmail.com
E-paper : https://epaper.pratidinrajdhani.in

**विज्ञापन एजेंसियां**

**अतुल पब्लिसिटी**
हलवाई लेन, रायपुर, फोन- 2223699, 2539578, 94252-11222

**एम्बेसी कारपोरेट प्रमोशन**
13-14 तीसरा माला अशोका मिलेनियम, राजेन्द्र नगर रिंग नं.1,
रायपुर, मो. 99811-30300

**अजय एडवरटाइजर्स, पब्लिसिटी**
समवेद शिखर कॉम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर
फोन :2224371, 2537569,94242-01700

**ए.एस. एसोसिएट्स**
प्रथम तल, आनंद भवन गुरुनानक चौक, रायपुर
मो. 93020-77741, 98271-62101

**माहेश्वरी पब्लिसिटी सर्विस**
डॉ. नायडू कॉम्पलेक्स, जेल रोड, बेबीलॉन इन के बाजू में, रायपुर
फोन नं. 4034113, 2234113, मो. 98269-06113

**प्रयास एडवरटाइजर्स**
ग्राउंड फ्लोर 13, सत्य सांई प्लाजा, लेडिकल हॉस्पिटल,
पुराना बस स्टैंड के पास, शिव टाकीज रोड बिलासपुर,
रायपुर, द्वितीय तल श्याम प्लाजा, पंडरी शाप
मो. 98267-01259, 62642-74844

**राजेश पब्लिसिटी**
समता कॉलोनी, कृष्णा टॉकीज के पास, रायपुर
फोन नं. 4043063, मो-94252-08899, 99263-08899

**सुमीत एडवरटाइजर्स**
शहीद स्मारक भवन, रजबंधा, रायपुर
फोन नं. 0771-4031319, मो. 98261-61116, 98267-08989

**शिवम् पब्लिसिटी**
नत्थानी बिल्डिंग बूढ़ापारा, रायपुर
फोन नं. 2539968, मो.-9329100263

**चित्रांश पब्लिसिटी**
24, प्रथम तल, विजेता कॉम्पलेक्स शास्त्री बाजार, रायपुर
मो. 94252-04920, फोन : 2234944, 2582595

**देव एड एजेंसी**
आशीर्वाद टॉवर, राज टॉकीज, रायपुर , फोन नं. 2537897
मो. 7987854705, 98268-77609

**खन्ना एडवरटाइजर्स**
ए-5/2, शंकरनगर सेक्टर- I, केनरा बैंक वाली गली, रायपुर
मो. 98271-44343, 93001-60001 2524032

**ए.के. एडवरटाइजर्स**
चिमन प्लाजा, लिबाज टेलर के बाजू तात्यापारा, रायपुर
मो. 9826145558, 07714028271

**मीतनिशा एडवरटाइजिंग**
23, तीसरा माला रियो काम्पलेक्स, फ्रुट मार्केट के सामने
लालपुर, रायपुर ( छ.ग. ) मो. 98271-46567,93298-46567

**अनिश एड.**
बाटल हाउस के पास, शंकर नगर, रायपुर
मो. 93021-19222. 9303119222

**श्रीराम एडवरटाइजिंग एंड मार्केटिंग रायपुर ब्रांच**
403 चौथी मंजिल मेग्नेटो, जीई रोड, रायपुर
फोन नं. 0771 4055015

प्रतिदिन राजधानी
शनिवार 22, मार्च 2025

# भोरमदेव महोत्सव की तैयारियाँ जोरों पर, ऐतिहासिक धरोहर महोत्सव स्थल को सजाने में जुटा प्रशासन

### दो दिवसीय भोरमदेव महोत्सव 26 और 27 मार्च को आयोजित होगा

**कवर्धा,प्रतिदिन राजधानी**

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत भोरमदेव महोत्सव की तैयारियाँ जोरों पर हैं। यह महोत्सव 26 और 27 मार्च को आयोजित किया जाएगा, जिसमें प्रदेश की समृद्ध संस्कृति, लोककला और परंपराओं का भव्य प्रदर्शन किया जाएगा। कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने आज प्रशासनिक अधिकारियों के साथ भोरमदेव महोत्सव की तैयारियों का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र छवाई, डीएफओ शशि कुमार, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, अपर कलेक्टर डॉ. मोनिका कौडों सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। भोरमदेव महोत्सव में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा ने बताया कि भोरमदेव महोत्सव के शुभारंभ और समापन अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा और राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा सहित सांसदों और अन्य जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाना प्रस्तावित है। महोत्सव के दोनों दिनों में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा की उपस्थिति भी रहेगी। इस लिहाज से महोत्सव स्थल पर सुरक्षा एवं आवश्यक व्यवस्था की जा रही है।



### भव्य मंच, आकर्षक लाइटिंग और उच्च स्तरीय साउंड व्यवस्था पर विशेष जोर

महोत्सव को भव्य बनाने के लिए विशेष मंच निर्माण, आकर्षक साज-सज्जा, रोशनी की उत्तम व्यवस्था और उच्च कोटि के साउंड सिस्टम पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कलेक्टर श्री वर्मा ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन और आगंतुकों के बैठने की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। महोत्सव के दौरान बॉलीवुड, लोक कलाकारों की विशेष प्रस्तुतियाँ, पारंपरिक नृत्य-संगीत, हस्तशिल्प प्रदर्शनी और स्थानीय व्यंजनों के स्टॉल मुख्य आकर्षण होंगे।

### भोरमदेव महोत्सव, आस्था, पुरातत्व और पर्यटन का संगम

मैकल पर्वत श्रृंखला की सुरम्य वादियों में स्थित भोरमदेव मंदिर, अपनी अद्भुत शिल्पकला और स्थापत्य के कारण छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहा जाता है। यह मंदिर हजार वर्षों से अधिक समय से आस्था, संस्कृति और विरासत का केंद्र बना हुआ है। भोरमदेव महोत्सव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह पर्यटन को भी बढ़ावा देने में सहायक है। ऐसे में इस ऐतिहासिक आयोजन को यादगार बनाने के लिए प्रशासन, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक पूरी तन्मयता से तैयारियों की जा रही है।

## बेमेतरा में राजनीतिक दलों की बैठक : निर्वाचन प्रक्रिया में सुधार के लिए दिए गए सुझाव



**बेमेतरा ,प्रतिदिन राजधानी**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज कलेक्ट्रेट के दृष्टि सभाकक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर राजनीतिक दलों के सुझाव प्राप्त किए गए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अंकिता गर्ग सहित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि राजेंद्र शर्मा, नरेंद्र वर्मा, परमेश्वर वर्मा, आदित्य सिंह राजपूत, नवीन ताम्रकार, संतोष वर्मा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष खुशबू गोविंद वर्मा और गोपी देवांगन शामिल थे। बैठक की शुरुआत में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने उपस्थित प्रतिनिधियों को बैठक की रूपरेखा से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए राजनीतिक दलों के सुझावों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि किसी को निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित कोई सुझाव हो, तो वे उसे साझा कर सकते हैं। बैठक के दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इनमें मतदान केंद्रों की सुविधाओं में सुधार, मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाना, मतदाताओं की मृत्यु के बाद उनके नाम सूची से विलोपित करने की प्रक्रिया को तेज करना, वार्ड एवं अनुभागों के परिसीमन को संतुलित करने का के सुझाव दिए। इसके अलावा, वन नेशन, वन इलेक्शन और डिजिटल निर्वाचन जैसी संभावनाओं पर भी सुझाव आए। बैठक के उपरांत राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने ईवीएम और वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक आंतरिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मशीनों को पुनः सीलबंद किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि बैठक में आपके द्वारा दिए गए सुझावों को निर्वाचन प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी और निष्पक्ष बनाने संबंधी दिए सुझाव व बातों से निर्वाचन आयोग को अवगत कराया जाएगा ।

## मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में श्रवण दोष से पीड़ित नकुल को प्रदान किया गया श्रवण यंत्र

**जशपुरनगर,प्रतिदिन राजधानी।** मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की संवेदनशील पहल की वजह से श्रवण दोष से पीड़ित नकुल देव बेहरा को बड़ी राहत मिली है। कैंप कार्यालय में आज उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। श्रवण यंत्र मिलने पर उन्होंने खुशी जाहिर करते मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया है। सुनने में असमर्थ ग्राम हेटखिंचा के नकुल देव बेहरा ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में इस संबंध में आवेदन देकर अपनी परेशानियों का जिक्र किया और श्रवण यंत्र प्रदान करने की मांग की। कैंप कार्यालय बगिया में उन्हें आज श्रवण यंत्र प्रदान किया गया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा बगिया में स्थापित मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करने के साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में भी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।

## प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर , प्रतिदिन राजधानी।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आर.बी.सी. 6-4 के तहत् 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। कांसाबेल तहसील अंतर्गत ग्राम टांगरगांव निवासी प्रीति ज्वाला टोप्पो का सांप के काटने से 22 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पिता संदीप टोप्पो हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

# शिव महापुराण में श्रद्धालुओं की सुरक्षा हेतु प्रशासन ने किए पूर्ण इंतेज़ाम

### प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए बनाये गए 3 कंट्रोल रूम, दूरभाष नम्बर किये गए जारी

**जशपुर,प्रतिदिन राजधानी**

जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखण्ड के मयाली में 21 से 27 मार्च तक आयोजित होने वाली शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां श्रद्धालुओं एवं जनमानस की सुरक्षा हेतु सभी इंतेज़ाम किये गए हैं। जिसके तहत जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा लोगों की सुविधा के लिए कंट्रोल रूम नम्बर जारी किए गए हैं साथ ही 3 कंट्रोल रूम स्थापित किये गए हैं। जिसमें कंट्रोल रूम कुनकुरी 24 घंटे सेवा में उपलब्ध रहेगा। जिसका दूरभाष नम्बर 07764296765 है। वहीं कंट्रोल रूम पुलिस लाइन जशपुरनगर प्रातः 6 बजे से सांय 6 बजे तक सेवा में रहेंगे। जिसका दूरभाष नम्बर 9479193699 है। एक कंट्रोल रूम मयाली में शिव महापुराण कथा पंडाल स्थल के निकट बनाया गया है। जहां प्रातः 6 बजे से सांय 6 बजे तक सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। तीनों कंट्रोल रूम कार्यक्रम समाप्ति तक कार्यरत रहेंगे, इसके लिए अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी भी कंट्रोल रूम में लगाई गई है।




### श्रद्धालुओं के लिए अस्थाई अस्पताल की है व्यवस्था

कार्यक्रम स्थल में श्रद्धालुओं के लिए सभी ज़रूरी इंतज़ाम किये गए हैं। जिसके तहत कार्यक्रम स्थल के निकट अस्थाई अस्पताल का निर्माण किया गया है। जहां पर स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। किसी भी आपात स्थिति के लिए अस्पताल में सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। इसके अतिरिक्त 05 खोया पाया केंद्र, 10 सार्वजनिक पार्किंग स्थल, 03 व्हीआईपी पार्किंग स्थल बनाये गए हैं। रायगढ़, रांची, जशपुर की ओर से बसों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए हेलीपेड के निकट बसों का स्टॉप एवं 05 सार्वजनिक पार्किंग स्थल बनाया गया है। वहीं अम्बिकापुर, बगीचा की ओर से बसों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आयोजन स्थल के निकट बस स्टॉप एवं 05 सार्वजनिक पार्किंग स्थल बनाया गया है। कार्यक्रम स्थल के पास 140 यूनिट अस्थाई शौंचालयों का निर्माण किया गया है। किसी भी आपातस्थिति से बचाव के लिए सुरक्षा एवं बचाव प्रणाली के साथ पुलिस बलों की ड्यूटी भी लगाई है। मोबाइल मेडिकल यूनिट भी स्थापित किया गया है।

## जेल निरीक्षण समिति ने जिला जेल खोखरा और उपजेल सक्ती का किया निरीक्षण



**जांजगीर-चांपा ,प्रतिदिन राजधानी**

जेल निरीक्षण समिति द्वारा जेलों में निरुद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजेन्द्र जायसवाल ने बताया कि सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये। जहां विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर की श्रेणी अंतर्गत कोई बंदी नहीं पाया गया। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जाएगा।


जेल अधीक्षकों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जावे ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रारंभिक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान पूजा तिवारी संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख), सम्मे सिंह कंवर, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी, संतोषी वैष्णव सामाजिक कार्यकर्ता, जेल अधीक्षक खोखरा डी डी टोंडर एवं जेल अधीक्षक सक्ती सतीश भार्गव सहित जेलो के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एयर स्कावाड्रम प्रशिक्षण एयरपोर्ट आगडीह में संकल्प के छात्र प्रत्यक्ष रूप से हुए रूबरू

### संकल्प शिक्षण संस्थान के 36 एवं एनसीसी के 15 छात्रों को एयर विंग कैरियर की दी गई विस्तृत जानकारी

**जशपुरनगर ,प्रतिदिन राजधानी**

नेशनल केडेट क्रोप्स 3 सीजी एआईआर एसक्यूएन एनसीसी रायपुर द्वारा आयोजित एयरपोर्ट आगडीह जशपुर में चल रहे एयर स्कावाड्रम प्रशिक्षण में व्ही.के. साहू प्रशिक्षक के द्वारा एनसीसी सिनियर केडेटो को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



कलेक्टर रोहित व्यास के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक कुमार के दिशा-निर्देश में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर के 36 छात्रों को एयर स्कावाड्रम प्रशिक्षण को देखने का प्रत्यक्ष रूप से अवसर प्राप्त हुआ। साथ ही स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम विद्यालय जशपुर के 15 एनसीसी के छात्र भी शामिल हुए। प्रशिक्षक व्ही.के. साहू पायलट ने केडेटो को एयर विंग कैरियर की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। छात्रों के द्वारा प्रशिक्षक से कई प्रश्न पूछे गये जिनका उत्तर प्रशिक्षक द्वारा सरलता पूर्वक छात्रों के जिज्ञासा को शांत किया गया।

## एन.सी.सी. रायपुर के छात्रों ने देखा सारूडीह चाय बागान और रानीदाह जलप्रपात




**जशपुरनगर ,प्रतिदिन राजधानी**

जशपुर विकासण्ड के आगडीह स्थिति एयरपोर्ट में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित 3 सीजी एआईआर एसक्यूएन एनसीसी रायपुर के छात्रों का प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है।

विगत दिवस जिला प्रशासन और कलेक्टर श्री रोहित व्यास के मार्गदर्शन में पूरे टीम को प्राकृतिक स्थल रानीदाह जलप्रपात और सारूडीह चाय बगान का भ्रमण कराया गया। जहां एन.सी.सी. के छात्रों ने रानीदाह जलप्रपात के इतिहास को जाना एवं जशपुर के प्राकृतिक सौन्दर्य के सुन्दर दृश्यों का अवलोकन किया। साथ ही चाय बगान के दृश्यों को निहारते हुए जशपुर के प्राकृतिक स्थलों की जानकारी ली।

## स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में शिविर, 210 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**बेमेतरा ,प्रतिदिन राजधानी**

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस (20 मार्च 2025) के अवसर पर बेमेतरा स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव एवं राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ. भेख राम साहू के मार्गदर्शन में यह आयोजन शासकीय नवीन कन्या पूर्व माध्यमिक शाला बेमेतरा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा एवं आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम फरि में किया गया। इस अवसर पर कुल 210 बच्चों का मुख स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा उन्हें सही तरीके से ब्रश करने के फायदे बताए गए। इस वर्ष के विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस की थीम Happy MOUTH IS A HAPPY BODY को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय बेमेतरा के दंत




चिकित्सक डॉ. विजया रमन एवं डेंटल असिस्टेंट राजेश शर्मा ने बच्चों व शिक्षकों को मुख स्वास्थ्य से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर में मुख कैंसर की प्रारंभिक पहचान और बचाव को लेकर भी जागरूकता अभियान चलाया गया। डॉ. भेख राम साहू ने जानकारी दी कि भारत में हर साल 12 लाख लोग कैंसर से प्रभावित होते हैं, जिनमें से 40त्न मामले तंबाकू उत्पादों के कारण होते हैं। विशेष रूप से, बच्चों और महिलाओं में तंबाकू उत्पादों के उपयोग में वृद्धि चिंता का विषय है, जिससे मुख कैंसर के मामलों में भी वृद्धि हो रही है।

मुख स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं और उनके दुष्प्रभाव :

मुख स्वास्थ्य की अनदेखी से दांतों की सड़न, मसूड़ों में सूजन, खून आना, असमय दांतों का गिरना, मुंह से दुर्गंध, मुंह का कम खुलना, गर्म एवं मसालेदार भोजन में परेशानी जैसी समस्याएं हो सकती हैं। गर्भवती महिलाओं में यह समस्या कुपोषण, समयपूर्व प्रसव, गर्भपात, नवजात में जन्मजात विकृतियां, मानसिक कमजोरी, अंधापन, बहरापन जैसी जटिलताओं को जन्म दे सकती है।

मुख कैंसर के सामान्य लक्षण :

1. मुंह में लंबे समय तक छाले (2 सप्ताह से अधिक) 2. मसूड़ों और जीभ पर सफेद या लाल चकत्ते 3. मुंह का कम खुलना (3 उंगलियों से कम) खाने का स्वाद महसूस न होना आवाज में भारीपन या बदलाव । 6. मसूड़ों, जबड़े, जीभ या गले में सूजन 7. मुंह में लंबे समय से न भरने वाला घाव तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श और इलाज :

तंबाकू की लत से छुटकारा पाने के लिए जिला चिकित्सालय बेमेतरा में स्थापित तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र में उचित परामर्श एवं निकोटिन रिप्लेसमेंट थेरेपी (हक्रञ्ज) तथा अन्य चिकित्सीय उपाय उपलब्ध हैं।

इच्छुक व्यक्ति इस सुविधा का लाभ लेकर अपने स्वास्थ्य की रक्षा कर सकते हैं।

## एसएसपी रजनेश सिंह को बैच लगाकर आईपीएस इंटेलिजेंस अमित कुमार ने किया सम्मानित

**रतनपुर,प्रतिदिन राजधानी**

ऐतिहासिक और धार्मिक नगरी रतनपुर में आज का दिन खास बन गया, जब बिलासपुर पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह (भा.पु.से.) को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) के रूप में प्रमोशन मिला। लेकिन यह कोई आम प्रमोशन नहीं था ङ्क यह महामाया माता के दरबार में हुआ, जहाँ ADG (इंटेलिजेंस) अमित कुमार (भा.पु.से.) ने उन्हें बैच और स्टार पहनाकर सम्मानित किया। धार्मिक नगरी में पहली बार ङ्क माँ महामाया के साक्षी में पुलिस स्टार सेरेमनी!

रतनपुर की धरती ने पहली बार देखा जब किसी पुलिस अधिकारी का प्रमोशन सीधा महामाया मंदिर के प्रांगण में हुआ। माँ महामाया के दर्शन और पूजन के बाद, पूरे विधि-विधान से ADG अमित कुमार ने स्स्क्क रजनेश सिंह को बैच और स्टार पहनाए। इस ऐतिहासिक मौके पर रतनपुर के मंदिर परिसर में पुलिस अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों की भीड़ उमड़ पड़ी।



एसएसपी बनने पर रजनेश सिंह को एएसपी अर्चना झा ने दी बधाई

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ASP) अर्चना झा एवं (ASP) उद्यन बिहार ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (SSP) बने रजनेश सिंह को गुलदस्ता भेंट कर बधाई और शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर एएसपी अर्चना झा ने उनके उज्ज्वल भविष्य और सफल कार्यकाल की कामना की। पुलिस विभाग में इस नियुक्ति को लेकर हर्ष का माहौल है। पुलिस बल और गणमान्यजनों की शानदार उपस्थिति! इस गौरवशाली समारोह में कोटा SDOP श्रीमती नुपूर उपाध्याय, थाना प्रभारी रतनपुर नरेश कुमार चौहान, महामाया मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा और रतनपुर पुलिस बल के कई अधिकारी व जवान उपस्थित रहे। स्टार सेरेमनी खत्म होते ही रतनपुर में जश्न का माहौल बन गया। स्स्क्क बने रजनेश सिंह को मंदिर परिसर में अन्य लोगों ने उन्हें शुभकामनाएँ दीं और माँ महामाया का आशीर्वाद लेकर उनकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभेच्छाएँ प्रकट कीं।

रतनपुर की धार्मिक धरा पर हुआ यह आयोजन बिलासपुर पुलिस विभाग के लिए भी एक ऐतिहासिक क्षण बन गया।

# अमेरिका में बंद होगा शिक्षा मंत्रालय

## ट्रंप के फैसले के बाद कैसे चलेंगे शिक्षण संस्थान, कौन उठाएगा खर्च?

**नई दिल्ली।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बड़ा फैसला किया है। उन्होंने राष्ट्रपति चुनाव के दौरान शिक्षा मंत्रालय को बंद करने के अपने वादे को निभाया है। गुरुवार को उन्होंने इससे जुड़े एक आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत अब संघीय स्तर पर शिक्षा मंत्रालय को खत्म किया जाना है।

ट्रंप के इस फैसले की पूरी दुनिया में चर्चा है। दरअसल, अमेरिका में शिक्षा व्यवस्था दुनिया में सबसे बेहतरीन स्तर की मानी जाती है। ऐसे में ट्रंप के इस फैसले को लेकर कई सवाल उठने लगे हैं। मसलन शिक्षा मंत्रालय को बंद करने के फैसले के बाद अमेरिका की शिक्षा व्यवस्था कैसे चलेगी? इस फैसले का देश में शिक्षण संस्थानों पर क्या असर होगा? उनके खर्च कैसे चलेंगे? छात्रों और उनके अभिभावकों का क्या होगा? आइये जानते हैं...



### पहले जानें- क्या है अमेरिका का शिक्षा मंत्रालय, यह करता क्या है?

अमेरिका में शिक्षा मंत्रालय की स्थापना 1979 में तत्कालीन राष्ट्रपति जिमी कार्टर की तरफ से की गई थी। इसका मकसद अमेरिका में अलग-अलग राज्यों के साथ केंद्रीय स्तर पर शैक्षिक नीतियों की निगरानी और स्कूलों को वित्तीय मदद देना था।

अमेरिका में शिक्षा व्यवस्था को चलाने का तरीका, भारत या अन्य देशों के मुकाबले काफी अलग है। अमेरिका में शिक्षा का अधिकतम भार केंद्र या संघ की सरकार के पास नहीं, बल्कि राज्य और जिला प्रशासन के ऊपर होता है। यानी अमेरिका में शिक्षा मंत्रालय का काम सरकारी स्कूलों को चलाना और उसका पाठ्यक्रम निर्धारित करना नहीं होता, यह जिम्मेदारी प्राथमिक तौर पर राज्यों और जिलों के प्रशासन की होती है।

संघीय शिक्षा मंत्रालय सरकारी और कुछ निजी स्कूलों की फंडिंग से जुड़े बेहद अहम कार्यक्रमों से जुड़ा रहता है। खासकर दिव्यांग छात्र-छात्राओं और कमजोर तबके के स्टूडेंट्स की शिक्षा के लिए फंड्स देने के मामले में।

शिक्षा मंत्रालय पूरे अमेरिका में नागरिक अधिकारों को लागू कराने के लिए भी जिम्मेदार होता है। केंद्रीय सरकार इस बावत भी फंड्स जारी करती है कि स्कूलों में नस्ल और लैंगिक आधार पर भेदभाव को रोका जा सके।

इतना ही नहीं शिक्षा मंत्रालय अमेरिकी स्कूलों का डाटा जुटाने और शिक्षा व्यवस्था में आ रही दिक्कतों को सुलझाने का भी काम करता है।


### तो क्या शिक्षा मंत्रालय को राष्ट्रपति के आदेश पर ही बंद किया जा सकता है?

डोनाल्ड ट्रंप ने शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने का आदेश तो दे दिया है, लेकिन यह काम इतना भी आसान नहीं होने वाला। दरअसल, अमेरिका में मंत्रियों की नियुक्ति और इन्हें हटाने का अधिकार राष्ट्रपति के पास होता है, लेकिन मंत्रालयों को स्थापित करने, इनकी फंडिंग और बाकी चीजों की जिम्मेदारी अमेरिकी संसद के पास होती है। ऐसे में ट्रंप को शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने के लिए संसद की मंजूरी भी चाहिए होगी।

अमेरिकी संसद के उच्च सदन में ट्रंप को सुपरमेजौरिटी यानी 100 में से 60 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी। ताजा आंकड़ों की बात करें तो चुनाव के बाद सीनेट में ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत है। फिलहाल सीनेट में रिपब्लिकन पार्टी के 53 तो डेमोक्रेटिक पार्टी के 47 सांसद हैं। इस लिहाज से ट्रंप को शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने के लिए डेमोक्रेट पार्टी के 7 सांसदों के समर्थन की जरूरत होगी, जो कि दूर की कौड़ी साबित हो सकता है।

इतना ही नहीं अमेरिकी संसद के निचले सदन- हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में भी ट्रंप को शिक्षा मंत्रालय खत्म कराने के लिए जरूरी समर्थन जुटाने में मुश्किल आएगी। बीते साल जब एक अन्य विधेयक के साथ शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने के लिए एक संशोधन लाया गया था, तब रिपब्लिकन पार्टी के ही 60 सांसदों और पूरी डेमोक्रेटिक पार्टी ने इसके खिलाफ वोट किया था।

इसके बावजूद डोनाल्ड ट्रंप शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने के अपने फैसले के साथ आगे बढ़े हैं। उन्होंने शिक्षा मंत्री लिंडा मैक्मेहन को आदेश दिया है कि वह इस एजेंसी को खत्म करने के लिए काम शुरू कर दें और संघ पर आने वाली सारी जिम्मेदारी (फंडिंग-व्यवस्था) को राज्यों और जिला प्रशासनों को हस्तांतरित कर दें।



ट्रंप के इस आदेश में साफ नहीं है कि संघीय शिक्षा मंत्रालय के खत्म होने के बाद इसके कार्यक्रमों का क्या होगा या इसके कर्मचारियों को किसी और मंत्रालय में भेजा जाएगा या नहीं। इसके अलावा यह भी साफ नहीं है कि संघीय सरकार आगे वित्तीय मदद और छात्रों की तरफ से इस्तेमाल किए गए कर्ज के मुद्दे पर क्या करेंगे। ट्रंप के आदेश में शिक्षा मंत्रालय को पूरी तरह से खत्म करने की कोई समयावधि भी नहीं दी गई है। माना जा रहा है कि राष्ट्रपति के इस फैसले को अमेरिकी अदालतों में चुनौती दी जा सकती है।

### शिक्षा मंत्रालय खत्म हुआ तो छात्रों-अभिभावकों पर क्या पड़ेगा असर?

शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने से सैकड़ों स्कूलों को मिलने वाली वित्तीय सहायता खत्म हो जाएगी। इससे शिक्षकों और स्टूडेंट्स पर बराबर असर पड़ने की आशंका है। खासकर दिव्यांग छात्रों को बढ़ावा देने वाले और नस्लीय-लैंगिक विविधता बनाए रखने वाले स्कूलों पर इस फैसले का सबसे ज्यादा असर पड़ेगा।

### ट्रंप और रिपब्लिकन पार्टी शिक्षा मंत्रालय को खत्म क्यों करना चाहती है?

शिक्षा मंत्रालय की स्थापना होने के बाद से ही रिपब्लिकन पार्टी इसके खिलाफ रही है। डेमोक्रेट राष्ट्रपति जिमी कार्टर के दौर में ही रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के तौर पर उभरे रोनाल्ड रीगन ने 1980 में चुनाव प्रचार के दौरान शिक्षा मंत्रालय को खत्म करने की बात कही थी। दरअसल, रिपब्लिकन पार्टी का तर्क है कि वह शिक्षा के केंद्रीयकरण के खिलाफ है और इसे राज्यों और स्थानीय प्रशासनों के हवाले ही कर देना चाहिए, जो कि अपनी जरूरत और आबादी की संरचना के हिसाब से शिक्षा से जुड़े सारे फैसले ले सकें।

डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व में भी रिपब्लिकन पार्टी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का विरोध किया था। पार्टी ने मंत्रालय पर नागरिक अधिकारों की रक्षा के नाम पर बच्चों पर वोक (Woke) यानी उदारवादी राजनीतिक विचारधारा को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। साथ ही लैंगिक और नस्लीय मुद्दों पर भी इस विचारधारा का विरोध किया।

ट्रंप ने अपने प्रचार अभियान के दौरान कहा था कि वह स्कूलों को नस्लीय भेदभाव को रोकने के लिए वित्तीय मदद देने की जगह नागरिक अधिकार से जुड़े केसों का सहारा लेंगे। उन्होंने इस एवज में दी जाने वाली मदद को नस्लभेद बढ़ाने वाला करार दिया है। इतना ही नहीं ट्रंप प्रशासन ने नस्लभेद के कथित आरोपों को लेकर कई कॉलेजों के खिलाफ जांच शुरू कर दी है।

# तीन भारतीय नागरिकों को इंडोनेशिया में मिल सकती है मौत की सजा, ड्रग तस्करी का है आरोप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में तीन भारतीयों को मौत की सजा सुनाई जा सकती है। दरअसल तीनों पर जुलाई 2024 में इंडोनेशिया में ड्रग की तस्करी करने का आरोप है। फिलहाल मामले में सुनवाई चल रही है, लेकिन इंडोनेशिया के कानून के मुताबिक तीनों को मौत की सजा सुनाई जा सकती है। आरोप है कि इन तीनों भारतीयों ने सिंगापुर का झंडा लगे जहाज से इंडोनेशिया में ड्रग पहुंचाई।

### तीनों आरोपी तमिलनाडु के हैं निवासी



तीनों की पहचान राजू मुथुकुमारन (38 वर्षीय), सेल्वादुरई दिनाकरण (34 वर्षीय) और गोविंदसामी विमलकंधन (45 वर्षीय) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी तमिलनाडु के निवासी हैं। तीनों सिंगापुर की शिपिंग इंडस्ट्री के लिए काम कर रहे थे। तीनों पर 106 किलो क्रिस्टल मेथ ड्रग अवैध रूप से इंडोनेशिया ले जाने का आरोप है। इंडोनेशिया के सुरक्षाबलों ने करीकुम जिले के पोंगकर इलाके में जहाज को पकड़ा। जहां से जहाज पकड़ा गया, वहां से सिंगापुर की दूरी महज एक घंटे की है। इस मामले में अब जहाज के कैप्टन की गवाही होनी है, लेकिन जहाज का कैप्टन कोर्ट में पेश नहीं हुआ। वह जूम कॉल के जरिए सुनवाई से जुड़ा और इसके चलते उसकी गवाही नहीं हो सकी। इस मामले में जहाज के कैप्टन की गवाही बेहद अहम है और उसी से ही तीनों भारतीयों की बेगुनाही साबित हो सकती है।

### 15 अप्रैल को हो सकता है सजा का एलान

इंडोनेशिया के अभियोजकों ने तीनों भारतीयों के लिए मौत की सजा की मांग की है। एक भारतीय वकील ही तीनों भारतीयों का पक्ष रख रहा है। बचाव पक्ष का कहना है कि कैप्टन की मंजूरी के बिना इतनी बड़ी संख्या में ड्रग को जहाज में रखना संभव नहीं है। साथ ही जहाज से मिली सभी चीजों की जिम्मेदारी कैप्टन पर होती है। इस मामले में 15 अप्रैल को सजा का एलान हो सकता है।

# भारतीय शोधकर्ता के निर्वासन पर जज ने लगाई रोक

## हमास का समर्थन करने का है आरोप

**वॉशिंगटन।** कथित तौर पर हमास का समर्थन करने के लिए जिन भारतीय शोधकर्ता पर निर्वासन की तलवार लटक रही थी, उन्हें अब अमेरिका के एक जज ने बड़ी राहत देते हुए उनके निर्वासन पर फिलहाल रोक लगा दी है। बद्र खान सूरी वॉशिंगटन डीसी की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में पोस्ट डॉक्टरल फेलो हैं। बद्र खान सूरी पर बीते दिनों अमेरिका में हमास के समर्थन में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान आतंकी संगठन का समर्थन करने का आरोप लगा है। ट्रंप सरकार हमास समर्थकों को देश से निर्वासित कर रही है, जिसके बाद बद्र खान सूरी को भी हिरासत में लिया गया है।

### भारतीय शोधकर्ता पर ये हैं आरोप



बद्र खान सूरी ने अपने निर्वासन के खिलाफ अदालत में अपील की। अब गुरुवार को वर्जीनिया अदालत की जज पैट्रिसिया टोलिवर जाइल्स ने अपने आदेश में बद्र खान सूरी के निर्वासन पर अदालत के अगले आदेश तक रोक लगा दी है। बद्र सूरी को लुइसियाना के एक डिटेंशन सेंटर में हिरासत में रखा गया है। अमेरिका के मानवाधिकार संगठन अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन ने भी इस मामले में एक याचिका दायर की थी। बद्र खान सूरी को सोमवार को उनके अर्लिंगटन स्थित आवास से हिरासत में लिया गया था। अमेरिका के आंतरिक सुरक्षा विभाग होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का दावा है कि बद्र खान सूरी हमास का प्रोपेगेंडा फैला रहे थे और सोशल मीडिया पर यहूदी विरोध को बढ़ावा दे रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का आरोप है कि बद्र खान सूरी के हमास के साथ संबंध भी हैं।

### फलस्तीनी मूल की है पत्नी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सूरी के वकील हसन अहमद ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि सूरी को उनकी फलस्तीनी मूल की पत्नी की विरासत के कारण दंडित किया जा रहा है। उनकी पत्नी मेफेज सालेह गाजा मूल की हैं। फिलहाल वह जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के समकालीन अरब अध्ययन केंद्र में प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने फलस्तीन स्थित गाजा के इस्लामिक विश्वविद्यालय से पत्रकारिता और सूचना में स्नातक की डिग्री ली है। उन्होंने भारत में नई दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कॉन्फ्लिक्ट रेजोल्यूशन से संघर्ष विश्लेषण और शांति स्थापाना में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त की है।

# शुक्रवार को पूरे दिन बंद रहेगा लंदन का हीथ्रो हवाई अड्डा

## आग के चलते बंद हुई बिजली की सप्लाई

**लंदन।** ब्रिटेन का हीथ्रो हवाई अड्डा शुक्रवार को बंद रहेगा। दरअसल एक पावर स्टेशन में भीषण आग लगने के चलते हीथ्रो हवाई अड्डे और इसके आसपास के हजारों घरों में शुक्रवार को बिजली गुल रहेगी। पश्चिमी लंदन के एक पावर स्टेशन में लगी आग के बाद आसपास के 150 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। हवाई अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा कि 'यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे पास शुक्रवार को हवाई अड्डे को बंद करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। ऐसे में यात्रियों को हवाई अड्डे आने से बचना चाहिए।'



### एयर इंडिया ने रद्द की उड़ान सेवाएं

एयर इंडिया ने हीथ्रो हवाई अड्डे जाने वाली अपनी सभी उड़ान सेवाएं 21 मार्च को रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर बिजली संकट के चलते एयर इंडिया की सभी उड़ानें 21 मार्च को रात 23.59 तक रद्द रहेंगी। एयरलाइन ने अपने कॉन्टैक्ट सेंटर के नंबर भी जारी किए हैं, जहां से अपडेट लिए जा सकते हैं।

### एयर इंडिया ने क्या कहा?

लंदन हीथ्रो हवाई अड्डे से आने-जाने वाली उड़ानें शुक्रवार को बाधित रहीं। एयर इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि क उड़ान मुंबई लौट रही है, दूसरी को फ्रैंकफर्ट भेजा जा रहा है। बिजली की एक बड़ी कमी के बाद लंदन हीथ्रो (एलएचआर) पर परिचालन 21 मार्च को 2359 बजे (स्थानीय समय) तक निलंबित कर दिया गया है। एयर इंडिया के अलावा, ब्रिटिश एयरवेज और वर्जिन अटलांटिक की विभिन्न भारतीय शहरों और दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक एलएचआर के बीच रोजाना सीधी उड़ानें हैं।

### बिजली कटौती से 16 हजार से ज्यादा घर हुए प्रभावित

लंदन अग्निशमन विभाग ने बताया कि 10 फायर इंजन और करीब 70 अग्निशमन दल के सदस्यों ने आग पर काबू पाया। बिजली स्टेशन में लगी आग इतनी भीषण थी कि उससे निकलने वाला धुआं काफी दूर तक देखा गया और सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें खूब पोस्ट की गईं। इस इलाके में बिजली सप्लाई करने वाले स्कॉटिश एंड सदर्न इलेक्ट्रिसिटी नेटवर्क ने बताया कि बिजली कटौती के चलते 16,300 से ज्यादा घर प्रभावित हुए हैं। आग की घटना गुरुवार देर रात करीब 11.23 पर घटी। आग लगने की वजह अभी भी स्पष्ट नहीं है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बयान जारी कर बताया कि एयरपोर्ट 21 मार्च को रात 11.59 बजे तक बंद रहेगा।

# उत्तर कोरिया ने नई विमानभेदी मिसाइलों का किया परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को नई विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण किया। उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास को लेकर उनके खिलाफ गंभीर कदम उठाने की धमकी दी है। उत्तर कोरिया ने अपने परीक्षण को आक्रमण का पूर्वाभ्यास बताया है। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि उनके नेता किम जोंग उन ने गुरुवार को परीक्षणों की निगरानी की और कहा कि ये मिसाइलें उत्तर कोरिया के लिए ?एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली? हैं।

मिसाइल प्रक्षेपण, इस वर्ष उत्तर कोरिया की छठी हथियार परीक्षण गतिविधि, उसी दिन हुई जिस दिन अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाओं ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास समाप्त किया। 11 दिवसीय

### अमेरिका-दक्षिण कोरिया पर की ये टिप्पणी



प्रशिक्षण जनवरी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उद्घाटन के बाद से सहयोगियों का पहला प्रमुख संयुक्त सैन्य अभ्यास था।

अमेरिका और दक्षिण कोरिया के अधिकारी अपने संयुक्त सैन्य अभ्यास को रक्षात्मक प्रकृति का बताते हैं, लेकिन उत्तर कोरिया इसे एक बड़ा सुरक्षा खतरा मानता है। 10 मार्च को इस साल के फ्रीडम शील्ड प्रशिक्षण के शुरू होने के कुछ ही घंटों बाद उत्तर कोरिया ने समुद्र में कई बैलिस्टिक मिसाइलें दागीं।

शुक्रवार को उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्रालय ने आरोप लगाया कि हाल ही में अमेरिका-दक्षिण कोरिया के बीच हुए अभ्यास में उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों को हटाने के लिए भूमिगत सुरंगों को नष्ट करने की कोशिश की गई। मंत्रालय के एक अज्ञात प्रवक्ता ने कहा कि अगर अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने फिर से इसी तरह की भड़काऊ कार्रवाई की तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे।

केसीएनए में प्रकाशित एक बयान में प्रवक्ता ने कहा, 'अमेरिका और दक्षिण कोरिया के लापरवाह सैन्य कदम, इस दिवास्वप्न से ग्रसित हैं कि वे एक परमाणु हथियार संपन्न राज्य की संप्रभुता और सुरक्षा को खतरे में डाल सकते हैं, निस्संदेह सबसे गंभीर परिणाम ला सकते हैं, जो वे नहीं चाहते हैं।'

# अमेरिका में एलन मस्क को बड़ा झटका



### अदालत ने नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सूचना जुटाने से रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिका की एक संघीय न्यायाधीश ने एलन मस्क को बड़ा झटका दिया है। इसके तहत जज ने एलन मस्क के सरकारी दक्षता विभाग को समाजिक सुरक्षा प्रशासन प्रणालियों से अस्थाई रूप से रोक दिया है।

जहां मैरीलैंड में अमेरिकी जिला न्यायाधीश एलेन हॉलैंडर ने यह निर्णय लिया कि DOGE टीम को सामाजिक सुरक्षा प्रशासन (एसएसए) प्रणालियों से अस्थायी रूप से रोक दिया जाए। बता दें कि मस्क की ये प्रणालियां लाखों अमेरिकियों का व्यक्तिगत डेटा रखती हैं।

इस आदेश के तहत, DOGE टीम को उस सभी व्यक्तिगत जानकारी को हटाने का आदेश दिया गया है जो उनके पास है। यह फैसला उस समय आया जब श्रमिक संघों और सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने इस मामले में हस्तक्षेप करते हुए एक आपातकालीन आदेश मांगा था।

# कनाडा में 23 को संसद भंग कर चुनाव की घोषणा करेंगे कार्नी?

**ओटावा।** कनाडा में मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद अब देश में आम चुनाव की तैयारियां कराई जा रही हैं। दावा किया जा रहा है कि प्रधानमंत्री कार्नी इस रविवार को संसद भंग करने और देश में आम चुनाव कराने के लिए गवर्नर जनरल मैरी साइमन से अनुरोध कर सकते हैं। बता दें कि बीते 14 मार्च को कार्नी ने पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो की जगह प्रधानमंत्री पद संभाला था।

पीएम कार्नी पर सबकी नजरें


पीएम बनने के बाद लिबरल पार्टी की कमान संभाल चुके कार्नी चुनाव की घोषणा कब करते हैं, इस पर सबकी नजरें हैं, क्योंकि पड़ोसी देश अमेरिका के साथ कनाडा के रिश्तों में तनाव पर लगातार सुर्खियों में है।

### 28 अप्रैल या 4 मई को मतदान की संभावना

गौरतलब है कि कनाडा में समयपूर्व चुनाव होना तय है और अमेरिका के साथ तल्ख रिश्तों को देखते हुए कनाडा की सरकार मजबूत जनादेश की तलाश कर रही है।

### आम चुनावों के वक्त को लेकर क्या बोले कार्नी

जब मार्क कार्नी से आम चुनाव के समय के बारे में पूछा गया तो उन्होंने साफ किया कि इस बारे में वे सबसे पहले जनरल मैरी साइमन से बात करेंगे। उन्वोंने कहा कि वर्तमान में जबकि कनाडा कई



समस्याओं से जूझ रहा है ऐसे में सरकार को एक मजबूत और स्पष्ट जनादेश की आवश्यकता है। हम देश के लिए एक सकारात्मक दृष्टिकोण, कार्रवाई पेश कर रहे हैं।

चुनाव के समय के बारे में पूछे जाने पर कार्नी ने संवाददाताओं से कहा कि गवर्नर जनरल मैरी साइमन सबसे पहले इस बारे में जानेंगी।

### ये कह रहे हैं पोल सर्वे

सीबीसी के पोल ट्रैकर के अनुसार, आम चुनाव होने की दशा में वर्तमान पीएम मार्क कार्नी दोबारा सत्ता में लौट सकते हैं।

उनके नेतृत्व वाली लिबरल पार्टी 37.7 प्रतिशत के साथ आगे चल रही है, जबकि कंजर्वेटिव 37.4 फीसदी समर्थन के साथ उनसे पीछे हैं।

कार्नी ने 14 मार्च को कनाडा के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली थी। उन्होंने तब देश की बागडोर संभाली जब कनाडा कई मोर्चों पर संकटों का सामना कर रहा था। प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद अपनी पहली टिप्पणी में, कार्नी ने कहा था कि आज, हम एक ऐसी सरकार बना रहे हैं जो इस समय की चुनौतियों का सामना कर रही है। उन्होंने बिना अमेरिका का नाम लिए अपने इरादे साफ कर दिए थे। उन्होंने कहा था कि कनाडाई लोग कार्रवाई की उम्मीद करते हैं और उनकी टीम यही करेगी।

उन्होंने कहा था कि अभी, हम एक ऐसी सरकार बना रहे हैं जो हमारे देश की सबसे ज्यादा जरूरतें पूरी करेगी। हम इस संकट के दौरान कनाडाई लोगों की रक्षा करेंगे और भविष्य के लिए एक मजबूत अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे।

### इतने दिन चलेगा चुनावी अभियान

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि अगर कार्नी रविवार को ऐसा करते हैं तो चुनाव 28 अप्रैल या 4 मई को हो सकता है। ऐसे में चुनाव अभियान 36 से 50 दिनों तक चल सकता है।

## बजट सत्र में उत्कृष्ट पत्रकार-विधायकों की घोषणा

# डॉ. राकेश पांडेय, योगेश मिश्रा, विधायक भावना बोहरा और लखेश्वर बघेल सम्मानित



रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उत्कृष्ट विधायकों और पत्रकारों के नामों की घोषणा की।

विधानसभा में प्रिंट मीडिया से दैनिक भास्कर के डॉ. राकेश पांडेय और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से सुदर्शन न्यूज के ब्यूरो हेड योगेश मिश्रा के नाम की घोषणा हुई है। वहीं, सत्ता पक्ष से पंडरिया विधायक भावना बोहरा और विपक्ष से बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के नाम का ऐलान किया गया।



उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पत्रकार और विधायकों को विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह के साथ सभी विधायकों ने बधाई दी है।

# नक्सलियों के खात्मे के बाद जवानों में उत्साह, गूंजे भारत माता के जयकारे



कांकेर (प्रतिदिन राजधानी)

जिले में सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ के बाद जवानों की वापसी पर जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। जवानों ने भारत माता के जयकारे लगाते हुए अपनी जीत का जश्न मनाया। इस अभियान में आईपीएस अधिकारी संदीप पटेल भी जवानों के साथ मौजूद रहे।

सूत्रों के अनुसार, इस मुठभेड़ में कई नक्सलियों को मार गिराया गया है। इस महत्वपूर्ण कार्रवाई के संबंध में पुलिस अधीक्षक आई के एलिसेला दोपहर 1:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे, जिसमें अभियान से जुड़े अहम खुलासे किए जाएंगे। सुरक्षा बलों की इस बड़ी सफलता से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। प्रशासन और स्थानीय जनता ने जवानों के साहस और समर्पण की सराहना की है।

# रायपुर बना छढ़ का पहला 4 स्टार शहर

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा जल ही अमृत 2.0 योजना के तहत् राज्यों द्वारा जल के कुशल पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु जल ही जीवन कार्यक्रम की शुरूआत की है। इस कार्यक्रम के तहत् भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित 11 एस.टी.पी. हेतु प्रोत्साहन राशि की प्रथम किश्त कुल राशि रू. 11.38 करोड़ दिनांक 20.03.2025 को जारी की गई।

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा निर्मित 04 एस.टी.पी. हेतु कुल राशि रू. 8.75 करोड़ प्रोत्साहन राशि के रूप में प्राप्त होनी है, जिसमें से प्रथम किश्त की राशि रू. 6.13 करोड़ दिनांक 20.03.2025 को भारत सरकार द्वारा जारी की गई। इस उपलब्धि से राजधानी रायपुर, छत्तीसगढ़ राज्य में 04 स्टार श्रेणी का दर्जा प्राप्त करने वाला पहला शहर है।

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा पर्यावरण विभाग द्वारा राजधानी परियोजना अंतर्गत ग्राम भाठागांव में राशि रू. 5.83 करोड़ की लागत से 06 एम.एल.डी. क्षमता तथा अमृत मिशन योजनांतगत ग्राम–निमोरा में 90 एम.एल.डी. क्षमता, ग्राम–कारा में 35 एम.एल.डी. क्षमता एवं





ग्राम–चंदनीडीह में 75 एम.एल.डी. क्षमता के तीन एस.टी.पी. राशि रू. 235.00 करोड़ की लागत से निर्मित किये गए हैं।

उपरोक्त सभी एस.टी.पी. का निरंतर संचालन किया जा रहा है, जिसकी जांच भारत सरकार द्वारा थर्ड पार्टी के माध्यम से करायी गई। जांच के आधार पर ग्राम–भाठागांव में संचालित एस.टी.पी. को 03 स्टार तथा ग्राम–निमोरा, ग्राम–कारा एवं ग्राम–चंदनीडीह में संचालित तीनों एस.टी.पी. को 04 स्टार रेटिंग प्राप्त हुई है।

नगर पालिक निगम, रायपुर को एस.टी.पी. के कुशल प्रबंधन तथा उनके संचालन से पुनर्चक्रण योग्य उपचारित जल के उत्पादन हेतु भारत सरकार से प्राप्त होने वाली प्रोत्साहन राशि से सभी एस.टी.पी. को उर्जा दक्ष बनाने एवं समय–समय पर हो रहे तकनीकी उन्नती के अनुरूप तैयार करने की दिशा में कार्य किया जाएगा।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रायपुर प्रवास की तैयारियों में जुटा प्रशासन




रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 मार्च को छत्तीसगढ़ दौरे पर रहेंगी, वे छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित 'विधायकों को उद्बोधन' कार्यक्रम में शामिल होंगी। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के रायपुर प्रवास की तैयारियों को लेकर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने विधानसभा परिसर का निरीक्षण किया और कार्यक्रम की तैयारियों, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंधों की विस्तार से समीक्षा की।

राष्ट्रपति भवन से जारी शेड्यूल के मुताबिक, राष्ट्रपति मुर्मू सुबह 08:30 बजे राष्ट्रपति भवन से रवाना होकर 08:45 बजे पालम हवाई अड्डा एरावइल पहुंचेंगी और 08:55 बजे पालम हवाई अड्डा से रायपुर रवाना होंगी. 10:35 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर पहुंचेंगी।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 10:45 बजे स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट रायपुर से विधानसभा के लिए रवाना होंगी और 11:05 बजे छत्तीसगढ़ विधानसभा पहुंचेंगी, जहां 11:05 से 11:15 तक का समय आरक्षित रहेगा. 11:15 से 1200 तक पौधारोपण, विधायकों के साथ ग्रुप फोटो और विधायकों को संबोधन के कार्यक्रम में शामिल होंगी।

# रायपुर एम्स की स्वास्थ्य सेवाओं में कमी पर सांसद बृजमोहन नाराज



रायपुर/दिल्ली (प्रतिदिन राजधानी)

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एम्स रायपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, मरीजों के रेफरल और अस्पताल प्रशासन की उदासीनता को लेकर गहरी नाराजगी व्यक्त की है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने लोकसभा में एम्स रायपुर में बिस्तरों की उपलब्धता, मरीजों के रेफरल, संसाधनों की बढ़ोतरी और अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर सवाल भी उठाया है।

### एम्स रायपुर में 1098 बिस्तर उपलब्ध

सांसद अग्रवाल के सवाल पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया कि, एम्स रायपुर में 33 विभागों में 1098 बिस्तर उपलब्ध हैं। यहां मई 2024 से सितंबर 2024 तक केवल 6 महीनों में ही 2546 मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया। हालांकि मरीजों का रेफरल मानक चिकित्सा प्रोटोकॉल और उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए किया जाता है।

### एम्स प्रबंधन की मनमानी पर उठाया सवाल

मंत्री ने बताया कि, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (PM-ABHIM) के तहत 150 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है। सांसद अग्रवाल ने अस्पताल प्रशासन





पर भी सवाल उठाए और कहा कि एम्स रायपुर में बिस्तरों की उपलब्धता के बावजूद मरीजों को भर्ती करने से मना किया जाता है, एम्स स्टाफ द्वारा मरीजों और उनके परिजनों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। यहां तक कि आपातकालीन वार्ड में भर्ती मरीजों को चार घंटे बाद जबरन छुट्टी दे दी जाती है।

### 'डायरेक्टर का रवैया गैर-जिम्मेदाराना'

बृजमोहन अग्रवाल ने बताया कि उन्होंने इस संबंध में एम्स अस्पताल प्रबंधन को पहले भी पत्र लिखा था, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने एम्स डायरेक्टर अशोक जिंदल की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि जब भी मैने खुद या मेरे कार्यालय से एम्स रायपुर से संपर्क करने की कोशिश की, डायरेक्टर ने कोई जवाब नहीं दिया। यह रवैया पूरी तरह से गैर–जिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा कि, हम प्रदेश के नागरिकों को उनके अधिकार से वंचित नहीं होने देंगे। एम्स रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और कार्य में लापरवाही बरतने वाले दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा।

# एंटी नक्सल ऑपरेशन में बड़ी सफलता: डिप्टी सीएम शर्मा बोले- अब बस्तर के सुदूर इलाकों तक पहुंच रहा विकास

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में गुरुवार को हुए मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 30 नक्सलियों को मार गिराया, जिसे एंटी नक्सल ऑपरेशन की बड़ी उपलब्धि बताया जा रहा है। इस सफलता को लेकर डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जहां उन्होंने ऑपरेशन की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद के कमजोर पड़ने के साथ अब बस्तर के सुदूर इलाकों को मुख्यधारा से जोड़ा जा रहा है।

### 30 नक्सली ढेर, हथियार और विस्फोटक बरामद

डिप्टी सीएम शर्मा ने कहा कि धुर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में चले सर्च ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को बड़ी सफ्लता मिली। दोनों स्थानों पर 30 नक्सली मारे गए, जो ऑपरेशन के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की मीटिंग के दौरान घेरा डालकर इस ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस दौरान कई विस्फोटक और हथियार भी बरामद किए गए।

डिप्टी सीएम ने बताया कि 25 वर्षों से बंद बीजापुर के गारपा साप्ताहिक बाजार को फिर से शुरू किया गया है। इस पहल से स्थानीय लोगों में उत्साह और विश्वास बढ़ा है। इसी तरह, अन्य कई इलाकों में भी बाजारों को फिर से प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे स्थानीय व्यापार और रोज़गार को बढ़ावा मिलेगा। सरकार ने बस्तर के सुदूर क्षेत्रों में मोबाइल टावर भी स्थापित किए हैं, जिससे संचार सुविधाएं बेहतर हो रही हैं। साथ ही, नक्सलियों के पुनर्वास के लिए एक प्रभावी नीति को मंजूरी दी गई है।

## सावधान

# फेसबुक में फेक आईडी बनाकर यौन उत्पीड़न के बढ़ रहे मामले

आर.पी. दुबे

रायपुर (प्रतिदिन राजधानी)

सोशल मीडिया में फेसबुक चैटिंग को लेकर निरंतर नई–नई आपराधिक घटनाओं की जानकारियां निकलकर सामने आ रही है। रायपुर साइबर सेल में कई प्रकार की शिकायतें दर्ज की गई है जिसमें धोखाधड़ी सहित यौन उत्पीड़न के प्रकरण दर्ज हो रहे हैं। दैनिक समाचार पत्र प्रतिदिन राजधानी के एक स्टिंग ऑपरेशन में एक ऐसा खुलासा करने जा रहे हैं जिससे सभी आम लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है, अन्यथा फेसबुक चैटिंग के जरिए आम लोग यौन उत्पीड़न के शिकार हो सकते हैं। कानून विशेषज्ञ कहते हैं अपराधों पर आईटी एक्ट की धारा 66 के तहत अपराध दर्ज कर जांच की जाती है और मामला सही पाए जाने पर अर्थ दंड से लेकर जेल की सजा का प्रावधान है

बता दे की फेसबुक अकाउंट बनाकर अधिकांश युवा चैटिंग में उलझे रहते हैं यह चैटिंग कितनी वास्तविक है यह जान लेना भी जरूरी होता है परंतु वर्तमान दौर में यह चैटिंग जानलेवा साबित हो रही है पिछले दिनों कई मामले सामने आए हैं जिसमें कई युवाओं को अपनी जान गंवानी पड़ी है आज यह कैसे प्रकरण के साथ इस सेटिंग के कारोबार को और खेल का उजागर करेंगे जो खतरनाक है दरअसल फेसबुक अकाउंट में लड़कियों के प्रोफ़ाइल बनाए गए हैं इस लड़कियों के प्रोफ़ाइल में एक तरह के

### सुडोल कद काठी के युवाओं और अधिक उम्र के व्यक्ति हो रहे शिकार

लड़के मौजूद हैं जो अपनी वास्तविकता को छुपा कर लड़कियों के अंदाज में चैटिंग करते हैं फिर लड़कों से या अधिक उम्र के व्यक्तियों से एक ऐसी मांग करते हैं जो यौन उत्पीड़न की श्रेणी में आती है। शौकीन और दोस्ती के लिए कई युवा ऐसी फेक आईडी में उलझ कर परेशान हो रहे हैं।





प्रतिदिन राजधानी के स्टिंग ऑपरेशन में फेसबुक अकाउंट में बनी लड़कियों वाली फेक आईडी को जांच की गई तो सच्चाई और कुछ निकली। इस फेक आईडी में लड़की के शक्ल में लड़के मौजूद थे जो लड़की बनकर चैटिंग कर रहे थे। हालांकि उनकी मांग अलग तरह की है जिसे खुलासा नहीं किया जा सकता परंतु इतना स्पष्ट तौर पर कहा जा सकता है कि उनकी मांग अनुचित अप्रत्याशित और नियम विरुद्ध है या कहें कि आईटीआई के तहत एक तरह का अपराध है जो हो रहा है इसे रोकने के लिए साइबर सेल के जिम्मेदार अधिकारियों को कार्रवाई करना आवश्यक है। परंतु अधिकारी कहते हैं की चर्चाएं होती हैं, शिकायत लिखित में नहीं मिल पा रही इस वजह से कार्रवाई करना मुश्किल है दरअसल इस प्रकरण में और स्टिंग ऑपरेशन में एक ऐसे युवक से मुलाकात हुई जो शारीरिक रूप से सक्षम है परंतु भावनाएं महिलाओं की है। यह जानकारी माता–पिता को नहीं है युवक महसूस करता है इसीलिए फेसबुक अकाउंट में लड़कियों की प्रोफ़ाइल बनाकर लड़कों से चैटिंग में है वास्तविकता की हद तब हो जाती है कि उक्त युवक पद और प्रतिष्ठा से एक सम्मानित पद में है। इसलिए जिक्र नहीं कर रहे हैं परंतु यह तृतीया खुलेआम हो रहे हैं और एक नहीं दर्जनों चैटिंग चल रही है। इस फेसबुक अकाउंट के कारण महिलाओं की वास्तविकता पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहा है।

वहीं दूसरी ओर इस फेक आईडी के माध्यम से महिलाओं को भी परेशानी हो रही है क्योंकि अभद्रता की शैली में मौज मस्ती पसंद युवक महिलाओं को शिकार बना रहे हैं जो वास्तविक रूप में सही आईडी होती है। धन पैसा मान सम्मान सभी कुछ गवाना पड़ रहा है। ऐसे में उन युवाओं को सतर्क करने की आवश्यकता है जो फेसबुक में दिन–रात जुटे रहते हैं। सावधान इसलिए किया जा रहा है क्योंकि एक तरह का अपराध है जो गंभीर प्रकृति के रूप में सामने आ सकता है। इसलिए ऐसे लड़कियों के शक्ल वाले लड़कों से बचने की आवश्यकता है । फेसबुक अकाउंट को संचालित करते समय और चैटिंग करते समय सावधानी बरतें क्योंकि इनकी फेक आईडी एक अजीब किस्म की होती है जिसमें पहचान कर पाना मुश्किल है बाद में बातचीत से स्पष्ट होने लगता है कि यह लड़की नहीं लड़के हैं। ऐसे में पुलिस से शिकायत कर अपनी सुरक्षा करें और मान सम्मान को बचाए रखें।

स्टिंग ऑपरेशन के तथ्यों को उजागर करते समय इस बात का ध्यान रखा जा रहा है ताकि किसी वास्तविक आईडी पर असर न पड़े परंतु इतना सत्यता के साथ कहा जा रहा है की लड़कियों की प्रोफ़ाइल में लड़के छिपे हैं जो अवांछित मांग कर रहे हैं। फेस टू फेस में और स्टिंग ऑपरेशन में **प्रतिदिन राजधानी** के संवाददाता ने इस वास्तविकता में परखा गया है केवल गोपनीयता की दृष्टि से तथ्यों को सुरक्षित रखकर यह जानकारी आम लोगों के लिए प्रस्तुत की जा रही है।

### धारा 66 के तहत कार्रवाई होती है...

क्राइम ब्रांच के एक वरिष्ठ अधिकारी ने उक्त प्रकरण पर ओपिनियन मांगी जाने पर स्पष्ट तौर पर बताया कि यह एक गंभीर अपराध है इसमें प्रतिरूपण कहा जाता है अपनी आईडी बदल कर किसी को चैटिंग करना बातचीत करना गलत है आईपीसी की धारा 66 के तहत अपराध दर्ज कर कानूनी कार्रवाई की जाती है

संजय सिंह :–डीएसपी
रायपुर क्राइम ब्रांच

दैनिक प्रतिदिन राजधानी
आम आदमी का खास अखबार
आम ईश्तहार, शपथ पत्र, खरीदी-बिक्री, नाम परिवर्तन, कोर्ट नोटिस प्रकाशन हेतु
संपर्क करे :-
9806044444
pratidincg@gmail.com
शारदा चौक, जी.ई. रोड, रायपुर
https://epaper.pratidinrajdhani.in

स्वामी एवं प्रकाशक शांतिदेवी नचरानी प्रतिदिन राजधानी, प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक रायपुर छत्तीसगढ़ के लिए मुद्रक हरीश कुमार नचरानी प्रतिदिन प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स कचहरी चौक जेल रोड रायपुर (छ.ग.) द्वारा मुद्रित एवं स्वामी शांतिदेवी नचरानी (रामचंद नचरानी एण्ड संस की कर्ता) द्वारा प्रतिदिन हाऊस जी.ई.रोड शारदा चौक से प्रकाशित। संपादक–शांतिदेवी नचरानी * कार्यकारी संपादक–हरीश नचरानी, मो.–9617598000। (किसी भी विवाद के लिए न्यायलयीन क्षेत्र रायपुर होगा।) RNI NO. CHH HIN/2001/05596 फोन नं.– 0771–2223399, मो.–6262904444